दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 179 | जयपुर | रविवार, 04 मई, 2025 | बैशाख, शुक्ल पक्ष सप्तमी संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹5.00 | पृष्ठ : 12
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## पाकिस्तान आर्मी की नापाक हरकत जारी

### लगातार नौवें दिन तोड़ा सीजफायर, सेना का मुंह तोड़ जवाब



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच में लगातार तनाव बना हुआ है। इस तनाव के बीच पाकिस्तान आर्मी हर दिन सीजफायर का उल्लंघन करके उकसावे की कार्रवाई कर रही है। शुक्रवार, शनिवार की दरमियानी रात भी पाकिस्तानी सेना की तरफ से कुपवाड़ा, उरी और अखनूर सेक्टर्स में हल्के हथियारों से गोलीबारी की गई, भारतीय सैनिकों ने भी इस हरकत का मुंह तोड़ जवाब दिया है।

इस पूरी घटना को लेकर रक्षा प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल सुनील बर्तवाल ने कहा, शुक्रवार और शनिवार की रात में पाकिस्तानी सेना ने कुपवाड़ा, उरी और अखनूर इलाकों सामने नियंत्रण रेखा पर बिना किसी उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी की। इसके अलावा 30 अप्रैल को भी पाकिस्तानी सेना ने नियंत्रण रेखा के पार नौशेरा, सुंदरबनी और अखनूर सेक्टरों के अलावा कश्मीर संभाग के बारामुल्ला और कुपवाड़ा जिलों के साथ-साथ जम्मू और सांबा जिलों के परगवाल और रामगढ़ सेक्टरों में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पार छोटे हथियारों से गोलीबारी की।

## शांति का दुश्मन है पाक, फिर से गरजे ओवैसी; बोले- एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में डाला जाए



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने शनिवार को पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए उसे एक विफल देश करार दिया, जो भारत को कभी भी शांति से नहीं रहने देगा। हैदराबाद से सांसद ओवैसी ने यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार से पहलगाम आतंकवादी हमले के मद्देनजर पड़ोसी देश के खिलाफ कड़े कदमों पर विचार करने का आग्रह किया, जिसमें आतंकवाद को प्रायोजित करने के लिए पाकिस्तान को वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ) की संदिग्ध (ग्रे) सूची में डालना शामिल है। ओवैसी ने कहा, भारत पाकिस्तान से कहीं ज्यादा ताकतवर है और हमेशा रहेगा... जो कि एक विफल राष्ट्र है। पाकिस्तान न तो अपने विभिन्न जातीय समूहों के बीच शांति सुनिश्चित कर पाया है और न ही उसके ईरान और अफगानिस्तान जैसे अन्य पड़ोसी देशों के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध हैं।

## एक ने रेप किया, फिर भी सभी को मिलेगी सजा; गैंगरेप केस में सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने गैंगरेप के एक मामले में ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए कहा है कि यदि साझा इरादा (कॉमन इंटेंशन) सिद्ध हो जाता है, तो केवल एक व्यक्ति द्वारा बलात्कार का कृत्य करने पर भी सभी शामिल व्यक्तियों को गैंगरेप के लिए दोषी ठहराया जा सकता है। न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने यह फैसला 1 मई को सुनाया। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक, पीठ ने कहा, यह स्पष्ट है कि आईपीसी की धारा 376(2)(द्द) के अंतर्गत सामूहिक बलात्कार के मामले में यदि सभी ने साझा मंशा के तहत कृत्य किया हो, तो एक आरोपी द्वारा किया गया कृत्य ही सभी को दंडित करने के लिए पर्याप्त है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि इस धारा के तहत, यदि एक से अधिक व्यक्तियों ने साझा इरादे के साथ अपराध में भाग लिया, तो यह साबित करने की आवश्यकता नहीं है कि प्रत्येक व्यक्ति ने बलात्कार का कृत्य किया।

# आतंकियों के मददगार को नहीं छोड़ेंगे : मोदी

## कहा : मोदी ने आतंकवादियों के पनाहगारों को दी कड़ी चेतावनी

बढ़ता राजस्थान


**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को एक बार फिर आतंकवादियों के पनाहगारों को कड़ी चेतावनी दी है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत आतंकवाद और इसका समर्थन करने वालों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आगे कहा कि आतंकवाद के खिलाफ हम पूरी तरह एकजुट हैं। मैं पहलगाम आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों के प्रति सहानुभूति जताने के लिए राष्ट्रपति लौरेंको और अंगोला के लोगों के प्रति आभार व्यक्त करता हूं।

### अंगोला के राष्ट्रपति से की मुलाकात

बता दें कि शनिवार को पीएम नरेंद्र मोदी ने हैदराबाद हाउस में अंगोला के राष्ट्रपति जोआओ मैनुअल गोंकाल्वेस लौरेंको से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय बैठक भी हुई।

### 38 साल बाद हो रही अंगोला के राष्ट्रपति की भारत यात्रा

संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि 38 साल बाद अंगोला के राष्ट्रपति की भारत यात्रा हो रही है। उनकी इस यात्रा से न केवल भारत-अंगोला संबंधों को नई दिशा और गति मिल रही है बल्कि भारत और अफ्रीकी साझेदारी को भी बल मिल रहा है।



### पहलगाम में 26 लोगों की हुई मौत

बता दें कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकियों ने पर्यटकों पर गोलियां चलाई। इस हमले में 26 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। इस हमले की 'लश्कर-ए-तैयबा' से जुड़े 'टीआरएफ' ने इस हमले की जिम्मेदारी ली थी।

### भारत ने उठाए सख्त कदम

पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान पर कई सख्त कदम उठाए है। 23 अप्रैल को पीएम मोदी की अध्यक्षता में सीसीएस की बैठक हुई। इस बैठक में भारत ने सिंधु जल संधि को निलंबित करने सहित कई निर्णय लिए गए।





### पीएम ने आतंकवाद के खिलाफ जारी की चेतावनी

वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आतंकवाद के खिलाफ सख्त चेतावनी जारी की। पीएम मोदी ने कहा कि हम हर आतंकवादी और उसके समर्थकों की पहचान करेंगे, उनका पता लगाएंगे और उन्हें दंडित करेंगे। हम उन्हें धरती के अंत तक खदेड़ेंगे।

# प्रदेश में अंधड़, बारिश के साथ ओले गिरे

## सीकर-नागौर में ओलावृष्टि; जयपुर में ढाई घंटे में 10 डिग्री तक गिरा पारा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में शनिवार दोपहर बाद अचानक मौसम बदल गया। जयपुर समेत कई जिलों में अंधड़ के साथ बारिश हुई। सीकर-नागौर में ओले गिरे। मौसम विभाग ने 4 मई को 12 जिलों में बरसात का अलर्ट जारी किया है। मौसम के इस बदलाव के बाद कई शहरों में तापमान गिरा और लोगों को गर्मी से राहत मिली। कोटा, बारां, झालावाड़, अजमेर में भी दोपहर बाद आंधी चली और बादल छाने के बाद कुछ जगहों पर बूंदाबांदी हुई।

### जयपुर में आंधी-बारिश के बाद पारा 10 डिग्री तक गिरा

जयपुर में दोपहर बाद मौसम में हुए बदलाव से तापमान में 10 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट हुई। ऑटोमैटिक वेदर सिस्टम की रिपोर्ट देखें तो जयपुर में दोपहर ढाई बजे तक तापमान 35 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था, लेकिन शाम 4:30 बजे तक पारा लुढ़ककर 25.7 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। जयपुर में धूलभरी आंधी चलने के बाद कई जगह गरज-चमक के साथ हल्की बारिश हुई।



पिछले 24 घंटे का मौसम देखें तो 2 मई को जयपुर, अलवर, भरतपुर, दौसा, झुंझुनूं समेत अन्य पूर्वी जिलों में सुबह-सुबह आंधी चली और बादल छाए। दिन में भी इन शहरों के अलावा उत्तरी जिलों में हवा चली, लेकिन गर्मी कम रही। 2 मई को दिन में सबसे कम गर्मी पिलानी में रही, जहां अधिकतम तापमान 31.5 डिग्री सेल्सियस तक ही पहुंचा था।

पिलानी के अलावा हनुमानगढ़ में भी गर्मी से लोगों को बहुत राहत रही। यहां अधिकतम तापमान 31.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। झुंझुनूं में 33.9, धौलपुर में 34.9, गंगानगर में 34.8, अलवर में 32.5, अजमेर में 36.9, सीकर में 37.5 चूरू में 36.2, करौली में 35.4 और दौसा में 35.4 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ। जयपुर में 2 मई को अधिकतम तापमान गिरकर 35.5 सेल्सियस पर दर्ज हुआ।

## जयपुर-चंडीगढ़ फ्लाइट के दोनों इंजन थोड़ी देर के लिए फेल

### पायलट ने सूझबूझ से प्लेन को सुरक्षित लैंड करवाया, डीजीसीए ने दिए जांच के आदेश




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर से चंडीगढ़ जाने वाली इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट 6ई-7742 शुक्रवार को लैंडिंग से पहले ही अचानक खराब हो गई। चंडीगढ़ पहुंचने से महज कुछ देर पहले ही फ्लाइट के दोनों इंजन ने कुछ समय के लिए काम करना बंद कर दिया था। टाइम्स ऑफ इंडिया के मुताबिक ऑटो इग्निशन सिस्टम ने दोनों इंजन को तुरंत चालू कर दिया और तब जाकर विमान की लैंडिंग कराई गई। डीजीसीए ने इस पूरे मामले की जांच के आदेश दिए हैं। जानकारी के मुताबिक इंजन में इंधन जलना (फ्लेम आउट) बंद हो गया था। दरअसल, जयपुर एयरपोर्ट से चंडीगढ़ जाने वाली इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट 6ई-7742 ने शुक्रवार सुबह 5.50 बजे अपने तय वक्त पर उड़ान भरी थी। इसे लगभग एक घंटे 10 मिनट बाद सुबह 7 बजे चंडीगढ़ पहुंचना था, लेकिन लैंडिंग से लगभग 15 मिनट पहले फ्लाइट के एक इंजन में अचानक फ्लेम आउट (इंजन जलना बंद) की समस्या हो गई।

# गोवा के शिरगांव में भगदड़, 7 की मौत, 50 घायल

## बिजली तार गिरने से हादसा, एक-दूसरे पर गिरे लोग; 20 की हालत गंभीर, पीएम ने जताया दुख

बढ़ता राजस्थान

**बिचोलिम।** गोवा के शिरगांव में श्री लैराई जात्रा (यात्रा) के दौरान शुक्रवार रात मची भगदड़ में 7 लोगों की मौत हो गई। जानकारी शनिवार सुबह आई है। हादसे में 50 से ज्यादा लोग घायल हैं, जिनमें 20 गंभीर हैं। राहत-बचाव कार्य जारी है।

मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। शुक्रवार शाम को बड़ी संख्या में श्रद्धालु जात्रा में शामिल होने मंदिर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान एक दुकान के सामने बिजली के तार से करंट लगने के बाद कुछ लोग गिर गए। तभी अफरा-तफरी हुई और भगदड़ मच गई। क्राउड मैनेजमेंट के पर्याप्त इंतजाम नहीं होने की



वजह से हादसा हुआ। मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं। श्री लैराई जात्रा नॉर्थ गोवा के बिचोलिम तालुका के शिरगांव गांव में आयोजित होने वाला हिंदू धार्मिक उत्सव है। जात्रा हर साल अप्रैल या मई में होती है। इसमें गोवा, महाराष्ट्र और कर्नाटक से हजारों श्रद्धालु आते हैं। जात्रा 2 मई की शाम से 3 मई की सुबह तक आयोजित की गई थी। इसी दौरान हादसा हुआ।

# जयपुर में प्रदीप मिश्रा ने तीसरे दिन ही रोकी कथा

## 7 मई तक चलनी थी, कथावाचक बोले- हमें समर्थन नहीं मिला; यूपी प्रशासन ने पूरा सहयोग किया था

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर के विद्याधर नगर स्टेडियम में चल रही प्रदीप मिश्रा की कथा तीसरे दिन ही समाप्त हो गई। शनिवार को कथावाचक प्रदीप मिश्रा ने मंच से इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा- इससे बड़ी कथा हमने यूपी में की थी, वहां का प्रशासन पूरी तरह सहयोगी था, लेकिन जयपुर में हमें ऐसा समर्थन नहीं मिला। 1 मई को को शुरू हुई कथा 7 मई तक चलनी थी। आयोजन समिति के सचिव अनिल संत ने बताया- पुलिस ने आयोजन में सहयोग करने की बजाय लगातार अड़चनें खड़ी कीं। हमारी ओर से पूरी व्यवस्थाएं थीं, लेकिन पुलिस ने जगह-जगह बैरिकेडिंग कर रास्ते बंद कर दिए थे। यहां तक कि पुलिस ने अपने लोगों को कथास्थल पर आगे की पंक्तियों में बैठा दिया। हमारे स्वयंसेवकों को अंदर नहीं जाने दिया।



**बाहर का पहनावा राजस्थान में न लाएं बेटियां-** कथा के पहले दिन 1 मई को प्रदीप मिश्रा ने कहा था- मैं आज राजस्थान की भूमि पर जयपुर से अपनी बेटियों को कहना चाहूंगा कि आप पहनावे का बहुत ध्यान रखें। आप कितने भी बड़े और विकासशील हो जाएं। आप बाहर की सभ्यता और बाहर का पहनावा राजस्थान में मत लेकर आना।

**लड़कियों की नाभि ढकी रहेगी, सुरक्षा बनी रहेगी-** कथा के दूसरे दिन प्रदीप मिश्रा ने कहा था- अगर तुलसी के पौधे की जड़ दिखने लगे तो वह पौधा मर जाता है।




सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

# बिजयनगर पुलिस ने बिल्डिंग मटेरियल की दुकान में हुई चोरी का किया खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** जिला पुलिस अधीक्षक ब्यावर के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं वृत्ताधिकारी वृत्त मसूदा के निकट पर्यवेक्षण में, थानाधिकारी पुलिस थाना बिजयनगर मय टीम द्वारा बिल्डिंग मटेरियल की दुकान में हुई चोरी की वारदात का पर्दाफाश कर दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 30 अप्रैल 2025 को प्रार्थी निलेश आगीवाल (माहेश्वरी), निवासी बापू बाजार बिजयनगर, ने थाने में उपस्थित होकर रिपोर्ट दी कि उसकी प्राज्ञ स्कूल के पास स्थित बिल्डिंग मटेरियल की दुकान में 29 अप्रैल की रात लगभग 8 बजे दो अज्ञात व्यक्ति पीछे की दीवार फांदकर घुसे और नल, टूटी, मीटर आदि सामान चोरी कर ले गए। प्रार्थी ने यह भी बताया कि इससे पहले भी लगातार दो-तीन दिन से दुकान से सामान चोरी हो रहा है। प्रकरण दर्ज कर पुलिस द्वारा विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने घटना स्थल व आसपास के क्षेत्र में गहन पूछताछ एवं आसूचना संकलन के आधार पर दो संदिग्धों को डिटेन किया। गहन पूछताछ में दोनों आरोपियों ने चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान कन्हैया लाल उर्फ गोलमाल पुत्र गोपाल (उम्र 19 वर्ष) निवासी नटराज टॉकीज के पास, राजनगर, बिजयनगर तथा सूरज सिंह पुत्र रामेश्वरलाल दरोगा (उम्र 20 वर्ष) निवासी नाड़ी मोहल्ला, गुलाबपुरा, थाना गुलाबपुरा, जिला भीलवाड़ा के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी गया संपूर्ण माल जिसमें नल, टूटी व मीटर आदि शामिल हैं, बरामद कर लिया है। बरामद सामान की कुल कीमत करीब 1 लाख रुपये आंकी गई है। इस कार्यवाही को स्थानीय पुलिस की बड़ी सफलता माना जा रहा है।

## शहर के भू-व्यवसायी शान्तिलाल मेहता चैक अनादरण में दोषी करार

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर।** स्थानीय एनआई न्यायालय ने शहर के नामचीन भू-व्यवसायी शान्तिलाल मेहता को प्रिया मेहता पत्नी गिरीश मेहता के मामलें में चैक अनादरण का दोषी करार दिया है। उल्लेखनीय है कि डॉ. प्रिया मेहता पत्नी गिरीश मेहता शान्तिलाल मेहता ने 15 लाख 35 हजार रूपयें उधार लेकर अदायगी हेतु चैक दिया जो अपर्याप्त राशि के चलते अनादरित हो गया। जिस पर डॉ. प्रिया मेहता ने एनआई न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किया। जिसके सम्पूर्ण विचारण के पश्चात माननीय न्यायालय विशिष्ठ न्यायाधीश एनआई-8 ने शान्तिलाल मेहता को धारा 138 के तहत दोषी करार देते हुए 1 वर्ष के कारावास व 17 लाख के हर्जाने की राशि से दंडित किया है। अदम अदायगी हर्जाना में 1 माह का साधारण करावास और भुगतना होगा।

## शहर के भू-व्यवसायी शान्तिलाल चैक अनादरण में दोषी करार

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर।** स्थानीय एनआई न्यायालय ने शहर के नामचीन भू-व्यवसायी शान्तिलाल पिता कन्हैयालाल को प्रिया मेहता पत्नी गिरीश मेहता के मामलें में चैक अनादरण का दोषी करार दिया है। उल्लेखनीय है कि डॉ. प्रिया मेहता पत्नी गिरीश मेहता शान्तिलाल ने 15 लाख 35 हजार रूपयें उधार लेकर अदायगी हेतु चैक दिया जो अपर्याप्त राशि के चलते अनादरित हो गया। जिस पर डॉ. प्रिया मेहता ने एनआई न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किया। जिसके सम्पूर्ण विचारण के पश्चात माननीय न्यायालय विशिष्ठ न्यायाधीश एनआई-8 ने शान्तिलाल को धारा 138 के तहत दोषी करार देते हुए 1 वर्ष के कारावास व 17 लाख के हर्जाने की राशि से दंडित किया है। अदम अदायगी हर्जाना में 1 माह का साधारण करावास और भुगतना होगा।

## शहर के नामचीन भू-व्यवायी शान्तिलाला मेहता चैक अनादरण में दोषी करार

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर।** स्थानीय एनआई न्यायालय ने शहर के नामचीन भू-व्यवसायी शान्तिलाल मेहता को प्रिया मेहता पत्नी गिरीश मेहता के मामलें में चैक अनादरण का दोषी करार दिया है। उल्लेखनीय है कि डॉ. प्रिया मेहता पत्नी गिरीश मेहता शान्तिलाल मेहता ने 15 लाख 35 हजार रूपयें उधार लेकर अदायगी हेतु चैक दिया जो अपर्याप्त राशि के चलते अनादरित हो गया। जिस पर डॉ. प्रिया मेहता ने एनआई न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किया। जिसके सम्पूर्ण विचारण के पश्चात माननीय न्यायालय विशिष्ठ न्यायाधीश एनआई-8 ने शान्तिलाल मेहता को धारा 138 के तहत दोषी करार देते हुए 1 वर्ष के कारावास व 17 लाख के हर्जाने की राशि से दंडित किया है।

# 42 दिवसीय ग्रीष्मकालीन संगीत, योगा, नृत्य, नाट्य प्रशिक्षण शिविर प्रारम्भ

बढ़ता राजस्थान




**उदयपुर।** कलाकेन्द्र उदयपुर द्वारा हिरणमगरी से. 4 स्थित महावीर जैन विद्यालय संस्थान में आज से 15 जून तक चलने वाले 42 दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर का शुभारम्भ हुआ। महावीर जैन विद्यालय संस्थान के निदेशक डॉ. हिम्मत लाल वया द्वारा दीप प्रज्जवलन कर शुभारम्भ किया गया। डॉ. वया ने बताया कि शिविर में बालक-बालिकाओं को शिक्षा के साथ अपने शारिरीक विकास के लिये ऐसे शिविरों में बालक-बालिकाओं को अथवा बड़ों को भी भाग लेकर समय के सदुपयोग के साथ शारिरीक स्वच्छता व मानसिकता विकास से जुड़ना चाहिये। इसमें बालकों में संस्कार, अनुशासन, ज्ञान समन्वय विकास होता है। प्रशिक्षका अरूणा चौहान व प्रशिक्षक जॉन परमार ने बताया कि शिविर में फिटनेस (योगा) एरोबिक्स व जूम्बा, वजन घटाने हेतु योगा, योगा से अपने मन, शरीर, आत्मा की शुद्धिकरण, पीठ की मांसपेशियों को मजबूत करना, मोटापा कम करना, इसमें अपने इन्द्रियों पर बेहतर नियंत्रण करनें का प्रशिक्षण दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि शिविर में फिल्मी, राजस्थानी, क्लासिकल, बॉलीवुड, हिप-हॉप, गरबा, कंटेम्परारी, फ्रीस्टाईल में प्रशिक्षण देने के साथ ही संगीत संध्या के गीत, पारिवारिक समारोह, स्कूल-कॉलेज समारोह, नृत्य में प्रतियोगिताओं की तैयारी के प्रशिक्षण दिये जायेगें। शिविर में योगा प्रात: 7 से साढ़े 8 बजें तक व नृत्य साढ़े 9 से 11बजे तक व सायंकालीन 4 बजे से 8 बजे तक रहेगा। प्रत्येक रविवार को प्रात:7 बजे से 8:30 बजे तक सभी आयु वर्ग के महिला-पुरूष, बालक-बालिकाओं को नि:शुल्क योगा का विशेष प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षणार्थी स्वयं अपने साथ बैठने की चट्टाई लाने की सलाह दी गई। शिविर समापन पर सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जायेगा। अन्त में कार्यक्रम का समापन धन्यवाद अरूणा चौहान ने किया।

# अरविन्द जारोली हिमालय परिवार के प्रदेश महामंत्री मनोनीत

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर।** हिमालय परिवार के राष्ट्रीय संयोजक एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य माननीय इंद्रेश कुमार जी की अनुशंसा पर राष्ट्रीय महामंत्री दिलबाग सिंह व भूपेंद्र कंसल ने अरविन्द जारोली उदयपुर को हिमालय परिवार का राजस्थान प्रदेश महामंत्री मनोनीत किया है। राष्ट्रीय महामंत्री दिलबाग सिंह जसरोटिया ने बताया हिमालय परिवार देश की समर्पित क्षेत्र की यात्राओं के माध्यम से एक दूसरे की संस्कृति का आदान-प्रदान करना हिमालय की संस्कृति और जीवन शैली को समझना व देश के अन्य क्षेत्रों की संस्कृति और जीवन को वहां तक पहुंचाना साथ ही हिमालय परिवार की कल्पना थी कि सिंधु पर पूरा देश एकत्र हो देश भर से श्रद्धालु आए और अपनी संस्कृति विचार आपस में वितरण करें और एक जटिल अनोखे रेगिस्तान को समीप से देखें और महसूस करें तथा राष्ट्रीय सुरक्षा व राष्ट्रहित के अनेक उद्देश्यों को लेकर हिमालय परिवार देश भर में कार्य कर रहा है। राष्ट्रीय महामंत्री भूपेंद्र कंसल ने बताया जारोली 2016 से हिमालय परिवार के जिला व प्रदेश के दायित्वों पर कार्य कर चुके हैं जारोली भारतीय जनता पार्टी के 34 वर्षों से सक्रिय सदस्य हैं वे वार्ड मंडल व जिला स्तर पर पदाधिकारी रहे हैं साथ ही नगर निगम उदयपुर में दो बार वार्ड पार्षद रहकर राजस्व समिति के अध्यक्ष का दायित्व भी निभाया है जारोली जैन कॉन्फ्रेंस राजस्थान के उपाध्यक्ष, भारतीय जैन सघठना के प्रदेश मंत्री भी रहै है, बड़ीसाड़ी जैन मित्र मंडल उदयपुर के लगातार सात वर्षों से अध्यक्ष हैं अनेक सामाजिक संगठनों से जुड़ा है।

# पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के जन्मदिन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने की गौसेवा

### गोशाला में गायों को हरा चारा और गुड़ खिलाया



बढ़ता राजस्थान

**साहवा ( कृष्ण कुमार )।** कस्बे में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का जन्मदिन विशेष तरीके से मनाया। शनिवार को जन्मदिन के मौके पर बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता गौशाला पहुंचे,जहां उन्होंने बेसहारा गायों को हरा चारा और गुड़ खिलाकर गो सेवा की। गौशाला में जन्मदिन मनाते हुए पूर्व मुख्यमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु जीवन की मंगल कामना की है। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कस्बे की पुरानी गौशाला के प्रांगण में विकलांग, अँधी, बेसहारा गोवंश को 3 क्विंटल 51 किलो हरी सब्जी तथा 51 किलो गुड़ खिलाकर गौ सेवा करते हुए राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का जन्मदिन सादगी पूर्ण तरीके से मनाया । साहवा कांग्रेस मंडल प्रवक्ता शौकीन खान ने कहा कि राजस्थान के जननायक अशोक गहलोत का गौ माता के प्रति गहरा लगाव रहा। उन्होंने अपने मुख्यमंत्री काल में गोपालन विभाग की स्थापना करने के साथ गौशालाओं को न केवल आर्थिक सहयोग प्रदान किया बल्कि गोवंश के संवर्धन और संरक्षण के लिए तथा गोपालकों के कल्याण के लिए कई योजनाएं संचालित की थी ।

जिसमें लम्पी बीमारी पर प्रभावी नियंत्रण तथा पशुधन के लिए 40 हजार का बीमा कवर शामिल हैं। इस दौरान साहवा कांग्रेस के अलीशेर खां कुम्हार, शिव नारायण मुंदलिय, साहवा कांग्रेस पंचायत अध्यक्ष रोहिताष सैनी,दारासिंह सोनी, कन्हैयालाल सैनी, किशन आसेरी, हुक्मीचंद बेरवाल, भैराराम सांडेला, राजेंद्र सैनी, शौकीन खान कुम्हार, मगाराम बेरवाल, इन्द्र कुमार बामणिया सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### नर्सिंग ऑफिसर भर्ती 2018 का स्नेह मिलन कार्यक्रम

# स्नेह मिलन में खूब लगाए ठुमके, स्नेह मिलन मे राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय उपलब्धियां पाने वाले को किया सम्मानित





बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर।** नर्सिंग ऑफिसर भर्ती 2018 का राज्य स्तरीय स्नेह मिलन कार्यक्रम चतुर बाग उदयपुर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम संयोजक सुरेंद्र सोलंकी एवं अरविंद बैरागी ने बताया कि मुख्य अतिथि सत्यवीर सिंह तंवर एवं नरेश पूर्बिया, पुनीत आमेटा थे। मुख्य अतिथि एवं सभी नर्सिंग ऑफीसरों को पगड़ी पहनाकर, स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। स्नेह मिलन कार्यक्रम में राजस्थान से कोने-कोने से नर्सिंग ऑफिसर आए और कार्यक्रम में भाग लिया। कई वक्ताओं ने बताया इस भर्ती में हमारे साथियों ने काफी संघर्ष किया। कई धरने प्रदर्शन किया। हड़ताल की जिसके परिणाम स्वरूप हमें सफलता मिली। कार्यक्रम में एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। महिला एवं पुरुषों ने डीजे पर जमके ठुमके लगाए।

सभी ने अपना पारिवारिक परिचय देते हुए अपनी उपलब्धियां को सभी के अवगत करवाया। कार्यक्रम का संचालन कृतिका दवे एवं सुरेंद्र खटीक ने किया। राष्ट्रीय स्तर पर कृतिका दवे एवं पुनीत आमेटा तथा राज्य स्तरीय विशिष्ट उपलब्धियां के लिए अरविंद बैरागी, सुरेन्द्र सिंह सौलकी, योगेश पारासर, सावरेश कार्पेटर, पुखराज खटीक, मुकेश वेद, जितेंद्र बल्ला, पृथ्वी राज सिंह, हरिश कीर को अतिथियों द्वारा पंगडी पहनाकर, स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की व्यवस्था जितेंद्र जैन, भोम सिंह मीणा, संदीप भाकर, ओम प्रकाश अहीर, रेनू चौधरी, सुमन लता मीणा, राकेश सामोता, राजेश चौधरी, अभिलाषा खोईवाल, मनीष शर्मा ने सम्भाल रखीं थी।

# हिंडौन से गाजे-बाजे से रवाना हुई श्यारौली के भैरवधाम की पदयात्रा

बढ़ता राजस्थान



**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** भैरवधाम भक्त मंडल के तत्वाधान में श्यारौली के भैरवधाम के लिए शनिवार को बस स्टैंड के पास स्थित मंदिर से पदयात्रा रवाना हुई। इसमें काफी संख्या में धर्मप्रेमी महिला-पुरुष शामिल हुए।

भैरवनाथ भक्त मंडल कि विनोद बागरेनियां, दिनेश सोनी, मदनमोहन आदि ने बताया कि भैरवनाथ भक्त मंडल के तत्वाधान में भैरवनाथ की शनिवार को सुबह छठ की बड़ी जात को भैरवनाथ की शोभा यात्रा व पदयात्रा बस स्टैंड स्थित बटुक भैरवनाथ मंदिर से डीजे के साथ रवाना हुई। कटकड की नदी के पास पद यात्रियों को अल्पाहार कराया गया। शाम को श्यारौली स्थित भैरवनाथ धाम पर फूलबगंला की झांकी व छप्पन भोग का कार्यक्रम आयोजित हुआ। सभी भक्तों को महा आरती के बाद प्रसादी वितरण की। इस दौरान विनोद बागरेनिया, दिनेश सोनी, मदनमोहन, गोपाल लाल, राजेंद्र कुमार, सुल्तान सिंह, कन्हैया लाल, रज्जी बागरेनिया, संजय सहित काफी संख्या में मौजूद रहे।

# बाबा कबीरूद्दीन शाह की मजार पर चादर पोशी

### सूफी संतों की मजार पर चादर चढ़ाना सांप्रदायिक सौहार्द और धार्मिक सहिष्णुता का प्रतीक: मुजिफ खान

बढ़ता राजस्थान



**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** हिंदू मुस्लिम भाईचारे का प्रतिक सूफी संत हजरत मौलाना बाबा कबीरूद्दीन शाह का 69 वां उर्स शुक्रवार को प्रागपुरा कस्बे में बड़े धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ आयोजित हुआ। इस मौके पर अल्पसंख्यक मोर्चा के वरिष्ठ सदस्य वसिम लुहार ने अपनी टीम के साथ चादरपोशी की और विराटनगर विधानसभा क्षेत्र एवं मुल्क में अमन के लिए दुआ की। पूर्व महासचिव दीपिका स्वामी ने भी हाजिरी लगाते हुए खुदा की ईबादत में सर झुकाकर प्रार्थना की, देश में गंगा जमुनी तहजीब कायम रहे और हिंदू-मुस्लिम भाईचारा बना रहे। वहीं कार्यक्रम में विराटनगर डीएसपी शिप्रा राजावत की ओर से भी कबीरूद्दीन शाह की मजार के लिए चादर सुपुर्द की गई। अल्पसंख्यक मोर्चा सदस्य मुजिफ खान ने कहा कि डीएसपी शिप्रा राजावत व दीपिका स्वामी का कार्य सांप्रदायिक सौहार्द और धार्मिक सहिष्णुता का प्रतीक है। सूफी संतों की मजार पर चादर चढ़ाना एक पारंपरिक और सांस्कृतिक प्रथा है, जो विभिन्न समुदायों के बीच एकता और प्रेम की भावना को दर्शाती है। राजावत व स्वामी का यह कार्य समाज में सकारात्मक संदेश देने वाला है। उर्स में गुस्ल, कुरान ख्वानी, फातेहा, लंगर, चादर पोशी, व खानकाही कव्वालियो का आयोजन किया गया। इस दौरान समाज सेवी अजय सैनी, पूर्व वार्ड पंच राजेन्द्र स्वामी, हैदर अली, इमरान खान, गुलाम हुसैन, उमराव जाट, नाजिम कोटपुतली, बिलाल लुहार, आसिफ लुहार, जियाउल हक दाऊद खान, मुमताज लुहार, इकबाल लुहार, रुस्तम लुहार, सोहिल खान, मोइनुद्दीन, फजान खान, राजेन्द्र यादव, गगन पटवा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## प्रतिभावान विद्यार्थियों का किया सम्मान

बढ़ता राजस्थान

साहवा (कृष्ण कुमार)। कस्बे के निकटवर्ती गाँव दुलेरी के राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय में आयोजित अखिल भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में अव्वल रहने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। शनिवार को राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय दुलेरी में आयोजित सम्मान समारोह में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में शानदार अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को शाला स्टाफ द्वारा प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ तथा अभिभावकों ने भाग लिया तथा बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक सुभाष पचार, भंवरलाल शर्मा, वृक्षमित्र लक्ष्मी नारायण उपाध्याय, प्रभारी अनिता सहारण, ओमवीर वर्मा, विद्या तेतरवाल, संजू, सरोज फगेडिया, प्रेम कंवर, कृष्णा कंवर, लिछमा कंवर आदि शामिल थे।

## कुत्ते का पीछा करते हुए लेपर्ड शीशराम के घर के एक कमरे में घुसा वन विभाग की टीम ने किया रेस्क्यू

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** सूरौठ थाना क्षेत्र में स्थित कोटापुरा गांव में शुक्रवार रात एक लेपर्ड ने दहशत फैला दी। कुत्ते का पीछा करते हुए लेपर्ड शीशराम के घर के एक कमरे में घुस गया। घटना रात करीब 10 बजे की है। कुत्ता तो कमरे से निकल गया, लेकिन लेपर्ड वहीं फंस गया। मौके पर मौजूद एक अग्निवीर सैनिक की सूझबूझ से लेपर्ड को कमरे में ही रोक लिया गया। उन्होंने तुरंत कमरे के गेट पर चारपाई लगाकर उसे अंदर बंद कर दिया।सूचना मिलते ही सूरौठ थाना प्रभारी महेश चंद मीना पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे। साथ ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने सफल रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद लेपर्ड को पिंजरे में बंद किया।

# अवैध मिलावटी पेट्रोलियम विक्रय का भंडाफोड़ 311 लीटर पदार्थ जब्त, एफआईआर दर्ज



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** जिला रसद विभाग ने आज रायपुर टोल नाके के पास एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध मिलावटी पेट्रोलियम पदार्थ के विक्रय का भंडाफोड़ किया। एक मोबाइल रिटेल आउटलेट के रूप में संचालित वाहन से कुल 311 लीटर संदिग्ध पेट्रोलियम पदार्थ बरामद किया गया।जांच में खुलासा हुआ कि यह अवैध कार्यवाही जितेन्द्र बनगा, निवासी भोपालगढ़, जिला जोधपुर द्वारा की जा रही थी। आरोपी ने आरजे 07 जीबी 0075 नंबर के ट्रक पर नोजल मशीन और डिस्पेंसिंग यूनिट लगाकर इसे चलित पेट्रोल पंप का रूप दे रखा था। यह पदार्थ हुक चालकों को 72 प्रति लीटर की दर से बेचा जा रहा था।वाहन का पंजीकृत स्वामी त्रिलोक चन्द्र (पुत्र दुर्गा बाल), ग्राम गांगवा, तहसील परबतसर बताया गया है। पूछताछ के दौरान आरोपी कोई वैध दस्तावेज अथवा स्रोत प्रस्तुत नहीं कर सका।पैट्रोलियम पदार्थ की प्राथमिक जांच में इसे मिलावटी डीजल की श्रेणी का पाया गया, जिसके सैंपल आगे की जांच के लिए एफएसएल (स्नस्रु) भेजे जा रहे हैं। संपूर्ण सामग्री और वाहन को पुलिस थाना रायपुर की सुपुर्दगी में दिया गया है। जांच के दौरान संचालकों के पास किसी भी विभाग की अनिवार्य एनओसी, अनुज्ञा पत्र अथवा अन्य अनुमति नहीं पाई गई। यह कार्य न केवल मानव जीवन के लिए खतरा है, बल्कि पर्यावरण को क्षति पहुँचाने तथा राजस्व हानि का कारण भी है।उक्त प्रकरण में जितेन्द्र बनगा, वाहन मालिक त्रिलोक चन्द्र एवं अन्य संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अंतर्गत पुलिस थाना रायपुर में एफआईआर दर्ज की गई है।इस कार्रवाई में जिला रसद अधिकारी अब्दुल सादिक एवं प्रवर्तन अधिकारी सोहन सिंह चौहान की विशेष भूमिका रही।

# जयपुर में कैलिफोर्निया फैशन वीक में सजी सांस्कृतिक और फैशन की अनूठी झलक

## देश की नई पीढ़ी के उभरते डिजाइनर्स को मिला कलिफोर्निया फैशन वीक का मंच

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** गुलाबी नगर जयपुर में एक शानदार आयोजन 'कलिफोर्निया रनवे फैशन वीक' के पहले सीजन का आगाज़ हुआ। जिसमें राजस्थान की सांस्कृतिक विरासत और फैशन की आधुनिकता का अद्वितीय संगम देखने को मिला। फैशन इंडस्ट्री में उभरते, यांग और क्रिएटिव टैलेंटस ने इस शो में अपने परिधानों में इन्द्रधनुष के रंगों के समागम से इस आयोजन को बहुत ही यूनिक बना दिया। आयोजक, अनमोल सिंह और मानसी गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम में कई विशेष अतिथि भी मौजूद रहे, जिनमें पूजा मक्कड़, डॉ. गोविंद सिंह, जीतेंद्र डागर और अनूप चौधरी शामिल थे।

शो में उभरते डिजाइनर्स जीत ठाकुर, अस्मि अंतिल, फरमान खान, आलोक अग्रवाल, बख्श अली, विष्णु पी.एम. और जयपुर के रोशन शर्मा ने अपनी रचनाओं को पेश किया। जिसमें आधुनिक शहरी स्टाइल, वेस्टर्न, इंडियन, ट्रेडिशनल, इंडो-वेस्टर्न से लेकर पारंपरिक शादियों के कलेक्शन तक सब कुछ शामिल था। शो का निर्देशन मनोज सोनी और हर्ष गौतम ने किया व जयपुर वेडिंग स्टोर के रोशन शर्मा




और हेमंत लालवानी इस शो के प्रत्युतकर्ता रहे। शो में जितेश धवन ने बैकस्टेज की जिम्मेदारियां संभाली और फोटोग्राफी अश्विन व्यास और अक्की ने संभाली। कार्यक्रम में वंशिका चंदेल ने शो स्टॉपर के रूप में मंच पर अपनी शानदार उपस्थिति दर्ज की। उनके साथ ज़रा शेख, मोनिका स्वामी और मीनाक्षी ने सुपर मॉडल्स के रूप में रैंप पर जलवा बिखेरा। कार्यक्रम में भाग लेने वाली प्रमुख मॉडल्स में शिल्पी सिंह, हरजीत कौर, खुशी चाहर, कीर्ति थापा, प्राप्ति शेरावत, पलक शर्मा, स्वीटी चौधरी, रिदम त्यागी, आयुषी, क्रिस्टीना, और ज्योति यादव रहीं। इन सभी ने अपनी खूबसूरत से डिज़ाइनरों की पोशाकों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस सीजन का एक खास आकर्षण, ब्रांड एम्बेसडर निया चौहान थी, उनकी भागीदारी ने इस आयोजन को और भी खास बना दिया, जो नई पीढ़ी के डिजाइनर्स और फैशन प्रेमियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। कैलिफोर्निया रनवे फैशन वीक इस बार सिर्फ फैशन का जश्न नहीं, बल्कि नए टैलेंट को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण कदम है।



## कन्हैयालाल हत्याकांड को पर्दे पर लाने की साहसिक पहल

# जल्द आ रही है द ज्ञानवापी फाइल्स ए टेलर मर्डर स्टोरी

### 27 जून को 4 हजार 500 स्क्रीन्स पर होगी रिलीज होगी फिल्म

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** आगामी 27 जून 2025 को रिलीज़ होने जा रही बहुचर्चित फीचर फिल्म 'द ज्ञानवापी फाइल्स - ए टेलर मर्डर स्टोरी'। इस फिल्म के निर्माता अमित जानी और निर्देशक भारत एस. श्रीनेत की मौजूदगी में फिल्म की कहानी, शोध, और सामाजिक संदेश को लेकर बताया कि यह फिल्म राजस्थान के उदयपुर में दर्जी कन्हैयालाल की निर्मम हत्या पर आधारित है। एक ऐसा कांड जिसने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया था। इस फिल्म में न केवल उस घटना को यथार्थ रूप में प्रस्तुत किया गया है, बल्कि इसके पीछे की मानसिकता, व्यवस्था की भूमिका और समाज के मौन को भी प्रभावशाली रूप से चित्रित किया गया है।

**जाने माने और सशक्त कलाकारों ने निभाई है फिल्म में अहम भूमिका :** फिल्म में विजय राज, प्रीति झंगियानी, रजनीश दुग्गल, कांची सिंह, मुश्ताक खान राकेश बिश्नोई , पुनीत वशिष्ठ, कमलेश सावंत, एहसान खान, संदीप बोस, मनोज बक्शी, आधी यादव जैसे सशक्त कलाकारों ने महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई हैं। यह फिल्म 27 जून 2025 को रिलायंस एंटरटेनमेंट द्वारा विश्व भर में (भारत, यूके, यूएस, दुबई) 4500 स्क्रीन्स पर रिलीज की जाएगी।

**जाने-माने गायकों की दमदार आवाज़ में सजे हैं 'द ज्ञानवापी फाइल्स' के गीत :** इस फिल्म के संगीत में भारत के प्रसिद्ध और चर्चित गायकों जैसे कैलाश खेर, पलक मुंचाल, अली कुली मिर्ज़ा, नंदिनी श्रीकर, प्रतिभा कुमारी, दिव्य कुमार और सौरभ शाह यादव ने अपनी आवाज़ का जादू बिखेरा है।हर गीत न केवल कहानी को आगे बढ़ाता है, बल्कि दर्शकों को भीतर तक झकझोरने वाला भावनात्मक अनुभव भी देता है। इस आयोजन की सबसे मार्मिक घड़ी तब आई जब कन्हैयालाल जी की धर्मपत्नी और दोनों पुत्रों ने मीडिया के समक्ष अपने दिल की बात कही। उन्होंने फिल्म के माध्यम से न्याय की मांग को और मज़बूती से दोहराया और कहा कि यह फिल्म सिर्फ एक कहानी नहीं, हमारे दर्द की आवाज़ है।

### फिल्म नहीं, समाज के लिए एक दस्तावेज है 'द ज्ञानवापी फाइल्स'

निर्माता अमित जानी ने कहा, यह फिल्म केवल एक मर्डर केस को नहीं दिखाती, यह समाज की आंखें खोलने वाली दस्तावेज़ है। निर्देशक भारत एस. श्रीनेत ने जोड़ा, हमने कोशिश की है कि सच्चाई को बिना डर और दबाव के सामने लाया जाए। 'द ज्ञानवापी फाइल्स - ए टेलर मर्डर स्टोरी' केवल फिल्म नहीं, एक संवेदनशील प्रयास है उस चुप्पी को तोड़ने का जो किसी निर्दोष की हत्या के बाद भी समाज में गूंज नहीं बन पाई।

# एआईटीडब्ल्यूपीएफ फेडरेशन कप का आगाज विभिन्न राज्यों से आए खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

## टूर्नामेंट के विजेता खिलाड़ी आगामी एशियाई चैंपियनशिप में भारत का करेंगे प्रतिनिधित्व




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** ऑल इंडिया ट्रेडिशनल रेसलिंग और पेनिट्रेशन फेडरेशन कप का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह में कई प्रमुख राजनेता, प्रशासनिक अधिकारी और भामाशाह उपस्थित रहे। जिन्होंने टूर्नामेंट में पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों में डॉक्टर महेश शर्मा (अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष, विकसित भारत संकल्प संस्थान), डॉक्टर हारून खान (प्रदेश अध्यक्ष, अल्पसंख्यक अधिकारी कर्मचारी महासंघ, राजस्थान), सतीश तिवारी, विजेंद्र कुमार (उपाध्यक्ष, गुजरात वाईएफएन ), देव पाराशर, प्रशांत शर्मा, और नेशनल फेडरेशन के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट सीए तंबोली शामिल रहे। इसके अतिरिक्त, भारत के सभी राज्यों से आए स्टेट रिप्रेजेंटेटिव्स ने भी कार्यक्रम में शिरकत की।

रयान इंटरनेशनल स्कूल की ओर से अतिथियों का स्वागत वेलकम सॉन्ग, डांस परफॉर्मेंस और म्यूजिक प्रस्तुतियों के माध्यम से किया गया। जिसे सभी अतिथियों ने सराहा और रयान टीम की प्रशंसा की। मुख्य अतिथियों ने फाइट शुरू करवा कर टूर्नामेंट का विधिवत शुभारंभ किया। पहले दिन राजस्थान, हरियाणा और मेघालय के खिलाड़ियों का दबदबा देखने को मिला।

राजस्थान फेडरेशन के अध्यक्ष हिम्मत स्वामी और सेक्रेटरी आमिर खान ने जानकारी दी कि टूर्नामेंट में 4 मई तक प्रतिदिन विभिन्न इवेंट्स और वेट कैटेगरी के मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। भारत के विभिन्न राज्यों से आए खिलाड़ी अपने दमखम का प्रदर्शन करेंगे। इस टूर्नामेंट के विजेता खिलाड़ी आगामी एशियाई चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# फोर्टी में सुनील अग्रवाल यूथ और नीलम मित्तल की वुमन विंग अध्यक्ष पद पर नियुक्ति

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** फेडरेशन ऑफ राजस्थान ट्रेड एंड इंडस्ट्री ( फोर्टी) फोर्टी ने अपनी यूथ विंग के नेतृत्व की जिम्मेदारी सुनील अग्रवाल और वुमन विंग की जिम्?मेदारी नीलम मित्तल को सोंपी है। फोर्टी अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल और संरक्षक सुरजाराम मील दोनों के नामों की घोषणा करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी है। ने यूथ विंग में सुनील अग्रवाल को लगातार दूसरी बार अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वुमन विंग के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी नीलम मित्तल को सोंपी गई है। नीलम मित्तल इससे पहले प्रदेश इकाई में उपाध्यक्ष का पदभार संभाल रही थी।




नीलम मित्तल की कंपनी मॉड्यूलर फर्नीचर, इंटीरियर और मेडिकल एंड हेल्थ सेक्टर में काम करती हैं। कोरोनाकाल में इनकी टीम ने पीडित रोगियों और उनके परिवारों की मदद के लिए विशेष अभियान चलाया, जिसे खूब सराहना मिली। नीलम मित्तल ने बताया कि वुमन विंग की अध्यक्ष के तौर पर प्रदेश में महिला उद्यमिता प्रोत्साहन के लिए पूरे तीन साल की कार्ययोजना तैयार की गई है। जिसकी प्रत्येक साल में समीक्षा की जाएगी।

इस दौरान पूरे प्रदेश में फोर्टी वुमन विंग की शाखाओं का विस्तार किया जाएगा। सुनील अग्रवाल मेडिकल एंड हेल्थ सेक्टर में प्रदेश के प्रमुख युवा उद्यमी हैं। इनकी कंपनी का नेटवर्क देश के 5 राज्यों में फैला हुआ है। व्यापार के साथ सामाजिक सरोकार में भी सुनील आगे रहते हैं। फोर्टी यूथ विंग के पिछले कार्यकाल में शानदार नेतृत्व क्षमता को देखते हुए, अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल ने एक फिर से यूथ विंग का नेतृत्व सुनील अग्रवाल को सौंपा है। सुनील अग्रवाल का कहना हे कि जल्दी ही यूथ विंग की नई कार्यकारिणी की घोषणा करेंगे। फोर्टी यूथ विंग पूरे प्रदेश के युवा उद्यमियों की आवाज बनकर उभरेगा। सरकार के साथ मिलकर प्रदेश के युवाओं को उद्यमिता के लिए प्रोत्साहित कर रोजगार ग्राही की जगह रोजगार प्रदाता बनाया जाएगा।

# डॉ. ओपी टांक ने विवाह समारोह में निभाए सामाजिक सरोकार



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( बाबू अंसारी )।** भाजपा कच्ची बस्ती प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष एवं राजस्थान कच्ची बस्ती महासंघ के संस्थापक वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. ओपी टांक अपनी टीम के साथ शहर के विभिन्न विवाह समारोह में पहुंचे तथा कन्यादान कर सामाजिक सरोकार निभाएं। ज्योति नगर स्थित कठपुतली नगर में राजू भाट तथा राम भरोसी खटीक के यहां पहुंचकर नवविहिताओं को आशीर्वाद देकर एवं कन्यादान की रस्म अदायगी कर सामाजिक सरोकार निभाएं। डॉ. टांक के साथ कठपुतली नगर विकास समिति के उपाध्यक्ष अशोक शर्मा, अरूण गोगलिया, विनोद भाट सहित टीम के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# जयपुर से रवाना हुए हाजी, शहरवासियों ने किया इस्तकबाल

## हज यात्रा पर रवाना होने वाले हाजियों के लिए दुआओं का दौर, आदर्श नगर और खो नागोरियाँ क्षेत्र से कई हाजी हुए शामिल

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर, ( बाबू अंसारी )।** हज यात्रा पर रवाना होने वाले जयपुर के हाजियों का शहरवासियों ने गर्मजोशी से इस्तकबाल किया। रवाना होने से पहले आयोजित एक सादे समारोह में लोगों ने हाजियों को गुलपोशी कर दुआओं के साथ विदा किया।

हाजियों की सलामती और हज के सफर में आसानी की दुआ की गई। इस मौके पर आदर्श नगर निवासी हाजी मोहम्मद रफीक और हजिन रईसा बेगम, खो नागोरियाँ निवासी हाजी सिराज ख़ान और हजिन जुमरत बेगम, हाजी अली शेर व हजिन बानो को लोगों ने शुभकामनाओं के साथ रवाना किया। परिवारजनों और मोहल्लेवासियों ने कहा कि हाजी अल्लाह से मुल्क और कौम की तरक्की के लिए दुआ करें। रवाना होने से पहले हाजियों ने बताया कि वे हज को एक बहुत बड़ी नेमत मानते हैं और अल्लाह का शुक्र अदा करते हैं कि उन्हें यह अवसर मिला।

# तेज अंधड़ एवं बारिश से हुआ नुकसान

बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा ( नि.स )।** कस्बे एवं आस-पास क्षेत्र में शनिवार को दोपहर बाद एकाएक मौसम बदलने से आये तेज अंधड़ एवं बारिश से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया। साथ ही विधुत सप्लाई भी काफी समय तक बाधित रही। बारिश से मौसम सुहावना हो गया। साथ ही लोगों को गर्मी से राहत मिली। तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। तेज अंधड़ एवं बारिश के कारण नरेना के भरतोलाव में स्थित कई पोलिया हाऊस में काफी नुकसान हो गया।



# आज जयपुर के 90 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी एनईईटी-2025

## - 36 हजार से अधिक परीक्षार्थी पंजीकृत, जिला प्रशासन ने पूरी की तैयारियां, जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को दिये सख्त निर्देश

### - परीक्षा की सुचिता एवं पारदर्शिता के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त, राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों के उपयोग की रोकथाम) अधिनियम के तहत होगी कड़ी कार्रवाई

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी, नई दिल्ली द्वारा रविवार को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा, एनईईटी-2025 का आयोजन किया जाएगा। जयपुर शहर के 90 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होने वाली परीक्षा में कुल 36 हजार 24 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं।

जयपुर जिला प्रशासन ने परीक्षा के आयोजन को लेकर समस्त तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी स्वयं परीक्षा की तैयारियों की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक (दिव्यांगजनों के लिए दोपहर 2 बजे से सायं 6 बजे तक) आयोजित होने वाली परीक्षा के सफल आयोजन के लिए 6 शहर समन्वयक एवं 90 केन्द्र अधीक्षकों की नियुक्ति की गई है।

जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी अधिकारियों को राष्ट्रीय स्तर की इस परीक्षा के आयोजन में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने की सख्त हिदायत दी है साथ ही, नकल एवं पेपर लीक को रोकने के लिए संभव प्रयास सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया है।

जिला परीक्षा संचालन समिति के नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर (पूर्व) श्री गोपाल सिंह शेखावत ने बताया कि परीक्षा के आयोजन के दौरान पेपर लीक एवं नकल सहित अन्य प्रकार की विधि विरुद्ध गतिविधियों में संलिप्त आरोपियों के खिलाफ राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों के उपयोग की रोकथाम) अधिनियम के कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

पुलिस अधिकारियों को भर्ती परीक्षा में किसी भी प्रकार की नकल अथवा अनियमितता की सूचना पर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई को अंजाम देते हुए परीक्षा का आयोजन पूर्ण सुचिता एवं पारदर्शिता के साथ सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश प्रदान किये गए। पुलिस सहित सभी सुरक्षा एजेंसियां इस दौरान सतर्क एवं मुस्तैद रहेगी एवं परीक्षा का सफल एवं सुचितापूर्ण आयोजन सुनिश्चित करेंगी।

राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों के उपयोग की रोकथाम) अधिनियम के यह हैं प्रावधान राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम के अध्युपाय) अधिनियम-2022 (2022 का अधिनियम संख्याक 6) एवं संशोधन अधिनियम 2023 (2023 का अधि. संख्याक-17) की धारा 10 (1) के अन्तर्गत 3 वर्ष का कारावास और एक लाख रुपये का जुर्माना से दंडित किया जाएगा, जुर्माना नहीं होने पर 9 माह के कारावास से दण्डित किया जाएगा। इसी तरह धारा 10 (2) के अन्तर्गत 10 वर्ष का कारावास जो आजीवन कारावास तक का हो सकेगा और जुर्माना 10 लाख रूपये जो 10 करोड़ तक का हो सकेगा से दण्डित किया जाएगा, जुर्माना नहीं देने पर 5 वर्ष का कारावास और हो सकेगा। इस प्रकार के संगीन अपराध करने पर दोषी व्यक्तियों की सम्पत्ति की कुर्की और अधिहरण भी किया जा सकेगा।

**परीक्षा के दौरान गाइडलाइन की करनी होगी पालना, यह रहेगी प्रक्रिया :** गाइडलाइन के मुताबिक पहले परीक्षा के एडमिट कार्ड कम सेल्फ डिक्लेरेशन अंडरटेकिंग को अच्छे से कंप्लीट करना होगा। इसमें परीक्षार्थी को फोटो (जैसा आवेदन पत्र में अपलोड किया गया) लगाना होगा। परीक्षार्थी अपना एक पोस्टकार्ड साइज फोटो एडमिट कार्ड के साथ संलग्न कर निर्धारित प्रारूप में चिपका कर परीक्षा केंद्र पर साथ लेकर आएं। इसके अलावा एक समानांतर पासपोर्ट साइज फोटो भी जरूरी है, जो कि अटेंडेंस शीट पर लगाने के काम आएगी। परीक्षार्थी को साइन परीक्षक के सामने ही करने होंगे। बाएं हाथ के अंगूठे का इंप्रेशन घर से लगाकर लाना होगा। आधार कार्ड की ओरिजिनल अपडेटेड कॉपी साथ लानी होगी।

आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, वोटर कार्ड अथवा 12 वीं क्लास का प्रवेश पत्र, जिसमें अभ्यर्थी की फोटो आ रही हो, इनमें से कोई सी भी एक आईडी साथ लानी है। फोटो कॉपी मान्य नहीं होगी। परीक्षार्थी को पेन भी सेंटर पर ही दिया जाएगा। परीक्षार्थी हल्के रंग ड्रेस कर ही आएं। ट्राउजर या पैंट, जिसमें मेटल बटन नहीं हो व हाफ शर्ट या टी-शर्ट पहन सकते हैं। छात्राएं सलवार कुर्ता, लैगिंग, पैंट या ट्राउजर, टी-शर्ट व कुर्ती पहन सकती हैं। किसी में भी मेटल के बटन नहीं होने चाहिए।

हाई हील की सैंडल व जूते वर्जित हैं, नॉर्मल स्लीपर्स या सामान्य जूते पहन सकते हैं। परीक्षा के दौरान आभूषण या मेटल की चीजें जैसे ताबीज, घड़ी, कड़ा पहनकर नहीं आना है। साथ ही परीक्षा में केलकुलेटर, मोबाइल फोन, घड़ी, ब्लूटूथ डिवाइस ले जाना वर्जित है। एडमिट कार्ड, पोस्टकार्ड साइज फोटो के लिए निर्धारित प्रारूप व ओरिजनल आईडी कार्ड के अलावा कोई कागज नहीं ले जाया जा सकता।

## सम्पादकीय

# पाकिस्तानी सेना है आतंक की जड़, बड़ी कार्रवाई जरूरी

भारत में आतंकी घटनाएं पिछले लगभग 40-45 वर्षों से हो रही हैं, परंतु इनमें कुछ घटनाएं इतनी गंभीर रहीं कि उन्होंने तत्कालीन इतिहास को एक नया मोड़ दे दिया। बीते कुछ दशकों की घटनाओं पर दृष्टि डालें तो कुछ आतंकी हमले बहुत आहत करने वाले रहे। इनमें पहली घटना दिसंबर 2001 को हुई, जब जैश आतंकियों ने भारतीय संसद पर हमला किया। इस घटना को लेकर भारत में प्रबल आक्रोश पैदा हुआ। तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा कि अब आर-पार की लड़ाई होगी। भारतीय सेना को 'आपरेशन पराक्रम' के अंतर्गत पाकिस्तान पर हमले की तैयारी का निर्देश दिया गया, परंतु कुछ कारणों विशेषकर अंतरराष्ट्रीय दबाव के चलते राजनीतिक नेतृत्व उस फैसले से पीछे हट गया। लेफ्टिनेंट जनरल एचएस पनाग के अनुसार वह ऐसा अवसर था जब भारतीय सेना हर दृष्टि से पाकिस्तान को हराने में सक्षम थी, परंतु हम मौका चूक गए। दूसरी बड़ी आतंकी घटना तब हुई, जब लश्कर ए तैयबा के आतंकियों ने नवंबर, 2008 को देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में एक साथ कई स्थानों पर हमले किए। समुद्र के रास्ते शहर में घुसे आतंकियों ने 166 लोगों को मार दिया। इस हमले में 300 से ज्यादा लोग घायल हुए। यह भारत पर सबसे बड़ा आतंकी हमला था। दुर्भाग्य कहिए या तत्कालीन संप्रग सरकार की कमजोरी, इस भीषण आतंकी हमले का कोई जवाब नहीं दिया गया। आंतरिक सुरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए जरूर कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए। जैसे नेशनल सिक्योरिटी गार्ड-एनएसजी की इकाइयों को मुंबई, कोलकाता, चेन्नई और हैदराबाद में भी स्थापित किया गया। नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी यानी एनआइए का गठन किया गया। मल्टी एजेंसी सेंटर की स्थापना हुई और तटीय सुरक्षा योजना बनाई गई, जिसके अंतर्गत समुद्री मार्गों को सुरक्षित किया गया। इसके उपरांत सितंबर 2016 में उड़ी में पाकिस्तानी आतंकियों के हमले में सेना के 18 जवानों ने अपनी जान गंवाई। इसके जवाब में गुलाम कश्मीर में सर्जिकल स्ट्राइक की गई। फिर फरवरी 2019 को पुलवामा में भीषण आतंकी वारदात हुई। यहां विस्फोटक से भरी एक गाड़ी से सीआरपीएफ के काफिले पर ऐसी टक्कर मारी गई कि 40 जवान बलिदान हुएद्ध इस पर भारतीय वायुसेना ने जवाबी कार्रवाई करते हुए बालाकोट में आतंकियों के ठिकानों पर बमबारी की, जिसमें तमाम आतंकी मारे गए।

पहलगाम की घटना इसी कड़ी में एक और बेहद बर्बर घटना है। पहलगाम में आतंकियों ने 26 पर्यटकों की हत्या कर दी। पर्यटकों से उनका नाम और मजहब पूछा गया और यह सुनिश्चित करने के बाद कि वे मुसलमान नहीं, उनकी हत्या की गई। ऐसा पहली बार हुआ। इस घटना से आक्रोश भी हुआ और हैरानी भी। हैरानी इसलिए, क्योंकि दिल्ली और श्रीनगर से जो सरकारी बयान आते थे, उनसे ऐसा लगता था कि हालात सामान्य हो रहे हैं। उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने 25 फरवरी 2025 को कहा था कि आतंकी संगठनों में स्थानीय लड़कों की भर्ती अब शून्य हो गई है। एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार घाटी में केवल 59 आतंकी सक्रिय हैं। यह भी बताया गया कि 2024 में 75 आतंकियों का उन्मूलन किया गया। ऐसा प्रतीत होता है कि सतह के नीचे आतंक-अलगाव की लहर चल रही थी, जिसका आकलन खुफिया विभाग नहीं कर पाया। सुरक्षा व्यवस्था में कुछ कमजोरी अवश्य थी, जिसके बारे में आवश्यक जांच हो रही है। प्रारंभिक जांच में 15 स्थानीय लोगों का हाथ इस आतंकी हमले में पाया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने चेतावनी दी कि आतंकियों की पहचान की जाएगी और उनके साथ उन्हें भेजने वालों को दंडित किया जाएगा और इसके लिए धरती के हर कोने तक उनका पीछा किया जाएगा। उन्होंने साफ कहा कि दोषियों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा मिलकर रहेगी और आतंकियों की बचीखुची जमीन को मिट्टी में मिलाया जाएगा।

## आज का इतिहास — बढ़ता राजस्थान

### 4 मई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ


- पोप एलेक्जेंडर षष्ठम ने 1493 में अमेरिका महाद्वीप को पुर्तगाल और स्पेन के बीच बांटा।
- पेरिस में खुलने और बन्द होने वाली पहली छतरी 1715 में बनाई गई।
- अमेरिकी कला एवं विज्ञान अकादमी की स्थापना 1780 में हुई।
- नीदरलैंड और ब्रिटेन ने 1818 में गैरकानूनी दास व्यापार के खिलाफ समझौता किया।
- अमेरिकी प्रांत मिशिगन में मृत्युदंड को 1846 में खत्म किया गया।
- भारत का पहला डाक टिकट आधिकारिक रूप से 1854 में जारी हुआ।
- ओपेरा थियेटर में टॉमस एल्वा एडीसन ने अपने आविष्कार फ़ोनोग्राफ़ का सार्वजनिक प्रदर्शन 1878 में किया था।
- लंदन में डेली मेल समाचार पत्र का पहला संस्करण 1896 में प्रकाशित हुआ।
- अमेरीका में फ़िल्म कला अकादमी (मोशन पिक्चर आर्ट्स एकेडेमी) की स्थापना 1927 में की गई थी, जिसने 'ऑस्कर' पुरस्कार देने शुरू किए।
- अतातुर्क मुस्तफा कमाल पाशा तुर्की के राष्ट्रपति 1931 में बने।
- जर्मनी की सेना ने नीदरलैंड, डेनमार्क और नार्वे मे आत्मसमर्पण 1945 में किया।
- पहला ग्रेमी अवॉर्ड्स 1959 को आयोजित हुआ।
- 'द किड' और 'ग्रेट डिक्टेटर' जैसी मूक फिल्मों के स्टार चार्ली चैपलिन को बकिंघम पैलेस में नाइट की उपाधि 1975 को प्रदान की गई।
- श्रीमती मार्गरेट थैचर ब्रिटेन की पहली महिला प्रधानमंत्री 1979 में बनीं।
- कोल माइंस डे की घोषणा 1980 में हुई।
- जिम्बाब्वे के राष्ट्रपति नेता रॉबर्ट मुगाबे ने 1980 में चुनाव में भारी जीत हासिल की और प्रथम अश्वेत राष्ट्रपति बने।
- चीन ने 1983 को परमाणु परीक्षण किया।
- अमेरिका का पहला बैंक नेशनल हिस्टोरिक लैंडमार्क नाम से सूचीबद्ध 1987 मे हुआ।
- अमेरिकी अंतरिक्ष यान एफटीएस-30 का प्रक्षेपण 1989 में हुआ।
- काहिरा में इस्रायल एवं फ़िलिस्तीनी नेताओं द्वारा फ़िलिस्तीनी स्वायत्तता से संबंधित ऐतिहासिक समझौते पर 1994 को हस्ताक्षर हुये।
- भूमिगत बारूदी सुरंगों के उत्पादन पर प्रतिबंध लगाने के लिए ओटावा संधि के सभी हस्ताक्षरकर्ता देशों की पहली बैठक मापूतो (मोजाम्बिक) 1999 में शुरू हुई।
- मैक्सिको की अन्ना गुएवेरा ने 2003 में 35.30 सेकेण्ड का समय लेकर ग्रांप्री मीटर की 300 मीटर दौड़ में विश्व रिकार्ड बनाया।

### 4 मई को जन्मे व्यक्ति

- प्रसिद्ध कवि तथा कर्नाटक संगीत के संगीतज्ञ त्यागराज का जन्म 1767 में हुआ।

## विशेष आलेख

# क्या है पंजाब और हरियाणा के बीच विवाद का मामला ?


अशोक भाटिया

**बीबीएमबी के चेयरमैन मनोज त्रिपाठी की अध्यक्षता में बुधवार (30 अप्रैल) को हुई मैराथन बैठक में पांच सदस्य राज्यों में से भाजपा शासित हरियाणा, राजस्थान और दिल्ली ने हरियाणा को पानी छोड़ने के पक्ष में मतदान किया। पंजाब अलग-थलग पड़ गया, क्योंकि कांग्रेस शासित हिमाचल प्रदेश ने किसी भी पक्ष में मतदान नहीं करने का फैसला किया। भाखड़ा-नांगल बांधों को अक्सर एक ही बांध माना जाता है, लेकिन वे दोनों अलग-अलग बांध हैं। भाखड़ा बांध हिमाचल प्रदेश में है, जबकि नांगल पंजाब में है। हालांकि, वे एक ही नदी परियोजना के पूरक भाग हैं।**

पंजाब और हरियाणा के बीच पानी को लेकर ताजा टकराव चल रहा है यह विवाद तब पैदा हुआ जब हरियाणा ने 23 अप्रैल को एक बैठक के दौरान भाखड़ा बांध से 8500 क्यूसेक पानी मांगा। हरियाणा को फिलहाल रोजाना 4000 क्यूसेक पानी मिल रहा है, लेकिन अब उसने 8500 क्यूसेक पानी मांगा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि उन्होंने बाद में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान को फोन करके हरियाणा की पेयजल जरूरतों का हवाला दिया। हालांकि, मान ने कहा कि पहले से ही जल संकट से जूझ रहे पंजाब के पास एक बूंद भी पानी नहीं है। यह तनाव भाखड़ा नांगल बांध से पानी की आपूर्ति में हालिया कटौती को लेकर बढ़ गया है। इस पानी विवाद के संघर्ष की जड़ें 1966 से हैं, जब हरियाणा को पंजाब से अलग करके बनाया गया था। पुनर्गठन के हिस्से के रूप में हरियाणा को रावी और ब्यास नदियों के पानी का हिस्सा देने का वादा किया गया था, जो मुख्य रूप से पंजाब से होकर बहती थीं। इसे लागू करने के लिए पंजाब के क्षेत्र से हरियाणा के हिस्से का पानी ले जाने के लिए स्ङ्करु नहर की परिकल्पना की गई थी। यह विवाद अब दो राज्यों के बीच राजनीतिक दोषारोपण के खेल में बदल गया है, जहां प्रतिद्वंद्वी दलों का शासन है। हरियाणा की भाजपा सरकार ने आम आदमी पार्टी पर जल राष्ट्रवाद को बढ़ावा देकर पंजाब में शासन की विफलताओं को दूर करने का आरोप लगाया है। स्थिति यह है कि हरियाणा के साथ बढ़ते जल बंटवारे के विवाद के बीच पंजाब सरकार ने नांगल बांध पर सुरक्षा बढ़ा दी है। 3 दिनों से चल रही इस लड़ाई के बीच दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्रालय की पंजाब, हरियाणा, हिमाचल और राजस्थान के अधिकारियों से बैठक हुई है, जिसमें पानी को लेकर विवाद के बाद की स्थिति को लेकर चर्चा की गई। लेकिन, अब तक स्थिति साफ नहीं हो पाई है। जबकि, एक दिन पहले भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड ने हरियाणा के लिए 8500 क्यूसेक पानी छोड़ने का आदेश दिया था, जिसका पंजाब सरकार ने कड़ा विरोध किया था।

पंजाब का दावा है कि हर लेखा वर्ष की शुरुआत में बीबीएमबी प्रत्येक भागीदार राज्य का जल हिस्सा निर्धारित करता है। चालू वर्ष के लिए इसने पंजाब को 5 ।512 मिलियन एकड़-फुट (एमएएफ), हरियाणा को 2.987 एमएएफ और राजस्थान को 3.318 एमएएफ आवंटित किया। इस आवंटन के विरुद्ध हरियाणा ने पहले ही 3.110 एमएएफ यानी अपने हिस्से का 104 प्रतिशत वापस ले लिया है। हरियाणा का तर्क है कि उसे पीने के लिए पानी की जरूरत है, खासकर हिसार, सिरसा और फतेहाबाद जिलों में, जहां पानी की भारी कमी है। पंजाब ने कहा है कि बर्फबारी के मौसम में कम बर्फबारी के कारण पोंग और रंजीत सागर बांधों में जल स्तर औसत से कम है। भगवंत मान ने कहा कि पोंग बांध का जल स्तर पिछले साल की तुलना में 31.87 फीट कम है, जबकि रंजीत सागर बांध 16.90 फीट कम है। भाखड़ा बांध में यह पिछले साल की तुलना में 12 फीट कम है। उन्होंने कहा कि जब से आप ने सत्ता संभाली है, राज्य ने भूजल भंडारों पर दबाव कम करने के लिए सिंचाई के लिए नहर के पानी को प्राथमिकता दी है। एक अंग्रेजी अख़बार के अनुसार, पंजाब के जाने-माने जल विशेषज्ञ एएस डुलेट ने कहा कि हरियाणा को पीने के लिए पानी की आपूर्ति करने में फिलहाल कोई समस्या नहीं है। उन्होंने कहा, %ऐसी समस्याएं आम हैं। समायोजन किया जा सकता है। अगर हरियाणा की आबादी को पीने के पानी की जरूरत है तो उसे मुहैया कराया जा सकता है, खासकर तब जब पंजाब को इस समय अतिरिक्त पानी की जरूरत नहीं है।% उन्होंने आगे कहा, %पंजाब को 24-25 मई के आसपास अधिक पानी की जरूरत होगी, जब किसान 1 जून से धान की रोपाई शुरू करेंगे। एकमात्र शर्त यह है कि प्रत्येक राज्य का कोटा अपरिवर्तित रहना चाहिए। अगर हरियाणा को अभी अतिरिक्त पानी दिया जाता है तो पंजाब को बाद में इसकी भरपाई की जानी चाहिए। प्रवाह को समायोजित किया जा सकता है। लेकिन, एक राज्य के हिस्से से दूसरे राज्य को अतिरिक्त पानी देना गलत होगा। पंजाब अब अतिरिक्त पानी छोड़े जाने के खिलाफ कानूनी विकल्प तलाश रहा है। एक अधिकारी ने कहा, यह स्थिति ऐसी है, जब पानी जबरन दिया जा रहा है। हम इसका समाधान खोजने पर काम कर रहे हैं। राज्य सरकार दृढ़ है। वह एक बूंद भी पानी को नदी के पार नहीं जाने देगी।% इस विवादास्पद कदम का बचाव करते हुए सीएम मान कहना है कि पंजाब खुद जल संकट का सामना कर रहा है। उन्होंने बताया कि पंजाब का वार्षिक जल लेखा-जोखा हर साल 21 मई से शुरू होता है और इस बात पर जोर दिया कि हरियाणा ने चालू चक्र के लिए अपना आवंटन पहले ही इस्तेमाल कर लिया है। मान ने क्षेत्र को पानी की आपूर्ति करने वाले प्रमुख जलाशयों की गंभीर स्थिति पर भी जोर डाला है। उनके अनुसार, रंजीत सागर बांध पिछले साल के स्तर से 39 फीट नीचे है, जबकि पोंग बांध 24 फीट नीचे है। पंजाब में पानी की कमी की गंभीरता को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा, हमारे पास एक भी अतिरिक्त बूंद नहीं है। हालांकि, हरियाणा सरकार इस स्पष्टीकरण को स्वीकार नहीं कर रही है क्योंकि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मान की टिप्पणियों पर कड़ी प्रतिक्रिया

# पहलगाम से आगे दुश्चिंताएँ और भी है अभी कौमी एकता के इम्तिहान और भी हैं


अनिल कुमार वार्ष्णेय , अलवर

**हाल ही में कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुआ आतंकी हमला सम्पूर्ण राष्ट्र को झकझोर गया है। यह साधारण आतंक की घटना नहीं थी बल्कि धार्मिक आधार पर एक सुनियोजित जनसंहार था। इसी कालखंड में देश में सांप्रदायिक, धार्मिक विभेद पर आधारित कई घटनाएँ ऐसी भी घट रही हैं जिनमें हिंसा अधिक नहीं तो उतनी ही वीभत्स.भयावह, पीड़ित उतने ही निरीह,निर्दोष हैं। फिर भी दोनों घटनाओं की प्रतिक्रिया और पश्चप्रभाव में जमीन आसमान का अंतर दिखा।**

**मुर्शिदाबाद और देश के अन्य भागों में धार्मिक हिंसा** :मुर्शिदाबाद में वक्फ संशोधन विधेयक 2025 के कथित विरोध में भड़की हिंसा से एक पीड़ादायक अध्याय खुला है। हिंसक भीड़ के डर से अनेक हिन्दू परिवारों को गाँव छोड़कर पलायन करना पड़ा है। यह एक ऐसी त्रासदी है जिसे हम 1947 के विभाजन के समय और 1990 के दशक में कश्मीर में देख चुके हैं। विडम्बना यह है कि उस पीड़ा को भुला चुके नागरिकों को अब अपने ही देश में अपने ही घरों से अपनी सुरक्षा के लिए भागना पड़ रहा है। मुर्शिदाबाद ;पश्चिम बंगाल के उपरोक्त घटनाक्रम के अलावा हज़ारीबाग ;झारखंड, नूंह ;हरियाणा, बरेली ;उत्तर प्रदेश, बस्तर ;छत्तीसगढ़ जैसे अनेक स्थानों पर विगत समय में धार्मिक तनाव की पृष्ठभूमि में भयावह लोमहर्षक घटनाएं घटींकृधार्मिक जुलूसों पर पथराव, मूर्तियों और मंदिरों को नुकसान, दुकानों में आगजनी, लूट, अपहरण,बलात्कार और हत्या जैसे अपराध सामने आए। यह सूची सुदीर्घ हो सकती है, सूची परिपूर्ण प्रस्तुत करना यहाँ वांछनीय नहीं है।

**स्पर्धा नहीं पहलगाम या मुर्शिदाबाद** : पीड़ा मौत चाहे स्वभाविक हो दुर्घटना में हो प्राकृतिक प्रकोप से हो या आतंकवाद से सब्र कर लेता है इंसानय क्योंकि जीवन अविरल है। परंतु मुर्शिदाबाद जैसी घटनाओं से पीड़ित आजीवन भोगी गई त्रासदी की सलीब से नीचे नहीं उतर पाता ।

प्रभाव पहलगाम की त्रासदी का देश में प्रबल विरोध है राहत है कि राजनीतिक रूप से भी मतभेद गोण हो गए हैं,अपराधी स्पष्ट चिन्हित है,देर सवेर प्रतिकार और न्याय होने की आशा है। परंतु मुर्शिदाबाद और इसी प्रकार की अन्य कई घटनाओं में जहां पहलगाम की भांति ही धर्म पहचान कर अत्याचार जनसंहार हुए हैंए धार्मिक विभेद मानने से इनकार किया जाता है, अपराधी वर्ग के बारे में विभ्रम उत्पन्न किया जाता है, पीड़ित और उत्पीड़क दोनों के पक्ष और विपक्ष में तर्क वितर्क होते रहते हैं। राजनीतिक दल अपनी सुविधा अनुसार रंग देते हैं। पीड़ितों को न्याय मिल पाएगा अथवा यह घटनाक्रम कैसे रुकेंगे कोई दिशा दिखाई नहीं देती।

**पलायन - क्या यह फिर से एक नया बंटवारा है** :यह प्रश्न अब गूंजने लगा है कि क्या हम पुनः एक ऐसे दौर में प्रवेश कर रहे हैं जहाँ वर्ग विशेष की असहिष्णुता और हिंसा के आगे दूसरे वर्ग को पलायन करना पड़ेगा। अगर शासन,प्रशासन इस पर मौन है और समाज इसे सामान्य घटना कहकर टाल देता है तो यह खामोशी इतिहास में पुनः एक भूल के रूप में दर्ज होगी।

**तुष्टिकरण और छ धर्मनिरपेक्षता की विफलता** :इन घटनाओं की गहराई में जाएंए तो एक स्थायी विफलता सामने आती हैकृराजनीतिक दलों द्वारा किया गया तुष्टिकरण और तथाकथित धर्मनिरपेक्षता का छ आवरण। अपने.अपने वोट बैंक की रक्षा में अनेक नेता और संस्थाएं न तो हिंसा की स्पष्ट निंदा करती हैं न पीड़ितों के पक्ष में खड़ी होती हैं। इसके विपरीत उत्पीड़क के पीछे मुखौटा ओढ समर्थन देते हुए खड़े हो जाते हैं। यदि अपराधी वर्ग एक विशेष समुदाय से आता है तो उसे प्रतिक्रिया बताकर न्याय की प्रक्रिया को विकृत किया जाता है।

## शख्सियत — बढ़ता राजस्थान


हरमीत सिंह मेन्दीरत्ता
अध्यक्ष संयुक्त व्यपार महासंघ

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं संयुक्त व्यपार महासंघ के अध्यक्ष और लोगों के सुख में एक बानगी साथ नहीं दें पर दु:ख में हमेशा खडे रहने वाले श्री हरमीत सिंह मेन्दीरत्ता। इनका जन्म 17 दिसंबर 1964 को हरियाणा के हांसी शहर में हुआ। उनके पिताजी ने 1955 में मात्र 30 रुपये की मजदूरी पर ट्रक कंडक्टर के रूप में काम शुरू किया। उनकी माताजी ने घर के खर्च के लिए 15 रुपये उपयोग किए और 15 रुपये बचाकर भविष्य की नींव रखी। धीरे-धीरे उनके पिताजी ट्रक में पहले एक आना, फिर दो चार और आठ आने के भागीदार बने। माता-पिता के आशीर्वाद और संयुक्त परिवार के सहयोग से हरमीत जी ने यह मुकाम हासिल किया। 1969 में अलवर में स्थायी निवास शुरू हुआ। उन्होंने स्कूली शिक्षा के बाद कॉलेज की पढ़ाई पूरी नहीं कर पाए क्योंकि बिहार में ट्रक दुर्घटना के कारण अंतिम परीक्षा नहीं दे सके।1976 से ही ट्रकों से जुड़े कार्यों में पिताजी का सहयोग शुरू कर दिया। 1980 में किराये पर एक दुकान ली जिसमें ट्रकों का ऑयलए त्रिपाल और ड्राइवरों के कंबल बेचना शुरू कियाए साथ ही पढ़ाई भी जारी रही। यूं तो व्यवसाय की इनकी यात्रा काफी लम्बी है अनेकों कार्य कर संघर्ष स्थापित किया। सन 1984 पढ़ाई पूरी करने के बाद पहला नया ट्रक खरीदा। 1986 विवाह इन्द्रजीत कौर से संपन्न हुआ दो पुत्री और एक पुत्र का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इसके बाद एसटीडी और फोटोकॉपी की दुकान शुरू की, ट्रकों के नए टायरों का व्यापार शुरू किया,ट्रक सर्विस स्टेशन का कार्य शुरू किया, ट्रक बॉडी के लिए ट्रॉसपोर्ट नगर मे नए लोहे का व्यापार शुरू किया,अलवर एवं कोटपुतली में ट्रेलरए टिप ट्रेलर और सीमेंट बल्कर निर्माण का कारखाना स्थापित किय, श्री सीमेंट के साथ खुशखेड़ा में ट्रांसपोर्ट कंपनी का संचालन प्रारंभ किया, अलवर में पहला ट्रक लाइन अलाइनमेन्ट का कार्य शुरू किया। धार्मिक यात्राओं में भी अग्रणी रहे। गुरुद्वारा साहिबए स्कीम नं० 2 में मुख्य सेवादार का दायित्व मिला। 2016-2019 तक गुरुद्वारा साहिब स्कीम न 2 की नई इमारत का निर्माण में संगतों के साथ सहयोगी बने, 2022-2024 अनन्त प्रेम आश्रम कुटिया मन्दिर स्कीम न 2 की नई इमारत में भक्तों के साथ सहयोगी बने, 2025 गुरुद्वारा साहिब मालाखेडा गेट अशोका टॉकीज की बन रहे लंगर हाल व कमरों में संगतों के साथ सहयोगी जिला पुरुषार्थी समिति के संरक्षित पर सेवारत। कोविड काल में प्रतिदिन 2100 व्यक्तियों की लंगर सेवा मे संगतों के साथ सेवा में सहभागिता निभाई टीम बढ़ता राजस्थान इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करती है।

## 2025_0118 — बढ़ता राजस्थान

### Suduko

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 3 | | 7 | | 5 |
| 1 | 2 | 5 | | | 4 | 3 | | |
| | 8 | | | 1 | | 9 | | 4 |
| 7 | 3 | | 1 | 9 | 5 | | 8 | 6 |
| 5 | 9 | 4 | 8 | | 7 | 2 | | 1 |
| 6 | 1 | | | | 3 | 5 | 7 | |
| | | 1 | | 8 | | | | |
| 2 | 5 | 6 | 3 | 4 | | 8 | 9 | |
| | | | | 5 | 9 | | | |

### Ans_2025_0117

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 9 | 1 | 6 | 5 | 4 | 7 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 9 | 4 | 7 | 6 | 2 | 8 |
| 7 | 6 | 4 | 8 | 3 | 2 | 5 | 1 | 9 |
| 2 | 9 | 8 | 3 | 1 | 6 | 7 | 5 | 4 |
| 1 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 3 | 6 | 2 |
| 5 | 3 | 6 | 2 | 7 | 4 | 8 | 9 | 1 |
| 4 | 7 | 3 | 6 | 2 | 9 | 1 | 8 | 5 |
| 9 | 8 | 1 | 7 | 5 | 3 | 2 | 4 | 6 |
| 6 | 5 | 2 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 | 7 |

**कैसे खेलें**

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
प्रवास, सुंदर भोजन एवं प्रियजन के साथ से आप रोमांचित रहेंगे। कोर्ट-कचहरी से जुड़े मामलों के लेकर सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है। आज मन भावनाओं से व्यथित रहेगा। कमिशन, ब्याज से आपकी आय में वृद्धि होगी।

**वृष**
आज रिश्तेदार एवं मित्रों के साथ मुलाकात से आप आनंद का अनुभव करेंगे। आर्थिक योजना में आपको पहले थोड़ी मुसीबत हो सकती है, आपके जरूरी काम भी शुरुआती विलंब के बाद आसानी से पूरे होने पर शांति का अहसास करेंगे।

**मिथुन**
दूसरों की ओर से चिंता कम होगी। इस कारण आप का मन खुश रहेगा। परिजनों या दोस्तों के साथ अच्छे भोजन का अवसर मिलेगा। कोई आकस्मिक यात्रा हो सकती है। आर्थिक मामलों से संबंधित व्यवस्था कर सकेंगे।

**कर्क**
काम का बोझ ज्यादा रहेगा। नए काम की शुरुआत न करें। शारीरिक स्वास्थ्य बिगड़ेगा। मन बेचैन एवं चिंतित रहेगा। वाणी पर संयम रखें। खर्च ज्यादा होगा। आज आपका दिन शुभ है। व्यापार बढ़ाने को लेकर आपके प्रयास रंग लाएंगे। काम समय से पूरा नहीं होगा।

**सिंह**
आज आप के लिए नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आप पर अधिकारियों की कृपा दृष्टि रहेगी। परिवार में उत्सव और उल्लास का माहौल बना रहेगा। मन में भावनात्मकता बढ़ेगी। मां की ओर से फायदा होगा।

**कन्या**
मानसिक व्यग्रता को दूर करने के लिए आध्यात्मिकता, योग का सहारा लें। महिला और पानी से बचकर रहें। अभ्यास के लिए समय मध्यम है। आज आप को ज्यादा संवेदनशील एवं भावुकता भरे विचार आएंगे। आपकी मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि हो सकती है।

**तुला**
आज आपको काफी संवेदनशीलता का अनुभव होगा। इस कारण किसी के द्वारा आपकी भावना को ठेस पहुंच सकती है। आज आपको मां की बीमारी की चिंता होगी। मकान या जमीन के दस्तावेजी काम आज न करें।

**वृश्चिक**
अनुकूल वातावरण रहेगा और साथियों का सहयोग मिलेगा। आज आप प्यार एवं भावना के प्रवाह में रहेंगे। दोस्त, स्वजनों और रिश्तेदारों की ओर से कोई उपहार मिल सकता है। आप उनके साथ अपना दिन खुशी में गुजार सकेंगे।

**धनु**
महिलाओं के बारे में विशेष ध्यान रखें। वाणी एवं व्यवहार में सावधानी बरतें। विदेश से कोई समाचार मिल सकता है। कानूनी बातों का निर्णय सोच-समझकर करें। आज घर, परिवार एवं व्यापार जैसे तमाम क्षेत्रों में आको लाभ होगा।

**मकर**
अधिकारियों का रवैया नकारात्मक रहेगा। विरोधियों के साथ वाद-विवाद न करें। संतान से मतभेद हो सकते हैं। यात्रा की संभावना है। धनखर्च होगा। कार्य सफलता में विलंब होने के कारण निराशा का अनुभव होगा।

**कुंभ**
मित्रों के साथ आनंददायक प्रवास होगा, तो दांपत्यजीवन में भी आप ज्यादा निकटता बना सकेंगे। धनप्राप्ति के लिए भी शुभ समय है। अविवाहितों को जीवनसाथी की तलाश में सफलता मिलेगी।

**मीन**
जमीन-जायदाद के दस्तावेजी काम कर सकेंगे। आपका आज का दिन प्रतिकूलताओं एवं अनुकूलताओं से भरा होगा। लेखन-साहित्य से जुड़े काम कर सकेंगे। हांलाकि, व्यवसायिक स्थल पर प्रतिकूल परिस्थिति रहेगी। इससे आपका आर्थिक स्तर मजबूत बनेगा।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# ईसरदा बांध का 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण, इस मानसून में होगा जल संग्रहण

## जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री भास्कर ए सावंत ने किया डैम का निरीक्षण, अभियंताओं को समयबद्ध सीमा में कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**टोंक।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा प्रदेश के हर छोर तक सुचारू पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित कर रहे है। मुख्यमंत्री के निर्देशन में सवाई माधोपुर और दौसा जिले में पेयजल आपूर्ति की दृष्टि से महत्वपूर्ण ईसरदा बांध का निर्माण कार्य मिशन मोड़ पर किया जा रहा है। बांध के निर्माण का 90 फीसदी कार्य पूर्ण हो चुका है। बांध के पियर्स एवं गेटों का कार्य पूरा हो चुका है। मिट्टी के बांध का आंशिक कार्य ही शेष है। अर्थन डैम एवं कॉक्रीट स्पिलवे का कार्य 15 जून तक पूर्ण किये जाने का प्रयास है।





इसी के तहत शनिवार को जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भूजल विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री भास्कर ए सावंत ने ईसरदा बांध परियोजना के निर्माण कार्य, फिल्टर प्लांट साइट के कार्यों का निरीक्षण किया। साथ ही, विभागीय अभियंताओं को कार्य प्रगति को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने प्रभावित परिवारों को भूमि आवंटन, पुनर्वास अवार्ड कार्य की पूर्णता को समयबद्ध सीमा में पूर्ण करने पर जोर दिया। भूमि अधिग्रहण से संबंधित प्रकरण, रेलवे एवं वन विभाग से संबंधित मुद्दों पर चर्चा कर इनका शीघ्र समाधान किये जाने की बात कही।

इस दौरान उपखंड अधिकारी उनियारा शत्रुघन गुर्जर, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अतिरिक्त मुख्य अभियंता राजसिंह, अधीक्षण अभियंता टोंक राजेश गोयल, बीसलपुर परियोजना के अधीक्षण अभियंता मनोज सिंह, ईसरदा बांध के अधीक्षण अभियंता विजय शर्मा, अधिशाषी अभियंता विकास गर्ग, सहायक अभियंता अभिषेक लसाड़िया समेत अन्य मौजूद रहे।

**दो चरणों में निर्माण, प्रथम चरण में पूर्ण भराव स्तर 262 आरएल मीटर तक :**ईसरदा बांध बीसलपुर बांध के डाउन स्ट्रीम में ग्राम बनेठा (तहसील उनियारा) टोंक के पास बनास नदी पर बनाया जा रहा है। इसका निर्माण दो चरणों में किया जाना है। प्रथम चरण में डैम का निर्माण पूर्ण भराव स्तर 262 आरएल मीटर (भराव क्षमता 10.77 टीएमसी) तक पूर्ण किया जाएगा। इसमें पानी का भंडारण 256 आरएल मीटर भराव क्षमता 3.24 टीएमसी है। दूसरे चरण में बांध में पूर्ण भराव क्षमता 262 आरएल मीटर तक पानी संग्रहित हो सकेगा।

**1 हजार 256 गांवों और 6 शहरों को स्वच्छ पेयजल मिलेगा :** आगामी मानसून के दौरान बांध में जल संग्रहित किया जा सकेगा। इसके बाद दौसा के 1 हजार 79 ग्राम और 5 शहरों तथा सवाई माधोपुर के 1 शहर तथा 177 गांवों में पेयजल की सुचारू आपूर्ति हो सकेगी। यह परियोजना जल संकट समाधान के साथ बीसलपुर बांध के अधिशेष पानी और बनास नदी के बारिश के जल का कुशल प्रबंधन भी सुनिश्चित करेगी। साथ ही, ईसरदा बांध से रामजल सेतु लिंक परियोजना (संशोधित पीकेसी-ईआरसीपी लिंक परियोजना) के तहत अन्य बांधों को पेयजल के लिए आपूर्ति हो सकेगी।

### बांध निर्माण कार्य की प्रगति

बांध निर्माण में ओवरफ्लों वाले भाग में स्पिलवेय ब्रिज में स्लैब निर्माण का कार्य प्रगतिरत है। अभी तक 28 के विरुद्ध 28 स्लैब डाली जा चुकी है। साथ ही, 28 पीयर्स के विरुद्ध 28 पियर्स वांछित ऊंचाई तक पूर्ण किए जा चुके है। बांध में 84 गर्डर के विरुद्ध 84 गर्डर लॉन्च किए गए है। बांध में 28 ब्लॉक एप्रेन के विरुद्ध 23 ब्लॉक एप्रेन का निर्माण किया जा चुका है। बांध में 28 पावर पैक रूम के विरुद्ध 28 पावर पैक रूम और 28 रेडियल गेट के विरुद्ध 28 रेडियल गेट का निर्माण हो गया है। बांध में 56 हाइड्रोलिक सिलेंडर के विरुद्ध 56 हाइड्रोलिक सिलेंडर भी लगाए जा चुके हैं। मिट्टी के बांध का कार्य लगभग 82 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। मुख्य बांध का कार्य लगभग 90 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है।

# महायज्ञ के आयोजन से भारतीय संस्कृति से रूबरू होते हैं युवा : बीएस राठौड़



बढ़ता राजस्थान

**नटवाड़ा।** कस्बे में स्थित श्री बद्रीनाथ भगवान के मंदिर परिसर में मानव के कल्याण के लिए आयोजित नव दिवसीय 108 कुण्डीय श्री चंडी महायज्ञ में शनिवार को जन सैलाब उमड़ पड़ा। पांडल को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया। सुबह से ही यज्ञशाला में श्रद्धालुओं ने पहुंच कर पूजा-अर्चना करना शुरू कर दिया। श्रद्धालुओं ने यज्ञशाला के परिक्रमा लगाकर मन्नत मांगी। यज्ञाचार्य पं. जगदीश नारायण शास्त्री के आचार्यत्व में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ में आहुतियां दी गई। महायज्ञ में मुख्य अतिथि अति विशिष्ट सेवा मेडल प्राप्त सेवानिवृत लेफ्टिनेंट जनरल डा. बीएस राठौड़ ने अपनी पत्नी के साथ बिमला राठौड़ एवं प्रधान यजमान पुण्यप्रताप करण ने अपनी पत्नी नीता कंवर के साथ हवन कुंड में आहुतियां दी। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट जनरल डा. राठौड़ ने कहा कि महायज्ञ के आयोजन से युवा भारतीय संस्कृति से रूबरू होते हैं। यह आयोजन उन्हें भारतीय धर्म, संस्कृति और परंपराओं की गहरी समझ प्रदान करता है। महायज्ञ के दौरान होने वाले धार्मिक अनुष्ठान, कर्मकांड, और सांस्कृतिक प्रदर्शन युवा पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ते हैं। जिससे उनमें राष्ट्रीय गौरव की भावना भी जागृत होती है। उन्होने कहा कि महायज्ञ का आयोजन युवा पीढ़ी के लिए एक ऐसा मंच है जहां वे भारतीय ज्ञान और दर्शन को समझ सकते हैं, जिससे उनका मानसिक और आध्यात्मिक विकास होता है। महायज्ञ जैसे आयोजन से युवाओं में भारतीय संस्कृति और विरासत के प्रति गर्व की भावना जागृत होती है। महायज्ञ में गुरुदीक्षा व मंडप पूजन के बाद सुबह नौ बजे हवन शुरू किया गया। दोपहर दो बजे तक चले हवन में सहस्त्र पूजा-अर्चना व हवन कुंड में आहुतियां डाली गई। उसके बाद आरती और फिर महाराज व यज्ञमानों के अलावा यज्ञ कमेटी सदस्यों व अन्य भक्तों द्वारा यज्ञ शाला की चार परिक्रमा कर शनिवार का हवन संपन्न हुआ। महाआरती में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।

दुर्गा माता के जयघोष एवं भजनों से समूचा वातावरण भक्तिमय हो गया। श्री चंडी यज्ञ में यज्ञशाला की परिक्रमा का भी विशेष महत्व है इसलिए बड़ी संख्या में भक्तजन यज्ञशाला की परिक्रमा कर रहे हैं। परिक्रमा का सिलसिला सुबह से दिनभर और फिर देर रात तक जारी रहता है। हर किसी की इच्छा 108 परिक्रमा पूरी करने की है जिसे एक दिन में पूरी करना मुश्किल है। इसलिए भक्त हर दिन कुछ परिक्रमा करने के बाद अगली परिक्रमाओं के लिए दूसरे दिन फिर पहुंच जाते हैं। शाम ढलने के बाद परिक्रमा लेने वालों की संख्या काफी बढ़ जाती है।

# बिना परमिशन दूसरे थाना-क्षेत्र में की कार्रवाई, हेड कॉन्स्टेबल सस्पेंड:अवैध बजरी माफिया का पीछा करते समय पुलिस गाड़ी का किया था एक्सीडेंट

बढ़ता राजस्थान




**टोंक (का.स.)।** टोंक में एसपी की बिना परमिशन के बजरी माफिया का पीछा करते हुए हैड कॉन्स्टेबल के दूसरे थाना क्षेत्र में घुसने और पुलिस गाड़ी को क्षतिग्रस्त करने के मामले को एसपी ने गंभीरता से लिया है। एसपी विकास संगवान ने बनेठा थाने के तत्कालीन डीओ ड्यूटी ऑफिसर हैड कॉन्स्टेबल शिवकुमार चौधरी को सस्पेंड कर दिया है।

जानकारी के अनुसार, डीओ ड्यूटी के दौरान बिना उच्च अधिकारियों को अवगत कराए बिना हैड कॉन्स्टेबल शिवकुमार चौधरी अकेला 112 कार को लेकर शुक्रवार अल सुबह बजरी से भरी ट्रैक्टर ट्रॉलियों का पीछा कर टोंक सदर थाना क्षेत्र में आ गया और कार को बजरी वाहनों से टकराकर क्षतिग्रस्त कर दिया। प्राथमिक तौर पर हैड कॉन्स्टेबल दोषी पाने पर सस्पेंड कर दिया और इसकी जांच सर्किल ऑफिसर को सौंपी है।

एसपी विकास सांगवान ने बताया कि जांच पूरी होने के बाद जिस तरह के तथ्य सामने आएंगे, उसके अनुसार नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

बता दें कि गुरुवार देर रात को बनेठा थाना क्षेत्र से होकर बनास नदी में से अवैध बजरी से भरी ट्रैक्टर- ट्रॉलियां जा रही रही। इसकी सूचना मिलने के बाद बनेठा थाने का तत्कालीन डीओ ड्यूटी ऑफिसर हैड कॉन्स्टेबल शिवकुमार चौधरी और दो अन्य पुलिसकर्मी 112 गाड़ी लेकर उनके पीछे निकल गए। इस दौरान दो पुलिसकर्मी तो क्षेत्र में लगे नाकों पर उतर गए, लेकिन हैड कॉन्स्टेबल शिवकुमार चौधरी उच्च अधिकारियों को बिना बताए अकेला 112 गाड़ी को लेकर टोंक सदर थाना क्षेत्र में बजरी से भरी ट्रैक्टर ट्रॉलियों के पीछे चला गया। कार को उनके पीछे पीछे दौड़ाता हुआ शुक्रवार अल सुबह करीब 4 बजे टोंक सदर थाना क्षेत्र के खजूरिया गांव में आ गया। जहां बजरी से भरे ट्रैक्टर ट्रॉलियों को ओवरटेक करने के बाद अवैध बजरी से भरी ट्रैक्टर- ट्रॉली 112 कार को टक्कर मार कर भाग गए। इसे गंभीरता से लेते हुए स्क्र सांगवान ने हैड कॉन्स्टेबल को सस्पेंड कर दिया है।

# आखातीज पर 7 बाल विवाह रोके गए : चाइल्ड हेल्पलाइन, सिकोईडिकॉन, जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल अधिकारिता विभाग एवं पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

बढ़ता राजस्थान

**निवाई।** आखातीज के अवसर पर जिले में प्रस्तावित सात बाल विवाहों को समय रहते रोका गया। यह प्रभावी कार्रवाई चाइल्ड हेल्पलाइन (1098) को प्राप्त सूचना के आधार पर की गई, जिसमें जिला बाल संरक्षण इकाई, बाल अधिकारिता विभाग, सिकोईडिकोन, तथा पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने भाग लिया। यह अभियान जिला बाल संरक्षण इकाई एंव बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक नवल खान के निर्देशन में संचालित हुआ। टीम ने मौके पर पहुंचकर संबंधित परिवारों को



बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 की जानकारी दी, बच्चों से बातचीत की, और परिवारों को विधिक रूप से पाबंद किया कि वे वैध उम्र से पहले विवाह नहीं करेंगे। 'बाल विवाह बच्चों के जीवन को अंधकार की ओर धकेलता है। हमें समाज में जागरूकता फैलाकर इस कुप्रथा को समाप्त करना होगा।' उन्होंने उपस्थित लोगों को संदेश भी दिया कि 'बच्चों को पढ़ाएं, बढ़ाएं और उन्हें आत्मनिर्भर बनने दें।'

'हमें जैसे ही सूचना मिली, तुरंत टीम ने मौके पर पहुंचकर बच्चों को बाल विवाह से बचाया।

समाज का सहयोग और सजगता ऐसी कार्रवाइयों में अत्यंत आवश्यक है।' टीम ने बालक-बालिकाओं को उनके शैक्षिक अधिकार, स्वास्थ्य और जीवन के महत्व की जानकारी दी तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचाव के लिए समुदाय को जागरूक किया। चाइल्ड हेल्पलाइन (1098) द्वारा आम नागरिकों से अपील की गई है कि यदि कहीं भी बाल विवाह की आशंका हो तो तुरंत कॉल कर सूचना दें ताकि समय रहते कार्यवाही कर बच्चों का बचपन बचाया जा सके।

राजस्थान को केंद्र से मिली सौगात

# जोधपुर से चेन्नई व पुणे तक चलेंगी दो नई ट्रेनें, बुकिंग हुई शुरू

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** रेलवे ने एक ट्रेन एमजीआर चेन्नई से भगत की कोठी तक चलाने का फैसला किया है। वहीं दूसरी ट्रेन सेवा जोधपुर से पुणे के बीच चलाने की मंजूरी मिली है। इनकी मांग काफी समय से की जा रही थी।

भारतीय रेलवे ने दो नई ट्रेनों चलाने का फैसला किया है। रेलवे के सूचना एवं प्रचार विभाग के कार्यकारी निदेशक दिलीप कुमार ने शुक्रवार को इसकी जानकारी देते हुए कहा, पूरे देश में रेलवे नेटवर्क की मजबूती के लिए हम प्रयासरत हैं और इसी क्रम में देश में नई सेवाओं का परिचालन लगातार किया जा रहा है! दो नई ट्रेनों को चलाने का फैसला लिया गया है। इनमें एक ट्रेन एमजीआर चेन्नई से भगत की कोठी, जोधपुर (राजस्थान) तक सप्ताह में पांच दिन चलेगी! यह सोमवार, मंगलवार, गुरुवार, शुक्रवार और रविवार को चलेगी। वहीं भगत की कोठी से वापस इस ट्रेन का परिचालन सोमवार, बुधवार, गुरुवार, शुक्रवार और रविवार को किया जाएगा। दूसरी ट्रेन सेवा जोधपुर से पुणे के बीच है। यह सप्ताह में सातों दिन चलेगी।

### 'आरामदायक होगा सफर'

ट्रेन के फीचर्स की तारीफ करते हुए कुमार ने बताया, पहली ट्रेन एमजीआर चेन्नई सेंट्रल से भगत की कोठी जाएगी। इसका नंबर 20625 (अप) और 20626 (डाउन) है। इसमें 22 कोच हैं, सभी कोच एलएचबी हैं। इसमें न सिर्फ सफर आरामदायक होगा, बल्कि एनहैंस्ड सेफ्टी फीचर्स लगे हुए हैं। ये कोच हाल ही में बनकर तैयार हुए हैं। रेलवे ने जो अपनी पॉलिसी बनाई थी कि जनरल क्लास के कम से कम चार कोच रखे जाएंगे, वे इसमें रखे गए हैं। इसके अलावा स्लीपर के छह कोच, सेकंड एसी के दो कोच और थर्ड एसी के चार कोच लगाए गए हैं। थर्ड एसी इकॉनॉमिक क्लास के लिए चार कोच की व्यवस्था है। वहीं, एक कोच ट्रेन मैनेजर कम दिव्यांग श्रेणी और एक कोच गार्ड कम लगेज बैग का है।

### 3 मई से बुकिंग शुरू

दूसरी ट्रेन के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि जोधपुर से पुणे की ट्रेन की मांग काफी लंबे समय से की जा रही थी। उसी मांग को पूरा करने के लिए जोधपुर हडपसर पुणे एक्सप्रेस, ट्रेन नंबर 20495 (अप) और 20496 (डाउन) के परिचालन का फैसला लिया है। यह गाड़ी सप्ताह में सातों दिन चलेगी! इस ट्रेन में भी 22 कोच हैं। जनरल के चार, स्लीपर के सात, सेकंड एसी के दो और थर्ड एसी के चार कोच रखे गए हैं। इसके अलावा थर्ड एसी इकोनॉमी के तीन कोच लगाए गए हैं। ट्रेन मैनेजर कम दिव्यांग कंपार्टमेंट और गार्ड कम लगेज बैग का एक कोच होगा। शनिवार 3 मई से इन ट्रेनों में बुकिंग शुरू हो जाएगी।

# एमपी-यूपी और राजस्थान के 21 जिलों को जोड़कर बनेगा नया चंबल प्रदेश

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर/ग्वालियर (राकेश शर्मा)।** देश में इन दिनों एक और नए राज्य बनाने की मांग तेज हो गई है। जिसके लिए 4 मई को भिंड जिले के फूप कस्बे में चंबल प्रदेश बनाने की मांग को लेकर जनजागरण महापंचायत आयोजित की जाएगी। जिसमें नए राज्य यानी चंबल प्रदेश बनाने के मुद्दे को सरकार तक पहुंचाया जाएगा। देश के तीन राज्यों- एमपी, यूपी और राजस्थान के कई जिलों को अलग करके नए राज्य का गठन किया जाएगा। इस मुहिम की अगुवाई दिमनी से पूर्व विधायक रविंद्र तोमर कर रहे हैं।

### कैसा होगा चंबल प्रदेश

पूर्व विधायक रविंद्र तोमर ने बताया कि चंबल प्रदेश में मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश और राजस्थान के 21 जिलों को शामिल किया जाएगा। इसमें तीन राज्यों के 7-7 जिले होंगे। नए राज्य की अनुमानित जनसंख्या 6 करोड़ के लगभग




होगी। चंबल को प्रदेश बनाने की मांग इसलिए की जा रही है कि क्योंकि यह इलाका लंबे समय से विकास की पिच में टेस्ट खेल रहा है। जबकि जरूरत टी20 जैसी पारी की है। यहां की समस्याओं को गंभीरता से इसलिए नहीं लिया जा रहा है क्योंकि यह तीन राज्यों में बंटा हुआ है। जो कि पिछड़ेपन का सबसे बड़ा कारण है। आगे तोमर ने बताया कि इस मुहिम का नेतृत्व किसान नौजवान मंच के द्वारा किया जा रहा है। सिंध, चंबल और आसन जैसी नदियों के किनारे जमीनें बंजर पड़ी हैं। इन जमीनों पर फैक्ट्रियां स्थापित होनी चाहिए। ताकि युवाओं को रोजगार मिल सके। फूप में आयोजित की जा रही महापंचायत को चंबल इलाके की जनता की आवाज बताया जा रहा है। इस महापंचायत में ओल्ड पेंशन स्कीम सहित कर्मचारियों की कई मांगों को उठाया जाएगा। इसके साथ ही चंबल में गायों के संरक्षण के लिए गो-अभयारण्य स्थापित किया जाएगा।

### इन जिलों को चंबल प्रदेश में शामिल करने की मांग

मध्यप्रदेश- ग्वालियर, मुरैना, भिंड, शिवपुरी, गुना, श्योपुर, अशोकनगर।

यूपी- इटावा, जालौन, झांसी, ललितपुर, आगरा, फिरोजाबाद, औरैया।

राजस्थान के कोटा, धौलपुर, सवाई माधौपुर, बारां, करौली और झालावाड़।

## कला महाविद्यालय के विद्यार्थी सौरभ मीना ने यूजीसी नेट जेआरएफ परीक्षा उत्तीर्ण कर किया कॉलेज का नाम रोशन

### लोक प्रशासन विषय से उच्च शिक्षा में एक बड़ी उपलब्धि

बढ़ता राजस्थान



**अलवर।** सौरभ मीना ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित यूजीसी नेट जेआरएफ परीक्षा उत्तीर्ण कर असिस्टेंट प्रोफेसर बनने और पीएचडी करने हेतु कनिष्ठ शोधवृत्ति की पात्रता प्राप्त कर ली है। यह कनिष्ठ शोधवृत्ति परीक्षा में विषय में उच्च रैंक प्राप्त करने वालो को मिलती है। सौरभ मीना वर्तमान में बाबू शोभाराम राजकीय कला महाविद्यालयए अलवर में लोक प्रशासन स्नातकोत्तर उत्तरार्द्ध के छात्र हैं और अलवर में रहकर उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं तथा मूल रूप से करौली जिले के टोडाभीम तहसील के गांव नांगल मॉडल के निवासी हैं और श्रीमति सुरेशी देवी और मुकेश मीना के पुत्र हैं। इनके पिता मुकेश मीना गाँव मे कृषि कार्य करते हैं। सौरभ मीना की इस उपलब्धि से क्षेत्र के लोग, परिजन, शिक्षक और महाविद्यालय के विद्यार्थी हर्षोल्लासित है और शुभकामनाएं दे रहे हैं। सौरभ मीना ने अपने परिश्रम और समर्पण से यह सिद्ध किया है कि ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने वाले छात्र भी यदि सही दिशा और मार्गदर्शन पाएंए तो राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकते हैं। सौरभ मीना ने अपनी इस सफलता में अपने मार्गदर्शक डॉ. महेश गोठवाल, एसोसिएट प्रोफेसर, लोक प्रशासन विभाग का महत्वपूर्ण सहयोग बताते हुए सफलता का श्रेय अपने मार्गदर्शक डॉ. महेश गोठवाल को देते हुए उनका आभार व्यक्त किया है। सौरभ मीना की यह सफलता इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि कला महाविद्यालय में वर्ष 2022 से ही लोक प्रशासन में स्नातकोत्तर अध्ययन प्रारंभ हुआ है। अत: सौरभ की यह सफलता लोक प्रशासन व अन्य विषयों के महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा स्रोत बनेगी। सौरभ अब राजस्थान विश्वविद्यालय से पीएचण्डीण् और शोध कार्य की दिशा में अग्रसर हैं। उनका लक्ष्य उच्च शिक्षा और शिक्षण क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाना है।

## अवैध भट्टियों पर बड़ी कार्रवाई: टपुकड़ा तहसील क्षेत्र में आठ अवैध भट्टियाँ ध्वस्त

बढ़ता राजस्थान

खैरथल तिजारा। राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एनजीटी), नई दिल्ली के निर्देश पर बड़ी कार्रवाई करते हुए अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुमित्रा मिश्र द्वारा गठित संयुक्त टीम ने राजस्थान-हरियाणा सीमा पर स्थित ग्राम उधनवास, तहसील टपुकड़ा (जिला खैरथल-तिजारा) में संचालित आठ अवैध भट्टियों को ध्वस्त किया। यह कार्रवाई अतिरिक्त जिला कलक्टर, भिवाड़ी द्वारा जारी आदेश के तहत की गई। एनजीटी के आदेश की अनुपालना में गठित इस संयुक्त टीम में पुलिस, वन, खान एवं भू-विज्ञान, राजस्व, और पर्यावरण विभाग के अधिकारी शामिल थे।

# ग्रामीण प्रौद्योगिकी कार्य समूह आईआईटी दिल्ली की ओर से दस्तकार को नवाचार की कार्यशाला का शुभारंभ

### 50 से अधिक ग्रामीण दस्तकार कामगार रहे मौजूद

बढ़ता राजस्थान

**अलवर।** ग्रामीण प्रौद्योगिकी कार्य समूह तथा सेंटर फॉर एनर्जी एनवायरनमेंट के संयुक्त प्रावधान में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 2 व 3 मई को हुआ। हस्तकरघा, दस्तकार, लघु तथा कुटीर उद्योगों को प्रोत्साहित कर नवाचार के लिए एक निजी होटल में करीब 50 से अधिक विभिन्न संस्थाओं से जुड़े हुए पदाधिकारी व कामगार उपस्थित रहे। बिजवाड़ नरूका में मिट्टी के बर्तन बनाने वाले नेतराम प्रजापत को नवाचार के आधार पर कम ईंधन से अधिक बर्तन पकाने के लिए भट्टी उपलब्ध कराई गई। और उनको नई तकनीक से बर्तन बनाने की विधि बताई। इस कार्यशाला में हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली से जुड़े हुए दस्तकार मौजूद रहे। जहां कार्यशाला के दौरान सभी लोगों ने अपने कुशलतम कार्य की सफलता के बारे में जानकारी दी। इस कार्यशाला को आईआईटी दिल्ली के प्रोफेसर रविए प्रोफेसर एस के शाहए डॉक्टर के विजयलक्ष्मी, वरुण विद्यार्थी, मिस्टर अंशुमन गोठवाल, तथा लूपिन फाउंडेशन के वेद प्रकाश शर्मा ने विचार व्यक्त किए। प्रोफेसर एम आर रवि ने बताया ग्रामीण प्रौद्योगिकी कार्य समूह तथा सेंटर फॉर एनर्जी एनवायरनमेंट एंड पीपल के संयुक्त तत्वाधान में रूटज ग्रामीण डेवलपमेंट के लिए कार्यक्रम संचालित करती है। जिससे ग्रामीण क्षेत्र के लघु, कुटीर, दस्तकार, व्यवसाय से जुड़े हुए कामगारों को उच्च तकनीक की जानकारी देकर उनके जीविकोपार्जन व आर्थिक उन्नति में मददगार हो सके। आईआईटी दिल्ली के शिक्षित प्रशिक्षित इस पर रिसर्च कर भौगोलिक और प्राकृतिक परिस्थितियों से उत्पन्न समस्या के समाधान पर सहयोग प्रदान करते हैं।



## पाईप लाईन बिछाने में हुई 65 किमी सड़क क्षतिग्रस्त : शेखावत
## जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री को शेखावत ने सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** विधायक देवीसिंह शेखावत ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक मंत्री कन्हैया लाल चौधरी से मुलाकात कर बानसूर विधानसभा क्षेत्र की पेयजल समस्या को लेकर मांग पत्र सौंपा। शेखावत ने ज्ञापन में मांग की है कि बानसूर विधानसभा क्षेत्र में जेजेएम योजना के तहत पाइप लाइन जोड़ने और बिछाने की वजह से 65 किलोमीटर सड़के क्षतिग्रस्त हुई हैं।जिनमें से कुछ सड़कों की मरम्मत हुई है बाकी सड़कें आज भी क्षतिग्रस्त ही पड़ी हुई हैं। जिन सड़कों की मरम्मत हुई है उसकी भी सिर्फ लीपापोती की गई है।



जिसके चलते सड़कों पर पानी भरा रहता है जिससे गंदगी का आलम बना रहता है। जिससे आमजन परेशान है। उन्होंने ज्ञापन में कहा कि क्षेत्र में 36 गावों में गणपति ट्यूबल के कार्य अभी तक अपूर्ण हैं। जिससे ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए भी भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इस समय क्षेत्र में भीषण गर्मी का दौर जारी है जिससे ग्रामीण खासी परेशानीयों का सामना कर रहे हैं। शेखावत ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के दोनों उपखण्ड यथा बानसूर और नारायणपुर में कनिष्ठ अभियंता और सहायक अभियंता का पद पिछले 4 महीने से खाली चल रहा है। लिपिकीय पद भी काफी समय से खाली चल रहे हैं।

अत: उक्त खाली पदों को यथा शीघ्र भरा जाए। नगरपालिका नारायणपुर के मोलडी की स्कीम जिसमें लगभग जेजेएम का कार्य पूरा हो चुका है लेकिन उसमें ठेकेदार की मनमानी ओर कर्मचारियों/ अधिकारियों की लापरवाही से स्कीम शुरू नहीं हो सकी है। शेखावत ने मंत्री से मांग की है कि गर्मी के मौसम को देखते हुए विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीणों की पेयजल समस्या का शीघ्र समाधान किया जाए।

## निराश्रित गौवंशो को आश्रय अभियान के तिसरे दिन सात गौंवशो को गौशाला भिजवाया

बढ़ता राजस्थान



**तिजारा।** नगर परिषद क्षेत्र में विचरण कर रहे निराश्रित गौवंशो को सुरक्षित आश्रय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा शुरू किया गया अभियान के तहत तिसरे दिन नगर परिषद क्षेत्र में राजस्थान गौसेवा समिति के जिला अध्यक्ष देशपाल यादव, उपाध्यक्ष यशपाल आचार्य एवं पदाधिकारियों ने रेस्क्यू कर गौवंशो को सुरक्षित श्री मोनी बाबा गौशाला मे भेजा गया।राजस्थान गौसेवा समिति के जिला अध्यक्ष देशपाल यादव ने बताया कि खुले में घूम रहे निराश्रित गौवंशो को गोशाला भेजने का अभियान नौ मई तक चलाया जा रहा है जिसमें सभी निराश्रित गौवंशो को गौशाला में भेजा जायेगा। जिला अध्यक्ष देशपाल यादव, उपाध्यक्ष यशपाल आचार्य, सदस्य विक्रम सिंह गुर्जर, चंद्रपाल , सुबा, सतीश चावडा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## पत्रकारिता बड़ा जोखिम भरा कार्य, निष्पक्ष पत्रकारिता राष्ट्र की धुरी : बोहरा
## स्वतंत्रता पूर्वक पत्रकारिता से राष्ट्र को गति मिलती है : मिश्रा

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** नगर पालिका क्षेत्र स्थित श्री परशुराम भवन में विश्व पत्रकार स्वतंत्रता दिवस पर भाजपाईयों द्वारा सभी पत्रकारों का सम्मान किया गया। सम्मान में माला व साफा पहनाकर तथा लोई ओढ़कर एवं मोमेंटो देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष डॉ शशिकांत बोहरा ने कहा कि पत्रकारिता एक जोखिम भरा कार्य है, निष्पक्ष पत्रकारिता राष्ट्र की धुरी है। वहीं नगर पालिका चेयरमैन प्रतिनिधि और भाजपा नेता सज्जन मिश्रा ने कहा कि स्वतन्त्र पत्रकारिता से राष्ट्र को गति मिलती है। वहीं भाजपा नेता पूर्व मण्डल अध्यक्ष रामानंद दीक्षित ने कहा कि कलम सही चली तो राष्ट्र का निर्माण होता है और गलत चली तो बेड़ागर्क हो जाता है। सारांश रूप में सभी वक्ताओं ने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ है। यदि यही स्तम्भ कमजोर हुआ तो लोकतंत्र पर खतरा मंडराने लग जाता है। आप देश के लोगों के लिए खतरा उठाकर खबर निकाल कर लाते हैं और आमजन तक पहुँचाते हैं। आपको कोई वेतन नहीं मिलता यदि विज्ञापन मिल जाए तो कमीशन मिल जाता है। अन्यथा आप जिस प्रकार निस्वार्थ भाव से राष्ट्र के लिए कार्य करते हैं उसके लिए समस्त देश के पत्रकारों का धन्यवाद। वक्ताओं ने कहा कि चाहे, न्याय पालिका हो, कार्य पालिका हो या विधायिका हो या आमजन जन समस्या हो आपकी कलम द्वारा सभी की बात उठाई जाती है। आप निष्पक्ष रूप से पत्रकारिता करें जिस पर हमको गर्व रहे। वहीं पत्रकारों की ओर से बोलते हुए वरिष्ठ पत्रकार सुगनचन्द मौर्य तथा योगेश शर्मा ने उपस्थित सभी भाजपाईयों का आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन मण्डल अध्यक्ष एडवोकेट नरेन्द्र चौधरी ने किया। मोमेंटो डॉ हरीश अग्रवाल गिरुड़ी वालों की ओर से भेंट किए गए। वहीं भाजपा आईटी सैल के विजय कुमावत, गजेन्द्र लाटा, रिंकू गुवारिया का भी सम्मान किया गया। इस मौके पर मंजू शर्मा, राखी गुप्ता, हेमलता सिसोदिया, नीलम जैन, नीलम त्रिपाठी, सुनीता मीणा, जगदीश सूद, एडवोकेट धंशीराम रावत, योगेश सोनी, राजेश सिंघल, हरिसिंह सैनी, मुकेश सुरेला, मंगल राम सैनी, एडवोकेट गोविन्द गोड़, संकेत लाटा, बबलू बाल्मीकि, तेजपाल जांगिड़, गजेन्द्र लाटा, मोनू जोशी, एडवोकेट विकास जोशी, विजय कुमावत, रिंकू गुवारिया, हरसौरा मण्डल अध्यक्ष करणसिंह यादव, सुरेन्द्र चौहान, दीपक शास्त्री, विस्तारक राहुल सैनी, विष्णु सोनी सहित भाजपाई मौजूद रहे।

## सेमीफाइनल के लिए क्रिकेट मैच की श्रृंखला में हुए चार मुकाबले

### भरतपुर और अलवर के बीच में मुकाबले में अलवर रहा विजय



बढ़ता राजस्थान

**अलवर।** निरंकारी मंडल अलवर के तत्वाधान में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट के तीसरे दिन जिला संयोजक श्री सोमनाथ निरंकारी जी की देखरेख में सेमीफाइनल में आने के लिए आर आर कॉलेज के मैदान पर चार मुकाबले देखने को मिले जिनमें अलवर के खिलाडियों ने काफी अच्छा प्रदर्शन करते हुए भरतपुर को हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित की वही नौगांव के खिलाडियों ने भी काफी अच्छा प्रदर्शन करते हुए भिवाड़ी पर अपनी विजय हासिल करते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई और गोबिंदगढ़ के खिलाडियों ने भी अच्छा प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाई। इसी क्रम में चौथा मुकाबला भिवाड़ी और राजगढ़ के बीच में हुआ जिसमें भिवाड़ी और राजगढ़ के खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में अपनी जगह निश्चित कर ली श्री गुरु दत्त निरंकारी एवं यश अरोरा तथा प्रीतम अरोड़ा टूर्नामेंट के अंपायर रहे। सेमीफाइनल तथा फाइनल मुकाबला रविवार 4 मई 2025 को होगा।

## राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर द्वारा अपना घर आश्रम में 250 वृध्दजनों के लिए एक दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जोरावर सिंह गेट स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर के रसशास्त्र एवं भैषज्य कल्पना विभाग द्वारा शनिवार को अपना घर आश्रम, जामडोली जयपुर में एक दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 250 वृद्धजनों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं औषधि वितरण कर उन्हें लाभान्वित किया गया।

शिविर में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर से डॉ अनुपम श्रीवास्तव, डॉ मोहर पाल मीणा, डॉ. रितेश रमानी, डॉ. सुभाष यादव एवं विभाग के चिकित्सक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

अपना घर आश्रम के अध्यक्ष अमिताभ कौशिक ने आश्रम में रहने वाले वृद्धजनों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए लगाए गए निशुल्क शिविर के लिये राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान की टीम का आभार व्यक्त किया ओर आगे भी इसी तरह के शिविरों के आयोजन करने के साथ भरतपुर केन्द्र पर भी निशुल्क शिविर आयोजित करने का आग्रह किया। जिससे वहां की बड़ी संख्या में आमजन को आयुर्वेद के माध्यम से अपने बेहतर स्वास्थ्य का लाभ मिल सके। इस अवसर पर अपना घर आश्रम में उपस्थित सभी लोगो ने वृद्धजनों की सेवा में कार्य कर सामाजिक उत्तरदायित्व को निभाने का संकल्प लिया।

## धर्म निरपेक्ष भारत में संविधान की उड़ रही धज्जियाँ : रावत

### राष्ट्रीय अध्यक्ष के आह्वान पर 17 मई को दौसा में होगी संविधान बचाओ रैली




बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के आह्वान पर दौसा में संविधान बचाओ रैली को लेकर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी की संविधान बचाओ अभियान की जिला समन्वयक पूर्व मंत्री शकुंतला रावत ने कांग्रेसीयों की बैठक ली द्य बैठक में 17 मई 2025 को पंडित नवल किशोर सामुदायिक भवन दौसा में सुबह 10 बजे रैली का आयोजन होगा। इस बैठक के दौरान 2 मिनट का मौन धारण कर पूर्व केंद्रीय मंत्री गिरिजा व्यास को श्रद्धांजलि दी गई।इस मौके पर बोलते हुए पूर्व मंत्री शकुंतला रावत ने कहा कि जिस तरह से संसद विधानसभाओं तक में विपक्ष के लोगों की आवाज दबाई जा रही है यह संविधान के विरुद्ध है। इनके शासन में संविधान की धज्जियाँ उड़ाई जा रही है। संविधान को पढ़ो और उस पर अमल करो। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर संविधान बचाओ रैली का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर सांसद मुरारीलाल मीणा, विधायक डी.सी. बैरवा, पूर्व विधायक जी आर खटाना, पूर्व विधायक ओमप्रकाश हुडला, जिलाध्यक्ष रामजीलाल ओढ़, प्रधान बीना बैरवा, प्रधान प्रहलाद, जिला प्रमुख हीरालाल सैनी, जिला परिषद सदस्य, एमपीएस, सरपंच, ब्लॉक अध्यक्ष, और मण्डल अध्यक्ष मौजूद रहे।

## बहादुरपुर स्कूल में लगाए पक्षियों के लिए परिंडे



बढ़ता राजस्थान

**अलवर।** नगर पालिका बहादुरपुर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में स्टाफ सदस्यों ने बेसहारा पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था हेतु पेड़ों पर परिंडे लगाए तथा उनमें पानी भरा। विद्यालय के प्रधानाचार्य मेहताब सिंह चौधरी ने बताया कि गर्मी की सीजन में पक्षियों को पानी के लिए दर-दर भटकना पड़ता है तथा कई दफा तो पानी क्या भाव में कुछ पक्षी दम तोड़ देते हैं। इस स्थिति को महसूस करके उप प्रधानाचार्य इब्राहिम खान के नेतृत्व में शारीरिक शिक्षक राजेंद्र सिंह वर्मा एवं सहायक कर्मचारी प्रिंस डंग ने पानी के परिंडो की विद्यालय परिसर में कई जगह व्यवस्था की। यह एक अनुकरणीय पहल है। विगत वर्ष भी स्कूल में पक्षियों के लिए परिंडे लगाने की व्यवस्था की गई थी। विद्यालय परिसर में इस वर्ष भी 75 पौधे हरे भरे लहलहा रहे हैं। उनमें भी पानी देने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। बारिश के पानी को वापस जमीन में रिचार्ज करने की भी विद्यालय में एक अनोखी व्यवस्था है। जिसमें संपूर्ण परिसर का पानी पुराने कुएं में डालकर वाटर रिचार्ज किया जाता है।

## मेला चौराहे पर 11 हजार केवी लाइन का तार टूटा
## विद्युत केबल पर अटका तार, सप्लाई बंद कर मरम्मत की

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ (राजकुमार गुप्ता)।** कस्बे के व्यस्त मेला चौराहे पर शनिवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई जब 11 हजार केवी विद्युत लाइन का तार अचानक टूटकर लटक गया। हादसे की आशंका से लोगों में दहशत का माहौल बन गया, लेकिन गनीमत रही कि टूटा हुआ तार नीचे गिरने की बजाय विद्युत केबल पर टिक गया और झूलता रहा, जिससे बड़ा हादसा टल गया। घटना के दौरान चौराहे पर मौजूद राहगीर और स्थानीय दुकानदार सहम गए। आनन-फानन में वहां से गुजरने वाले लोग रुक गए और यातायात भी ठप हो गया। मौके पर मौजूद दुकानदारों ने तुरंत विद्युत वितरण निगम को सूचना दी। सूचना मिलते ही निगम ने विद्युत सप्लाई बंद कर दी, जिससे क्षेत्र में और कोई नुकसान नहीं हुआ। बाद में एफआरटी (फॉल्ट रिपेयर टीम) दल मौके पर पहुंचा और टूटे हुए तार को जोड़कर विद्युत आपूर्ति बहाल की। स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली, लेकिन साथ ही विद्युत निगम से अनुरोध किया कि चौराहे पर जर्जर हो चुके तारों और उपकरणों की जल्द मरम्मत की जाए ताकि भविष्य में इस तरह के हादसे से बचा जा सके।




## घोड़ी पर धूमधाम से निकाली बेटी की बिंदौरी

बढ़ता राजस्थान

पावटा (सुशील कुमार बंसल)। बेटी बचाओं-बेटी पढ़ाओं अभियान से प्रेरित होकर ग्राम कैरोड़ी की ढ़ाणी नींबू वाला निवासी भारतीय जनता पार्टी के पूर्व मण्डल अध्यक्ष जयराम सिंह शेखावत ने अपनी बिटिया आरती कंवर की शादी में घोड़ी पर बैठाकर धूमधाम से बिंदौरी निकाली। उन्होंने कहा कि परिवार में कभी भी बेटा-बेटी में भेदभाव नहीं किया। बेटियों को भी बेटों के समान मानते हुए उन्हें भी अच्छी शिक्षा दिलवाई। उन्होंने बालिका शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि बेटियों को शिक्षित करना चाहिये। शेखावत ने बताया कि बेटी की घोड़ी से बिंदौरी निकालने का एकमात्र उद्देश्य समाज में बेटा बेटी के भेद को मिटाकर समानता का संदेश देना है। इस दौरान पावटा मंडल अध्यक्ष विरेन्द्र राठी, बिहारी सिंह शेखावत, बीरबल सिंह, बद्री प्रसाद चौहान, मुखराम धनकड़, रोहिताश तांखर, सागर सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# मलावदा को ग्राम पंचायत बनाने की मांग तेज, महुड़िया पंचायत गठन पर ग्रामीणों ने जताई आपत्ति

बढ़ता राजस्थान

**छोटीसादड़ी (नि.स.)।** निकटवर्ती मलावदा गांव के सैकड़ों ग्रामीणों ने नवगठित ग्राम पंचायत महुड़िया के गठन पर कड़ा ऐतराज जताते हुए मलावदा को स्वतंत्र ग्राम पंचायत बनाने की मांग की है। इस संबंध में ग्रामीणों ने पंचायती राज मंत्री, क्षेत्रीय विधायक श्रीचंद कृपलानी, जिला कलेक्टर सहित विभिन्न अधिकारियों को सामूहिक रूप से ज्ञापन भेजकर अपनी आपत्तियाँ दर्ज कराईं। ग्रामीणों का कहना है कि महुड़िया को ग्राम पंचायत बनाने में सरकार द्वारा निर्धारित मानदंडों की अनदेखी की गई है। महुड़िया गांव आज भी आवागमन के लिए पूरी तरह से सुलभ नहीं है। यह गांव मुख्य प्रतापगढ़ मार्ग से करीब 2.5 किलोमीटर की लीक रोड से जुड़ा है, जबकि मलावदा सीधे स्टेट हाईवे 15 पर स्थित है, जिससे आवागमन, प्रशासनिक कार्य एवं विकास योजनाओं की पहुंच में सहूलियत मिलती है।

### टीएसपी वर्ग की अधिक आबादी मलावदा में

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि अनुसूचित जनजाति (टीएसपी) की अधिक आबादी मलावदा में निवास करती है। मलावदा में टीएसपी के लगभग 100 परिवार हैं, जबकि महुड़िया में केवल 25-30 परिवार ही हैं। इस लिहाज से भी विकास योजनाओं के लाभ का संतुलन मलावदा के पक्ष में है।

### सरकारी भूमि और बुनियादी सुविधाओं से युक्त है मलावदा

मलावदा में सभी सरकारी कार्यालयों के लिए पर्याप्त सरकारी भूमि उपलब्ध है। साथ ही, जल जीवन मिशन के अंतर्गत गांव के सभी घरों में नल कनेक्शन हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जब पूर्व में पंचायत गठन हुआ था, तब भी महुड़िया को गोमाना पंचायत में रखा गया था, क्योंकि वहां संसाधनों की कमी थी।

### ग्रामीणों की दो टूक मांग

ग्रामीणों ने मांग की है कि नवगठित ग्राम पंचायत का मुख्यालय महुड़िया की बजाय मलावदा में स्थापित किया जाए। यदि किसी कारणवश यह संभव नहीं हो तो मलावदा को पुनः ग्राम पंचायत गोमाना में शामिल किया जाए।इस मांग में इस गांव के जनप्रतिनिधियों व इसी गांव के वर्तमान व पूर्व सरपंच भी सम्मिलित है।

# कोटा रेल मंडल में कोचों में अग्नि संरक्षा सुनिश्चिति के लिए सेमीनार आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**कोटा।** मंडल कार्यालय के सभागार में गुरूवार को प्रवीन खोराना-प्रमुख मुख्य सरक्षा अधिकारी पमरे के निर्देशन में प्रगेश निम्बालकर-उप मुख्य संरक्षा अधिकारी (यॉँत्रिक) पमरे द्वारा कोचों में अग्नि संरक्षा हेतु संरक्षा सेमीनार का आयोजन किया गया। संरक्षा सेमिनार में अनिल कालरा मंडल रेल प्रबंधक, ललित कुमार धुरंधर अपर मंडल रेल प्रबंधक एवं गोरधन मीना वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी सहित यॉत्रिक विभाग, विद्युत विभाग, विद्युत कर्षण परिचालन विभाग, परिचालन विभाग, वाणिज्य विभाग, सुरक्षा विभाग एवं संरक्षा विभाग के अधिकारीगण तथा 80 से अधिक कर्मचारियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। इसके अतिरिक्त फील्ड के कर्मचारी भी सेमीनार में ऑनलाईन शामिल हुए। पिछले एक साल में भारतीय रेलवे में कोचों में आग लगने की सभी घटनाओं के मूल कारणों का विश्लेषण करते हुए उप मुख्य संरक्षा अधिकारी (यांत्रिक) मुख्यालय द्वारा एक प्रस्तुती दी गई जिसमें घटनाओ के मूल कारणों की जानकारी एवं उपायों की जानकारी कर्मचारियों को दी गई। एफडीएसएस व एफएसडीएस और अग्निशामक यंत्रों के कामकाज को समझाने के लिए कई छोटे-छोटे वीडियों क्लिप दिखाये गए। प्रतिभागियों के ज्ञान को बढ़ाने के लिए पेंट्रीकार की कार्य प्रणाली के दौरान संरक्षा सुनिश्चित करने हेतु भी मार्गदर्शन कराये गए। पार्सल में प्रतिबंधित वस्तुओ, एवं लाल टैरिफ के अंतर्गत प्रतिबंधित वस्तुओं के बारे में विस्तार से बताया गया। कोचो में अग्नि संरक्षा सुनिश्चित करने हेतु रेलवे के ऑन बोर्ड कर्मचारियों जागरूक किया गया। हाल ही में दिनांक 25 अप्रैल को. जबलपुर मंडल में बीटीपीएन पेट्रोल वैगन में लगी आग की घटना को ध्यान में रखते हुए बीटीपीएन और बीटीपीजीएलएन वैगनों के मामले में अग्निशमन की जानकारी सभी प्रतिभागियों को दी गई एवं कोचों में अग्नि संरक्षा सुनिश्चित करने हेतु वर्तमान में चल रहे %कोचों में अग्नि संरक्षा अभियान को 16 मई तक जारी रखने हेतु निर्देशित किया गया।

# 4 मई को आयोजित होगी नीट (यूजी) परीक्षा-2025

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेन्सी (एनटीए) द्वारा आयोजित नीट (यूजी) परीक्षा-2025 दिनांक 04.05.2025 को बून्दी जिले में निर्धारित कुल 06 परीक्षा केन्द्रों (जिला मुख्यालय) पर दोपहर 02.00 बजे से सायं 05.00 बजे तक आयोजित होगी जिसमें जिले में कुल 2568 परीक्षार्थी भाग लेंगे। नोडल अधिकारी एवं अति0 जिला कलक्टर सुदर्शन सिंह तोमर द्वारा अवगत कराया गया कि जिले में परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए एनटीए द्वारा परीक्षा केन्द्र पर केन्द्र पर्यवेक्षक (480 परीक्षार्थी पर 01 एवं 480 से अधिक परीक्षार्थी पर 02) नियुक्त किया गया है। सुरक्षा की दृष्टि से परीक्षा के दौरान निरीक्षण हेतु प्रत्येक केन्द्र पर 01 ड्यूटी मजिस्ट्रेट एवं 01 पुलिस नोडल अधिकारी की नियुक्ति की गई है तथा प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर पर्याप्त पुलिस बल की नियुक्ति की गई हैं। प्रत्येक केन्द्र पर अनाधिकृत/डमी व्यक्तियों/अनुपस्थित अभ्यर्थियों/अनुचित साधनों विधि विरूद्ध क्रिया कलापों इत्यादि के साक्ष्य संग्रहण हेतु 01 वीडियोग्राफर द्वारा वीडियोग्राफी की जावेगी। परीक्षार्थी का परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 01:30 बजे तक ही अनुमत होगा। जिला पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र कुमार मीणा द्वारा अवगत कराया गया कि सम्पूर्ण पुलिस व्यवस्था को कॉर्डिनेट करने हेतु श्रीमती उमा शर्मा अति0 पुलिस अधीक्षक को जिला स्तर पर पुलिस नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुये सहायतार्थ पर्याप्त पुलिस अधिकारियों/कार्मिकों का जाप्ता परीक्षा केन्द्रों पर विषेष निगरानी व सुरक्षा हेतु नियोजित किया गया है। साथ ही साईबर सैल को सक्रिय करते हुये सीसीटीवी केमरों, मेटल डिटेक्टर इत्यादि आधुनिक तकनीकों का उपयोग करते हुये असामाजिक तत्वों पर नियंत्रण की एडवांस व्यवस्था की गई है। परीक्षार्थियों की सुविधा हेतु कानून व्यवस्था, ट्रैफिक प्रबंधन तथा नकल विरोधी सख्त कदम उठाने पर विशेष जोर दिया गया है।अक्षय गोदारा, जिला मजिस्ट्रेट बून्दी द्वारा सम्पूर्ण परीक्षा प्रक्रिया की गोपनीयता, षुचिता एवं सुरक्षा को लेकर व्यक्तिषः मॉनिटरिंग की जा रही है। श्री गोदारा द्वारा अवगत कराया गया कि परीक्षा केन्द्र पर प्रश्नपत्रों की गोपनीयता के मध्य नजर केन्द्राधीक्षक के अलावा अन्य किसी व्यक्ति/अधिकारी/अभ्यर्थी इत्यादि को मोबाईल लेकर प्रवेश करने की अनुमति नही होगी। परीक्षा केन्द्र पर केन्द्राधीक्षक का ही मोबाईल अनुमत होगा। इस परीक्षा के सफल संचालन हेतु जिला कलेक्ट्रेट कमरा नं0 34 में एक नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जिसका दूरभाष नम्बर 0747-2940097 है। कंट्रोल रूम के प्रभारी श्री कौशल किशोर जैन उप प्राचार्य पीएम श्री राउमावि धोवडा मो. 9887861720 है।

# जिला कलक्टर ने चिकित्सालयों का किया औचक निरीक्षण
## सफाई और कूलर व्यवस्था सुधारने के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ।** जिला कलक्टर आलोक रंजन ने शनिवार को जिला राजकीय चिकित्सालय, महिला एवं बाल चिकित्सालय एवं जिला सांवलिया जी चिकित्सालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आउटडोर में मरीजों व उनके परिजनों से मुलाकात कर चिकित्सा सुविधाओं के संबंध में फीडबैक लिया।

निरीक्षण के दौरान मरीजों के परिजनों द्वारा ब्लड बैंक में रक्त की कमी और 108 एंबुलेंस की उपलब्धता में समस्याओं से अवगत कराया गया। जिला कलक्टर ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश में भीषण गर्मी का दौर चल रहा है, इसी को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार यह निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कुछ वार्डों में शौचालयों की साफ-सफाई की स्थिति असंतोषजनक पाई गई, जिस पर पीएमओ को तत्काल सफाई सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए गए। साथ ही वार्डों में ठंडक के लिए पर्याप्त कूलर नहीं पाए जाने पर कूलर की संख्या बढ़ाने हेतु भी निर्देश जारी किए गए हैं। ब्लड बैंक में रक्त की कमी की समस्या पर गंभीरता से संज्ञान लेते हुए उन्होंने पीएमओ को निर्देशित किया कि मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध करवाया जाए।

वहीं महिला एवं बाल चिकित्सालय में 108 एंबुलेंस की समय पर उपलब्धता न होने की शिकायत पर संबंधित अधिकारियों से बात कर आवश्यक निर्देश दिए गए हैं ताकि इमरजेंसी में मरीजों को अन्यत्र चिकित्सा सुविधा हेतु समय पर एंबुलेंस मुहैया करवाई जा सके। निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय पीएमओ डॉ. दिनेश वैष्णव, डॉ. मनीष वर्मा, डॉ. जगदीश चौधरी एवं डॉ. राजेश स्वामी उपस्थित रहे।



# सुरक्षित रेल सफर की सीख देगा छोटा भीम

बढ़ता राजस्थान




**कोटा।** जन जागरूकता और रेलवे सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए एक अनूठी पहल के तहत पश्चिम रेलवे छोटा भीम के साथ जुड़ गया है। पश्चिम रेलवे शैक्षणिक और आउटरीच गतिविधियों के लिए छोटा भीम की दुनिया के प्रिय पात्रों का उपयोग करेगी। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी और छोटा भीम के निर्माता, ग्रीन गोल्ड एनिमेशन प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ और प्रबंध निदेशक ने 2 मई, 2025 को जियो वर्ल्ड सेंटर, मुंबई में आयोजित विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन 2025 में लैटर ऑफ कोलेबरेशन पर हस्ताक्षर किए। रेलवे आम जनता के दिलों तक पहुँचने के लिए अपरंपरागत तरीका अपनाएगी। छोटा भीम और उसके परिवार के चरित्रों का उपयोग प्रिंट, डिजिटल, टेलीविजन, रेडियो और पोस्टर तथा स्कूल कार्यक्रमों जैसे भौतिक प्रतिष्ठानों सहित विभिन्न मीडिया प्रारूपों में एक वर्ष की अवधि के लिए किया जाएगा। इस रणनीतिक सहयोग का उद्देश्य रेलवे परिसर में रेलवे सुरक्षा और जिम्मेदार व्यवहार पर आवश्यक संदेशों को प्रभावी ढंग से संप्रेषित करने के लिए छोटा भीम फ्रैंचाइज़ की व्यापक अपील का लाभ उठाना है, विशेष रूप से युवा दर्शकों और परिवारों को लक्षित करना। उल्लेखनीय रूप से, छोटा भीम की राष्ट्रव्यापी और वैश्विक लोकप्रियता का बच्चों पर अच्छा प्रभाव पड़ता है और उन्हें सकारात्मक रूप से प्रभावित करने की क्षमता है। पश्चिम रेलवे की पहल इन परिचित पात्रों को जनहित अभियानों में एकीकृत करके पहुंच और जुड़ाव बढ़ाने के लिए इस भावना के अनुरूप है।यह साझेदारी रेलवे सुरक्षा शिक्षा को और अधिक आकर्षक और सुलभ बनाने की दिशा में एक कदम है।

छोटा भीम और परिवार की मदद से, पश्चिम रेलवे को उम्मीद है कि इससे एक स्थायी प्रभाव पैदा होगा और बच्चों और आम जनता को शिक्षित किया जा सकेगा। यह सहयोग रचनात्मक आउटरीच के माध्यम से जन कल्याण को बढ़ावा देने के दोनों संगठनों के साझा लक्ष्य के अनुरूप है।

# गुस्साए ड्राइवर ने ट्रेलर से आरटीओ-इंस्पेक्टर को कुचलकर मार डाला
## कोटा में फ्लाइंग टीम ने चालान बनाया था पहले चला गया, फिर आकर गाड़ी चढ़ा दी

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (विनोद गौड़)।** कोटा में चालान काटने से गुस्साए ड्राइवर ने ट्रेलर से आरटीओ इंस्पेक्टर को कुचल दिया। ट्रेलर के टायर पेट के ऊपर से गुजरने के कारण आरटीओ इंस्पेक्टर नरेश बरवाल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि परिवहन विभाग की बोलेरो का ड्राइवर घायल हो गया। घटना कोटा- झालावाड़ नेशनल हाईवे 52 पर मंडाना इलाके के गोपालपुरा माताजी 8 लाइन टोल प्लाजा के पास शनिवार देर शाम 7 बजे हुई।

डीएसपी राजेश ढाका ने बताया कि कुन्हाड़ी, कोटा निवासी आरटीओ इंस्पेक्टर नरेश बरवाल (38) की मौत हुई है। वहीं बोलेरो ड्राइवर देवेंद्र गंभीर घायल हो गया। पुलिस ने घायल को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। आरटीओ इंस्पेक्टर के साथ मौजूद गार्ड अरविंद प्रसाद ने बताया ट्रेलर ड्राइवर गाड़ी को लहराता हुआ चित्तौड़गढ़ की तरफ से आ रहा था और झालावाड़ जा रहा था। फ्लाइंग दस्ते में मौजूद बोलेरो ड्राइवर ने ट्रेलर ड्राइवर का फोटो खींचा और आरटीओ इंस्पेक्टर नरेश बरवाल ने चालान बना दिया। कुछ देर बाद ड्राइवर वापस ट्रेलर लेकर आया। उस दौरान आरटीओ इंस्पेक्टर नरेश बरवाल सड़क पर खड़े हुए थे। ड्राइवर ने आरटीओ इंस्पेक्टर के ऊपर ट्रेलर चढ़ाने की कोशिश की। बोलेरो ड्राइवर ने गाड़ी को किसी तरह इधर-उधर किया। हालांकि ट्रेलर ड्राइवर ने इंस्पेक्टर पर गाड़ी चढ़ा दी। फिर बोलेरो को टक्कर मारता हुआ आगे निकल गया। हम लोग आरटीओ इंस्पेक्टर को संभालने में लग गए। ड्राइवर ट्रेलर छोड़कर फरार हो गया।

# माजीसा के जयकारों के बीच हुई मूर्ति स्थापना, चढ़े शिखर कलश और ध्वजाएं
## माता राणी भटियाणी प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का पूर्णाहुति के साथ समापन




बढ़ता राजस्थान

**जालोर,(नि.स.)।** रायथल गांव में नवनिर्मित माता रानी भटियाणी मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव शनिवार को भक्ति, श्रद्धा और भक्तों की एकता का अनुपम उदाहरण बनकर संपन्न हुआ। नवनिर्मित मंदिर मे लाभार्थी परिवारों की ओर से मूर्ति स्थापित एवं गाजे-बाजे के साथ मंदिर शिखर पर कलश व ध्वजा स्थापना की गई। श्रद्धालुओं ने रानी भटियाणी, सवाईसिंह आदि के जयकारों से वातारण धर्ममय हो गया। धार्मिक अनुष्ठान में प्रख्यात पंडितों के वैदिक मंत्र उच्चारण करते हुए हवन और पूजन संपन्न कराया। पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल में सराबोर रहा।महोत्सव का शुभारंभ शोभायात्रा के साथ हुआ, जिसमें हजारों ग्रामीणों ने पारंपरिक वेशभूषा में भाग लिया। मंदिर परिसर में तीन दिवसीय हवन-पूजन और हजारों श्रद्धालुओं ने श्रद्धा भाव से प्रसादी को ग्रहण की। आयोजन में धूमड़ा महंत राजभारती महाराज, महंत पारसराम जेतेश्वरधाम सिणधरी, खंडप नागाजी महाराज श्रीमठ महंत उमाकांतगिरी महाराज, महंत संतोषभारती रायथल, आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित, नौसरा थानाधिकारी पन्नालाल, भवरानी चौकी प्रभारी दीपसिंह राजपुरोहित आदि ने शिरकत कर ग्रामीणों की एकता और अनुशासन की भूरी-भूरी प्रशंसा की। इस अवसर पर विधायक राजपुरोहित ने कहा कि माताजी के भक्तों ने जो अनुशासन, एकता और सेवा भाव दिखाया है, वह अन्य के लिए भी प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने माजीसा आराधक नारायणसिंह की सक्रियता और धार्मिक धरोहरों को संजोने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने युवा पीढ़ी को शिक्षा के क्षेत्र और अधिक सशक्त बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। माजीसा घूमर घालो तो शंभू ढोल बजावें भजन पर जमकर नाचे महिलाएं व पुरुष एक शाम माता राणी भटियाणी के नाम धार्मिक भक्ति संध्या के तहत शुक्रवार रात्रि को भजन संध्या का आयोजन हुआ। जिसमें भजन गायक शंभु राणा केतू एंड पार्टी ने भजनों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर भक्तों को झूमने पर विवश कर दिया। कार्यक्रम का आगाज गणेश वंदना से हुआ। इसके बाद कलाकार शंभू राणा ने माजीसा घूमर घालो तो शंभू ढोल बजा दे...., खम्मा भोमिया जन्मया....., मां भटीयाणी सा ने खम्मा घणी..... आदि भजनों की प्रस्तुतियां दी तो बड़ी संख्या में छोटे बच्चे, युवक-युवतियां व महिला-पुरुष झूम उठे।

# पार्क में आपत्तिजनक अवस्था में घूमने पर स्थानीय निवासियों का विरोध कोचिंग छात्र व छात्र के साथ में कर दी मारपीट



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** दादाबाड़ी इलाके के एक पार्क में आपत्तिजनक अवस्था में घूमने का आरोप लगाते हुए स्थानीय लोगों ने हंगामा खड़ा कर दिया और नीट की तैयारी कर रहे एक युवक व युवती के साथ मारपीट कर दी। मारपीट में घायल युवक युवती कोचिंग स्टूडेंट बताएं जा रहे हैं । छात्र छात्रा व स्थानीय लोग आपस में ही भिड़ गए,,लाठियो से मारपीट की वारदात के बाद छात्र और छात्र के शरीर पर चोट जगह-जगह चोट के निशान है,,, छात्र ने स्थानीय लोगों पर छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए थाने में शिकायत दर्ज करवाई तो वही स्थानीय लोगों ने भी छात्र-छात्रा पर आपत्तिजनक स्थिति में घूमने और अश्लीलता फैलाने का आरोप लगाया,,,जानकारी के अनुसार सद्भावना पार्क में ह्श्वश्वञ्ज की तैयारी कर रहे छात्र-छात्रा बैठे थे। पार्क समिति के बुजुर्ग सदस्य ने उन्हें जाने को कहा, जिस पर विवाद हो गया। दोनों पक्षों ने थाने में शिकायत दी है।यूपी के रहने वाले 18 वर्षीय छात्र ने बताया कि वह दोस्त के साथ एडमिट कार्ड की चर्चा कर रहा था। इसी दौरान कुछ लोग आए और लाठियों से मारपीट शुरू कर दी। छात्र का मेडिकल कराया गया है।

पीड़िता त्रिपुरा निवासी छात्रा ने बताया कि रविवार को उसकी ह्श्वश्वञ्ज परीक्षा है।,, ऐसे में उनके साथ हुई वारदात के बाद वह दहशत में है, दादाबाड़ी थाना पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर जांच शुरू कर दी।

# अशोक गहलोत के जन्मदिवस पर जनसेवा का अनोखा आयोजन, विशाल चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के जन्मदिवस को उनके समर्थकों ने अनोखे अंदाज़ में मनाते हुए इसे जनसेवा का प्रतीक बना दिया सिख कल्याण बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष हरपाल सिंह राणा के नेतृत्व में विज्ञान नगर स्थित डकनिया स्टेशन पर विशाल चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस मेगा मेडिकल कैंप में स्त्री रोग, हड्डी रोग, नेत्र रोग, दंत चिकित्सा सहित कई अन्य रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएँ दीं। शिविर में दिनभर सैकड़ों लोगों ने लाभ उठाया। नि:शुल्क परामर्श के साथ-साथ ज़रूरतमंदों को मुफ्त दवाइयाँ और चश्मे भी वितरित किए गए, हरपाल सिंह राणा ने बताया कि अशोक गहलोत की राजनीतिक जीवनशैली सदैव जनसेवा पर आधारित रही है। उनका जीवन हमेशा वंचितों, गरीबों और जरूरतमंदों की सेवा के लिए समर्पित रहा है। हम चाहते थे कि उनके जन्मदिवस को किसी भव्य आयोजन की बजाय जनहित में सेवा के रूप में मनाया जाए ।



# ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने सांगोद में रघुनाथ जी के नवीन मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में लिया भाग

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** ऊर्जा मंत्री श्री हीरालाल नागर ने शनिवार को सांगोद क्षेत्र के बंबुलिया ग्राम में चल रहे प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में भाग लिया। इस दौरान रघुनाथ जी महाराज के नवीन मंदिर एवं शिव परिवार के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भाग लिया। शनिवार को महोतसव की पूर्णाहुति हुई। इस दौरान मंत्री नागर ने प्रसाद भी चखा। मंत्री श्री नागर ने कहा कि धर्म की जड़ पाताल में है। भगवान रघुनाथ जी का आशीर्वाद जन-जन पर है। उनके आशीर्वाद से संपूर्ण क्षेत्र धन-धान्य से परिपूर्ण हो रहा है। सेवा के माध्यम से हम अपने धर्म और समाज को आगे बढ़ने का काम कर रहे हैं। इस दौरान जिला प्रमुख मुकेश मेघवाल, प्रधान जयवीर सिंह, प्रधान ओम नागर अड़ूसा तथा क्रय विक्रय सहकारी समिति के अध्यक्ष ओम मेहता भी मौजूद रहे।

# छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** कोटा के रानपुर क्षेत्र के झोपड़िया गांव में यूनिवर्सिटी की एक छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। छात्रा का शव घर के बाहर नीम के पेड़ पर फंदे पर लटका मिला। छात्रा को फंदे से उतार कर अस्पताल ले जाया गया, जहां ड्यूटी डॉक्टर ने छात्रा को मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक बीती रात घर के सभी सदस्य गांव में ही एक शादी समारोह में शामिल होकर वापस घर लौटे थे और इसके बाद सभी अपने हिसाब से सो गए थे। सुबह छात्रा का शव घर के बाहर नीम के पेड़ पर फंदे से लटका हुआ मिला । छात्रा प्रिया रानपुर क्षेत्र की निजी यूनिवर्सिटी की प्रथम वर्ष की छात्रा थी । छात्रा किस बात को लेकर तनाव में थी और उसने आत्महत्या क्योंकि फिलहाल इसका पता नहीं चल पाया है रानपुर थाना पुलिस प्रकरण की जांच कर रही है।

दैनिक बढ़ता राजस्थान

# डांग क्षेत्र के सोने का गुर्जा और सेवर पाली में स्कूल और हॉस्पिटल का निरीक्षण

## तहसीलदार उत्तम चंद बंसल ने अनुपस्थित कार्मिको को जारी किए नोटिस

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी 03 मई ( राजू शर्मा )।** उपखंड के डांग क्षेत्र में चंबल किनारे स्थित गांव सोने का गुर्जा में स्कूल और सेवर पाली में हॉस्पिटल का तहसीलदार उत्तमचंद बंसल ने जिला कलेक्टर के निर्देश पर औचक निरीक्षण किया। तहसीलदार को निरीक्षण के दौरान गांव के अस्पताल में जहां चिकित्सक मौजूद नहीं मिले। वहीं नर्सिंग अधिकारी भी नदारद मिले। एक महिला सीनियर नर्सिंग अधिकारी ही पूरे अस्पताल को संभालती नजर आई। जब चिकित्सक और अन्य स्टाफ को लेकर उनसे मामले की जानकारी ली तो वे संतुष्ट पूर्ण जवाब नहीं दे सकी। इसके बाद तहसीलदार बंसल ने गांव सोने का गुर्जा के यूपीएस स्कूल का निरीक्षण किया। जिसमें स्टाफ तो मौजूद मिला लेकिन बच्चों के लिए कई महीनो से दूध नहीं आने की शिकायत मिली। स्कूल में कुकिंग स्टाफ को एक वर्ष से मानदेय ही नही दिया गया है। ऐसे में



विभागीय अधिकारियों से पूरे मामले की जानकारी ली गई है। तहसीलदार उत्तम चंद बंसल ने बताया कि राज्य सरकार और धौलपुर जिला कलेक्टर के निर्देश पर भीषण गर्मी को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्र में चिकित्सा,शिक्षा,पेयजल जैसी आधारभूत समस्याओं को लेकर यह विशेष निरीक्षण किया गया है। जिसमें सेवर पाली के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया गया जिसमें चिकित्सक अनुपस्थित मिले।मौके पर मौजूद एक सीनियर नर्सिंग अधिकारी निर्मला सिंह ने बताया की चिकित्सक का ट्रांसफर हो गया है। जब मौके पर रजिस्टर चेक किया तो उसमें ना तो उन्हें रिलीव किया गया और ना ही किसी प्रकार का कोई आदेश मेंटेन था। 2 महीने से रजिस्टर खाली पड़ा है। जिसको लेकर सीएमएचओ को मामले की जानकारी देने और रिकॉर्ड मेंटेन के लिए निर्देशिय किया है साथ में नर्सिंग अधिकारी के चार पदों में से सभी नर्सिंग अधिकारी अनुपस्थित मिले हैं। एक टूर पर बताया गया। जिसका स्पष्टीकरण मिलने पर उसे ड्रॉप करते हुए तीन नर्सिंग अधिकारियों को नोटिस जारी किए हैं।

### सेवर पाली पुल का निरीक्षण

**गांव में चंबल नदी पर बनाये जा रहे पुल का तहसीलदार ने निरीक्षण किया। सीनियर सेकेंडरी स्कूल के पास से एप्रोच रोड के साथ पुल खत्म किया जाएगा। जिससे स्कूल के भवन या बच्चों को कोई परेशानी नहीं हो इसको लेकर कंपनी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।**

# गर्मी की व्यवस्थाओं का निरीक्षण

## कलेक्टर बालमुकुंद असावा ने आरके हॉस्पिटल पहुंच कर व्यवस्थाओं को देखा

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद।** राजसमंद में कलेक्टर बालमुकंद असावा ने आज आरके हॉस्पिटल में गर्मी की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। कलक्टर बालमुकुंद असावा ने आर. के. हॉस्पिटल का औचक निरीक्षण किया हॉस्पिटल में विशेष रूप से गर्मी के मौसम से निपटने के लिए किए गए प्रबंधों को देखा ओर चर्चा की। निरीक्षण के दौरान सभी वार्डों में पंखों और कूलरों की व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। कलेक्टर ने चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि गर्मी के प्रकोप को देखते हुए पंखे और कूलर निरंतर रूप से संचालित रहें व किसी भी उपकरण के खबरा होने पर तुरंत उसे रिपेयर कराया जाए। कलेक्टर ने कहा कि मरीजों को कम से कम समय में अधिक से अधिक राहत दें। व्यवस्थाओं की कमी से मरीजों को भीड़ में खड़े न रहना पड़े और समय पर मरीजों का उपचार हो जाएं।

# पहलगाम हमलों के बाद पुलिस का सघन तलाशी अभियान जारी

### जिला कोटपूतली-बहरोड़ में पुलिस अलर्ट मोड़ पर

## अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी व रोहिंग्या नागरिकों की पहचान शुरू

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली। ( बिल्लूराम सैनी )।** जम्मु कश्मीर के पहलगाम में हुये आतंकी हमलों में निर्दोष नागरिकों की हत्या के घृणित घटनाक्रम के बाद राजस्थान सरकार व पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार कोटपूतली-बहरोड़ जिला पुलिस द्वारा भी एसपी राजन दुष्यंत के नेतृत्व में जिले भर में सघन तलाशी अभियान शुरू किया गया है। अभियान के शुरूआती चरण में ही जहाँ पुलिस ने अवैध रूप से रह रहे करीब 43 बांग्लादेशियों को डिटेन किया है। वहीं अभी तक जिले के सभी थानों में 01 हजार से अधिक संदिग्धों के कागजात जाँचे जा चुके है। एसपी दुष्यंत ने बताया कि प्रदेश भर में राजस्थान पुलिस अलर्ट मोड़ पर है। जिसके चलते कोटपूतली-बहरोड़ जिले में भी अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों, रोहिंग्याओं समेत पाकिस्तान आदि अन्य देशों के संदिग्धों की पहचान कर डिटेन की कार्यवाही शुरू की गई है। इसके चलते जिले के सभी थानों में विशेष अभियान शुरू किया गया है। एसपी दुष्यंत के निर्देश पर थानाधिकारियों ने अपने अपने क्षेत्र में रह रहे अवैध बांग्लादेशियों के कागजात जाँच करने का कार्य शुरू करते हुये उन्हें डिटेन करने की कार्यवाही शुरू की है। इसी क्रम में बहरोड़ थाने के एसएचओ विक्रांत शर्मा के नेतृत्व में पुलिस ने 07 बांग्लादेशियों मय 01 नाबालिग, शाहजहांपुर थाना एसएचओ मनोहर मीणा के नेतृत्व में पुलिस ने 31 बांग्लादेशियों मय 06 नाबालिग व नीमराणा एसएचओ राजेश कुमार मीणा के नेतृत्व में 05 बांग्लादेशियों मय 01 नाबालिग को डिटेन किया है। इस प्रकार थाना पुलिस ने करीब 43 बांग्लादेशियों की पहचान कर उन्हें बहरोड़ स्थित डिटेंसन सैंटर में रखा है। एसपी दुष्यंत ने बताया कि इन सभी बांग्लादेशियों के निष्कासन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसी प्रकार सरूण्ड थाना क्षेत्र में अभी तक करीब 250 संदिग्धों के कागजात जाँचे जा चुके है। एसएचओ बाबूलाल मीणा ने बताया कि विभिन्न क्रेशर प्लांटों पर करीब 250 लोगों के दस्तावेज जाँचे गये है। थाना क्षेत्र में अभी तक अवैध रूप से रह रहा कोई भी बांग्लादेशी नागरिक नहीं मिला है। पुलिस लगातार सर्च अभियान चला रही है। जिले भर में पुलिस आईटी का सहारा लेकर भी संदिग्ध बांग्लादेशियों की पहचान करने व रिकॉर्ड खंगालने की कार्यवाही कर रही है। वहीं कोटपूतली थाना पुलिस एक-दो दिन में कोटपूतली शहर के विभिन्न ईलाकों में भी सघन तलाशी अभियान शुरू करने वाली है।

# कोटपूतली के बीडीएम अस्पताल में आंधी से पेड़ गिरे, जन औषधि केंद्र पर टूटा विशाल पेड़

### ट्रॉमा सेंटर और ब्लड बैंक पर भी मंडरा रहा खतरा, प्रशासन अब भी लापरवाह

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली। ( बिल्लूराम सैनी )।** शनिवार को आई तेज आंधी ने कोटपूतली कस्बे मे स्थित राजकीय बीडीएम जिला हॉस्पिटल परिसर में अफरा-तफरी मचा दी। तेज हवाओं के चलते अस्पताल परिसर में कई पेड़ धराशायी हो गए। इनमें से एक बड़ा पेड़ प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र पर भी गिरा। राहत की बात रही कि इस हादसे में किसी प्रकार की जन हानि नहीं हुई पेड़ गिरने से जन औषधि केंद्र और आसपास के हिस्से का रास्ता अवरुद्ध हो गया था, जिससे मरीजों और स्टाफ को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बाद में रास्ते को अस्थाई रूप से खुलवाया गया।स्थानीय लोगों ने बताया कि आंधी के साथ तेज धूल भरी हवाएं भी चलीं, जिससे पूरे क्षेत्र में कुछ समय के लिए




हड़कंप मच गया।गौरतलब है कि ठीक एक हफ्ते पहले भी ऐसी ही घटना हो चुकी है, लेकिन इसके बावजूद प्रशासन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। ऐसा प्रतीत होता है जैसे प्रशासन किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहा है।बीडीएम अस्पताल परिसर में अब भी कई पेड़ जर्जर हालत में हैं और गिरने के कगार पर खड़े हैं। इनमें से कई पेड़ ट्रॉमा सेंटर और ब्लड बैंक, सरकारी क्वार्टर के पास हैं, जो कि अत्यंत संवेदनशील क्षेत्र हैं। यदि इन स्थानों पर कोई पेड़ गिरता है, तो बड़ा हादसा हो सकता है, जिससे न केवल जनहानि बल्कि चिकित्सा सेवाएं भी बाधित हो सकती हैं।इसके बावजूद अब तक इन पेड़ों को सुरक्षित तरीके से हटाने की कोई ठोस कार्यवाही शुरू नहीं की गई है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है ताकि भविष्य में होने वाली किसी अनहोनी को टाला जा सके।

### सर्राफा व्यापारी से हुई लूटपाट और जानलेवा हमले का मामला

# गिरफ्त में आए बदमाशों से पुलिस कर रही पूछताछ, मास्टरमाइंड हंसा की तलाश जारी

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर में रेलवे फाटक के पास 28 अप्रैल को सर्राफा व्यापारी अनिल बंसल के साथ हुई लूटपाट की घटना और जानलेवा हमले के मामले में कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को मामले का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया था। तीनों आरोपियों का न केवल शहर के बाजार में जुलूस निकाला गया बल्कि कोर्ट में पेश कर 4 दिन के पीसी रिमांड पर लिया है। एसएचओ अमित शर्मा तीनों बदमाशों से घटनाक्रम को लेकर पूछताछ में जुटे है। जिसमे फरार आरोपी एवं मास्टरमाइंड हंसराम उर्फ हंसा गुर्जर को लेकर पूछताछ की जा रही है। वही वारदात में इस्तेमाल की गई बाइक और हथियार के साथ शेष बचे माल और रुपयों की बरामदगी के लिए भी प्रयास जारी है।

एसएचओ अमित शर्मा ने बताया की गिरफ्त में आए बदमाश रामनाथ गुर्जर, सचिन गुर्जर और शीशराम गुर्जर से पूछताछ की जा रही है। वारदात में जो बाइक और हथियार उपयोग लिया गया। उसकी बरामदगी का प्रयास किया जा रहा है। शेष बचे माल और रुपयों को लेकर भी पूछताछ जारी है।

### वारदात को अंजाम देने वाले बदमाश शातिर,पूर्व का आपराधिक रिकॉर्ड

लूटपाट और सर्राफा व्यापारी को गोली मारने वाले बदमाशों को लेकर जानकारी मिली है कि तीनों बदमाशों पर कंचनपुर और सदर थाने में मामले दर्ज हैं। मुख्य आरोपी रामनाथ गुर्जर जो बीजेपी के किसान मोर्चा का मंडल अध्यक्ष रहा है। उसके खिलाफ कंचनपुर थाने में तीन मामले दर्ज हैं। कंचनपुर एसएचओ अनूप सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ दो मारपीट के मामले और एक लूट एवं धमकी का मामला दर्ज है।

वही रामनाथ गुर्जर के साले एवं निधारा गांव निवासी आरोपी शीशराम गुर्जर ने भी 2 महीने पहले बसेड़ी रोड पर एक पेट्रोल पंप पर फायरिंग और लूट की घटना की थी। जिसका मामला सदर थाने में दर्ज है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। तीसरे बदमाश सचिन गुर्जर के मामले में जानकारी मिली है कि उसके खिलाफ भी कंचनपुर थाने में 2022 का लूट का मामला दर्ज है। ऐसे में तीनों बदमाश शातिर अपराधी है। जो पूर्व में घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। वहीं पुलिस की गिरफ़्त से फरार दूर आरोपी हंसराम उर्फ हंसा के बारे में जानकारी मिली है कि उसके खिलाफ आधे दर्जन मामले बाड़ी सदर थाने में दर्ज है जो लूटपाट,मारपीट,फायरिंग और अवैध हथियार सप्लाई से जुड़े हुए हैं।

# पुत्री के जन्मदिन पर पिता ने किया स्वैच्छिक रक्तदान



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली। ( बिल्लूराम सैनी )।** कस्बे के राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में सीएमएचओ कार्यालय में कार्यरत डीएनओ रविकांत जांगिड़ ने अपनी पुत्री पारथी जांगिड़ के जन्मदिन पर स्वैच्छिक रक्तदान किया। जांगिड़ ने बताया कि वह अपने पुत्र व पुत्री के जन्मदिन पर हर बार रक्तदान करते है। इस दौरान पीएमओ डॉ. चैतन्य रावत, ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. जयनारायण, डॉ. जय दयाल, उमेश वर्मा, नारायणी अस्पताल के निदेशक महेंद्र सैनी, बजरंग सिंह, मनीष सैनी आदि मौजूद रहे।

# कोटपूतली-बहरोड़ जिला पुलिस अलर्ट मोड़ पर

### कोई भी संदिग्ध गतिविधि देखे जाने पर नजदीकी पुलिस थाने में सूचना देने की अपील

बढ़ता राजस्थान

**शिक्षण संस्थाओं में जाकर विधार्थियों को समझा रहे पुलिस अधिकारी**

कोटपूतली। (बिल्लूराम सैनी)। एक ओर जिले में जहाँ पुलिस द्वारा सघन सर्च अभियान शुरू किया गया है। वहीं विभिन्न शिक्षण संस्थाओं में जाकर अधिकारी विधार्थियों को भी अलर्ट रहने की अपील कर रहे है। पुलिस का कहना है कि कोई भी संदिग्ध गतिविधि देखे तो उसकी सूचना बेझिझक नजदीकी पुलिस थाने में देवें। इसी क्रम में एएसपी वैभव शर्मा कस्बा स्थित अशोका कोचिंग संस्थान पहुँचे। जहाँ उन्होंने छात्राओं को विभिन्न जानकारी देते हुये बालिका कानूनों के प्रति जागरूक किया। साथ ही छात्राओं को कालिका पैट्रोलिंग यूनिट के बारे में जानकारी देते हुये किसी भी प्रकार की समस्या होने पर उनसे सम्पर्क करने का तरीका बताया। इस दौरान कोटपूतली एसएचओ राजेश शर्मा, हैड कानि. समशेर सिंह यादव व धर्मपाल खटाना भी मौजूद रहे। संस्थान की ओर से निदेशक इंजी. विक्रम कसाना, राजेश चौधरी व योगेश चौधरी ने पुलिस अधिकारियों का आभार जताया। प्रधानाचार्य पूरण कसाना व सुदीप चौधरी ने अधिकारियों का स्वागत किया।

# धौलपुर प्रीमियर लीग का आगाजः ग्राम भारली में 1.11 लाख के पुरस्कार के साथ टूर्नामेंट शुरू, जयवीर पोसवाल ने किया उद्घाटन



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर में गांव भारली में डीपीएल (धौलपुर प्रीमियर लीग) 2025 का आयोजन शुरू हो गया है। टूर्नामेंट का उद्घाटन अखिल भारतीय युवा गुर्जर महासभा, राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष और भाजपा नेता जयवीर पोसवाल ने किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सत्यभान दनगश और सुरदीप कुशवाहा मौजूद रहे। आयोजकों ने सभी अतिथियों का पारंपरिक साफा और माला पहनाकर स्वागत किया। जयवीर पोसवाल ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण युवाओं को आगे बढ़ने का मौका देते हैं ऐसे आयोजन। खेल से अनुशासन और नेतृत्व क्षमता विकसित होती है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करने की अपील की। सत्यभान दनगश ने कहा कि डीपीएल जैसे टूर्नामेंट ग्रामीण प्रतिभाओं को निखरने का अवसर देते हैं। यह सामाजिक एकता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी बढ़ाते हैं। टूर्नामेंट में विजेता टीम को 1 लाख 11 हजार रुपये और उपविजेता को 51 हजार रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। कार्यक्रम में आयोजन समिति के राहुल दनगश, ध्रुव दनगश, सोनू दनगश, बबलू दनगश, रोकी भारली समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

# कांग्रेस सेवादल धौलपुर ने मनाया पूर्व मुख्यमंत्री का जन्मदिन

धौलपुर (राजू शर्मा)।

राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत जी का जन्मदिन मनाया मौके पर कांग्रेस कमेटी धौलपुर के जिला अध्यक्ष साकेत बिहारी शर्मा भी उपस्थित रहे इस शुभ अवसर पर सेवादल के द्वारा धौलपुर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में स्थित वृद्ध आश्रम में बुजुर्गों के साथ फल वितरण जरूरतमंद सामग्री व कपड़े वितरण कर और मिठाई बांटकर जन्मदिन मनाया जाएगा और बिजौली स्थित गौ सेवा में गौ माता को गुड़ और चारा खिलाया गया ।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष साकेत बिहारी शर्मा, सेवादल अध्यक्ष समृद्धि दीक्षित ने कहां की पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के द्वारा राजस्थान में जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई गई जैसे फ्री दवाई, फ्री बिजली, फ्री शिक्षा, इंग्लिश



मीडियम विद्यालय और कई ऐसी जनकल्याणकारी योजनाएं थी जिसे राजस्थान की जनता खुशहाल थी कांग्रेस सेवादल धौलपुर आशा करता है कि आने वाले समय में फिर से राजस्थान में गहलोत की सरकार बनेगी और राजस्थान की जनता को फिर से एक बार जनकल्याणकारी योजनाएं मिलेगी इस मौके पर भरतपुर जिला प्रभारी सुलेमान फारूकी, शबनम खान महिला सेवादल जिला अध्यक्ष, रोशनी शिवहरे धौलपुर प्रभारी सेवादल, रामेन्द्र मीणा सेवादल, शिबू लोधा ब्लॉक अध्यक्ष ग्रामीण धौलपुर, कुमारसेन लोधा राजाखेड़ा, शकील मोहम्मद बड़ी, जगन्नाथ कोहली, केशव मीणा. महादेवा, रविंद्र सिंह परमार जिला अध्यक्ष राजीव गांधी, बनवारी लाल जाटव शहर मंडल अध्यक्ष अध्यक्ष ब्लॉक महासचिव मुन्ना अब्बासी, लोकेंद्र, अभिषेक सक्सेना, सोनी खान, शबाना खान, शाहिना खान, नासिर खान, राशिद खान मंगल सिंह जाटव आदि लोग उपस्थित थे।

# राजपूत (कचेरा) समाज की कार्यकारिणी : बचनसिंह शेखावत अध्यक्ष आर्य होतीराम मंत्री नियुक्त

बढ़ता राजस्थान

**जुरहरा/डीग/भरतपुर ( रेखचन्द्र भारद्वाज )।** जुरहरा क़स्बे में स्थानीय राजपूत (कचेरा) समाज की बैठक पर एक मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें समाज के गणमान्य लोगों की उपस्थिति में जुरहरा राजपूत (कचेरा) समाज की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यकारिणी में सर्वसम्मति



से बचनसिंह शेखावत को अध्यक्ष, कमलसिंह चौहान को उपाध्यक्ष, आर्य होतीराम शेखावत को मंत्री, रोहताश शेखावत को उपमन्त्री, नरेश सोलंकी को उपमन्त्री, अशोक सोलंकी को कोषाध्यक्ष, राजेश चौहान को उपकोषाध्यक्ष, मुकेश चौहान, विक्की चौहान, पंकज शेखावत को प्रचारक, रोहित चौहान, राकेश शेखावत, पवन शेखावत, हरिसिंह को व्यवस्थापक के पद पर मनोनीत किया गया है। राजपूत (कचेरा) के गणमान्य लोगों व क़स्बे के लोगों ने नवमनोनीत कार्यकारिणी को शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

# विद्यालय में पक्षियों के लिए लगाए परिंडे व बच्चों को दी यातायात नियमों की जानकारी

## पशु पक्षी बेजुबान होते हैं उनके प्रति दयाभाव रखना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य- संतराम शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**बसेड़ी ( राजू शर्मा )।** भीषण गर्मी एवं बढ़ते तापमान में जीव जंतुओं की जान की रक्षा के संकल्प के साथ राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ बसेड़ी ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पूठपुरा में प्रधानाचार्य विनोद कुमार, स्काउट मास्टर मुनिराज मीणा एवं स्काउट सचिव संतराम शर्मा के सानिध्य में बेजुबान पक्षियों के लिए परिंडे लगाए। परिंदों को ताजा एवं स्वच्छ पानी देने के संकल्प के साथ परिंडे लगाने के अभियान की शुरुआत पक्षियों के लिए दाना डालकर एवं लगाये गए परिंडों में पानी डालकर की गई।

इस दौरान स्टाफ व विद्यार्थियों ने समर वेकेशन के दौरान पक्षियों के लिए ताजा पानी एवं दाने की नियमित व्यवस्था करने का संकल्प लिया।

इस मौके पर स्काउट सचिव संतराम शर्मा ने कहा कि पशु पक्षी बेजुबान होते हैं उनके प्रति दयाभाव रखना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। गर्मी के मोसम में पक्षियों के लिये दाने पानी का जतन करना सबसे बड़ा पुण्य कार्य हैद्य बेजुबान पक्षियों की देखभाल एंव जीवन रक्षा के लिए गर्मी के मौसम में बेजुबानों के लिए प्रत्येक व्यक्ति को दाने पानी की व्यवस्था करते हुये अपने अपने घरों व सार्वजनिक स्थानों पर परिंडे लगाने चाहिए।

प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने कहा कि जीव जन्तु हमारी राष्ट्रीय धरोहर है, इनके जीवन की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। गर्मी के मौसम में कई पक्षी पानी के अभाव में काल के ग्रास में चले जाते है।

इस अवसर पर बच्चों एवं ग्रामीणों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक करते हुए हेलमेट लगाने, सीट



बेल्ट लगाने, ड्राइव करते समय मोबाइल का उपयोग ना करने सहित कई यातायात नियमों की जानकारी दी गई। इस दौरान प्रधानाचार्य विनोद कुमार शर्मा, लोकेश कुमार गोयल, सुशील बंसल, रविशंकर, राजकुमार परमार, मानसिंह, घनश्याम भारती, हेमवती मीणा, शिवनारायण सहित विद्यालय स्टाफ के सदस्य मौजूद रहे।

# उप कारागृह कोटपूतली का औचक निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली। ( बिल्लूराम सैनी )।** कस्बे के रामसिंहपुरा रोड़ स्थित उप कारागृह में शनिवार को पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार सघन चैकिंग की गई। उल्लेखनीय है कि कारागृहों में अवैध गतिविधियों की रोकथाम हेतु कारागृहों की समय-समय पर सघन चैकिंग करने के लिये निर्देशित किया गया है।

जयपुर रेंज आईजी अजयपाल लाम्बा व एसपी राजन दुष्यंत के निर्देशन एवं एएसपी वैभव शर्मा के सुपरविजन में शनिवार को एसडीएम बृजेश चौधरी की मौजूदगी में डीएसपी राजेन्द्र कुमार बुरडक के नेतृत्व में स्थानीय थानाधिकारी राजेश




कुमार शर्मा मय जाप्ता, पनियाला थानाधिकारी मोहरसिंह मय जाप्ता, सरुण्ड थानाधिकारी बाबूलाल मीणा मय जाप्ता, महिला पुलिस थाना कोटपूतली व रिजर्व पुलिस लाईन के जाप्ते को साथ लेकर समुचित पुलिस बल की तीन टीमें गठित कर उपकारागृह का तीनों टीमों द्वारा एक साथ औचक निरीक्षण कर जेल में बंद विचाराधीन बंदियो के रहने के लिये बनी बैरिक्स व जेल परिसर की गहनता से तलाशी/चैकिंग की गई तथा जेल में बंद विचाराधीन कुल 129 बंदियों से वार्ता कर जानकारी ली गई। चैकिंग के दौरान कोई प्रतिबंधित सामग्री नहीं मिली व ना ही कोई आपत्तिजनक वस्तु मिली। भविष्य में भी समय समय पर नियमित रुप से जेल चैकिंग की जाती रहेगी।

# बेसिक और समकालीन बौद्धिक संपदा अधिकार प्रथाओं पर विशेष सत्र आयोजित






बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** संगम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज़ द्वारा 'बेसिक और समकालीन बौद्धिक संपदा अधिकार प्रथाओं' पर एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें संयोग व्यास, प्रोडक्ट हेड, लॉ प्रेप जुडिशियरी, ने विशेषज्ञ वक्ता के रूप में छात्रों को संबोधित किया। व्यास ने आईपीआर के मूल सिद्धांतों के साथ-साथ समकालीन कानूनी मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा की, उन्होंने चंपक विवाद और वैभव सूर्यवंशी के अनुबंध की स्थिति जैसे चर्चित मामलों के माध्यम से छात्रों को व्यावहारिक उदाहरणों से अवगत कराया। कुलपति प्रो. (डॉ.) करुणेश सक्सेना ने कहा कि इस तरह के प्रयास कानून के विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान से जोड़ते हैं और उन्हें भविष्य के लिए तैयार करते हैं। प्रो-वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) मानस रंजन पाणिग्रही ने इसे सीखने की प्रक्रिया को सीखने वाला सत्र बताते हुए छात्रों को विश्लेषणात्मक सोच विकसित करने की प्रेरणा दी।

कुलसचिव प्रो. (डॉ.) राजीव मेहता ने भी ऐसे और सत्रों के आयोजन के लिए प्रोत्साहित किया। सत्र का आयोजन गौरव सक्सेना द्वारा किया गया तथा संचालन सुश्री वृंदा महेश्वरी ने किया। इस अवसर पर सुमित आर्य (लॉ प्रेप जुडिशियरी), डॉ. ओमप्रकाश सोमकुवर (उप डीन, स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज़), शशांक शेखर सिंह, आदित्य दाधीच , डॉ. सुनाक्षी शर्मा, वर्तिका मिश्रा, डॉ. विष्णुप्रिया दाधीच सहित स्कूल के अन्य संकाय सदस्य भी उपस्थित रहे।

# आखिर कितनो की जान लेंगे ये ओवर स्पीड से अवैध रूप से चलने वाली बसें, ट्रेलर

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा (प्रकाश खत्री)।** नगर परिषद निम्बाहेड़ा मे अहिंसा सर्कल से जे के चौराहे तक आए दिन कोई न कोई घटना दुर्घटना होती रहती हे जिसका अभी तक कोई स्थाई समाधान नहीं किया गया बीते कुछ सालो मे इस मार्ग इन भारी वाहनों के चलने की वजह से कई जने काल का ग्रास बन चुके हेकाफी समय पहले एक टीचर को भारी वाहन ट्रेलर तेज गति आने के कारण स्कूटी सवार टक्कर मार दी थी जिससे उनकी मोके पर ही मौत हो चुकी थी और कॉलेज के चुनाव होने के कारण रात को दीवारों पर पोस्टर लगा रहे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विकास गौड़, राहुल टांक, राहुल धाकड़ को रात तेज गति से आ रहे ट्रेलर ने कुचल दिया था जिससे तीनो की मौत हो गई थी, यह है मुख्य कारण अहिंसा सर्किल से चित्तौरगढ़ मार्ग पर अंधा धुंध फैला हुआ अतिक्रमण सीमेंट, रेती, ईंटे इन्होने अपनी सीमा से बाहर जाकर बीच सडक पर ही इटो के रेती के ढेर लगा रखे है और गाड़ियोंवालो ने बीच सडक पर ही गाड़ियां खड़ी कर बीच रोड पर सर्विस सेंटर बना डाले जिससे मार्ग संकड़ा हो गया जिससे वाहन दिखाई नहीं देते जिससे दुर्घटना हो जाती है जब तीनो विद्यार्थियों का एक्सीडेंट हुआ था तो भारी वाहनों की आवाजाही बंद हो गई थी जैसे ही मामला शांत हुआ और वापस भारी वाहनो आवाज़ाही वापस शुरू हो गईजो आज तक निरंतर जारी हे जबकि शहरी क्षेत्र मे भारी वाहनों का आना नियमानुसार सही नहीं हे और वो भी ओवर स्पीड मे कई बार तो बिना लाइसेंस के बड़ी गाड़ियां चलाते हुए आपको छोटे बच्चे भी मिल जायेंगे इन भारी वाहनों का शहर के बीच मे से निकलना बंद होना चाहिए और बिना परमिट की बसों को चेक करके जब्त की जाए कई बसों वालो ने एक परमिट पर दो बसें चला रखी हे और इन अवैध रूप से चल रही बसों की वजह से कितने ही शहरवासी घायल हो चुके हे क्यूंकि यह बसें वाले बीच शहर मे भी ओवर स्पीड से बसें चलाते रहते हे जिसकी वजह से कलअहिंसा सर्कल से चित्तौरगढ़ मार्ग पर नई कोर्ट के सामने लोकपरिवहन की बस ने दो विद्यार्थीयों को अपनी चपेट मे ले लिया जिसमे अंशुमान पिता मानवेन्द्र सिंह तो दूसरा नमन पिता मनीष कदम हे दोनों बालको को घायला वस्था मे जिला चिकित्सालय ले जाया गया। जिससे अंशुमान सिंह को सिर मे गंभीर चोट लगने की वजह से उदयपुर रेफर किया गया हे जो अभी तक आई सी यू मे भर्ती है।




नई कोर्ट के सामने हुए एक्सीडेंट के कारण अभिभाषक संघ ने भी कार्य बंद कर सडक मार्ग को दोनों तरफ से बंद करके प्रदर्शन भी किया तो प्रशासन ने नई कोर्ट के बाहर स्पीड ब्रेकर बनाने और बेरीकेडिंग लगाने की बात की हामी भरी और मार्ग वापस शुरू हुआ। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार जिस बस से एक्सीडेंट हुआ उस बस का परमिट दो साल पहले ही ख़त्म हो चूका था तो ये बिना परमिट की बस कैसे चल रही थी और किसके इशारे पर ये जांच का विषय हे क्या बिना परमिट की बसें चल रही हे निम्बाहेड़ा मे आखिर इन बसों वालो की चेकिंग क्यूँ नहीं की जा रही ना जाने कितनी ही बसें बिना परमिट के चल रही हो आखिर प्रशासन इन अवैध रूप से चल रही बसों और भारी वाहनों पर नियमानुसार कार्यवाही करके आम जन को राहत दिलाएंगे या फिर यह खेल ऐसे ही चलता रहेगा।

## पुस्तैनी जमीन को बचाने की जद्दोजहद में चक्कर काटने को मजबूर सेवानिवृत चिकित्सक

### दबंग भूमाफियाओं के आगे नतमस्तक शासन प्रशासन

बढ़ता राजस्थान



**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** अपनी पूरी जिंदगी सरकार को समर्पित करने वाला एक सेवानिवृत चिकित्सक अपनी ही पुस्तैनी जमीन को बचाने के लिए दर दर की ठोकरें खाने को मजबूर है। सेवानिवृत चिकित्सक डॉ. जानकी लाल खत्री ऐसे वरिष्ठ नागरिक ने थक हार कर प्रेस स्वतंत्रता दिवस के मौके पर प्रेस प्रतिनिधियों के सामने अपनी जमीन बचाने की गुहार लगाई। डॉ. खत्री ने तालेड़ा थाने गादेगाल गांव में स्थित अपनी पैतृक जमीन को प्राप्त करने के लिए प्रयासरत है, लेकिन शासन प्रशासन दबंग भूमाफियाओं के आगे नतमस्तक दिखाई दे रहा है। वृंदावन के विधवा आश्रम में निशुल्क सेवाएं देने वाला यह चिकित्सक एक ओर शासन प्रशासन के चक्कर काट रहा हैं, वहीं दबंगों ओर भूमाफियाओं की दंबगई का सामना भी कर रहा हैं।

पीड़ित जानकी लाल ने बताया कि बूंदी जिले के ग्राम मांगली पटवार हल्का गादेगाल में उनकी पुश्तैनी जमीन स्थित है।जिसमें उनकी 1/5 हिस्से पर अनादिकृत रूप से दबंगों द्वारा बेचकर कब्जा कर लिया है। जिसको छुड़ाने के लिए 18 साल से न्यायालयों,पुलिस थानों, जिला कलेक्टर व जनप्रतिनिधियों के चक्कर काटने को मजबूर हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि उनके पैतृक जमीन को किशनलाल, देवकरण द्वारा जालसाजी पूर्वक अनाधिकृत रूप से एक करोड़ 6 लाख रुपए देकर बाहर के बाहर ही बेच दिया तथा उनका हिस्सा बिरखा सिंह को बेचकर कब्जा करवा दिया। उन्होंने बताया कि जमीन पर भूमाफियाओं द्वारा कब्जा करने के कारण परिवार को बदहाली की जिंदगी जीने एवं भीख मांगकर चंदा एकत्रित करके पढ़ाई करनी पड़ी। उन्होंने बताया कि 2001 में मेरे पिता द्वारा कब्जे का दावा पेश किया गया जिसको पिता की मृत्यु के बाद बड़े भाई रमेश चंद्र खत्री ने आगे बढ़ाया 2018 में उनकी मृत्यु के बाद एसडीएम ने पटवारी की छदम रिपोर्ट पर मुकदमा खारिज कर दिया। दबंगों द्वारा मेरे ऊपर एसटी एससी का मुकदमा भी किया। जिसका निर्णय न्यायालय बूंदी ने मेरे पक्ष में किया। लगातार दबंगो से तंग आकर मेरे अन्य भाइयों द्वारा रजिस्ट्री करवा दी गई। लेकिन मेरा हिस्सा आज तक उनके कब्जे में है जिसको मैं बेचना नहीं चाहता यह मेरी पुरखों की निशानी है। उन्होंने बताया कि कई बार जिला पुलिस अधीक्षक, जिला कलेक्टर व जनप्रतिनिधियों से न्याय दिलाने की गवार लगाने के बावजूद मेरे साथ न्याय नहीं हो रहा है उल्टा मुझे न्याय के लिए चक्कर काटने पड़ रहे हैं। उन्होंने पुलिस पर कबजेदारी दबंग भूमाफियाओं को संरक्षण देने का आरोप लगाया है उन्होंने कहा कि कब्जा पुलिस के संरक्षण में हुआ है तथा पुलिस द्वारा उल्टा मुझे परेशान किया जा रहा है जो कि न्याय संगत नहीं है। जानकी लाल ने पुलिस पर आरोप लगाया कि कब्जा दिलाने के नाम पर उनसे दो करोड रुपए की रिश्वत भी मांगी गई जिसको देने में असक्षम होने के चलते उन्हें न्याय नहीं मिल पाया। जिसके कारण दबंगों द्वारा तालेड़ा थाने के बाहर बुलाकर धमकाया तथा इंदौर में जानलेवा हमला भी किया। जिसकी भी रिपोर्ट इंदौर थाने में दर्ज कराई हुई है वहीं 420 कर जमीन बेचने का मुकदमा तालेड़ा एसीएम कोर्ट में वाद दायर किया हुआ है। कहीं सुनवाई नहीं होने पर प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री को पत्र लिख अपनी पीड़ा बताकर न्याय की गुहार लगाई है।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. गिरिजा व्यास को कांग्रेस पदाधिकारियों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए



बढ़ता राजस्थान

**कपासन।** नगर कांग्रेस कमेटी के संयोजन में शनिवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. गिरिजा व्यास को कांग्रेस पदाधिकारियों द्वारा दो मिनट का मौन एवं पुष्पांजलि के साथ श्रद्धासुमन अर्पित किए गए।

पूर्व ब्लॉक प्रवक्ता मधुसूदन कुमावत ने बताया कि नगर कांग्रेस अध्यक्ष शंकरलाल प्रजापत की अध्यक्षता में कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा नगर कांग्रेस कार्यालय परिसर में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. गिरिजा व्यास को दो मिनट का मौन एवं पुष्पांजलि सहित श्रद्धासुमन अर्पित किये गये।इस दौरान वक्ताओं द्वारा डॉ. व्यास के निधन को अपूरणीय क्षति बताया।

इस मौके पर पूर्व नगर पालिका पार्षद विनोद बारेगामा,जिला कांग्रेस कोषाध्यक्ष सतीश नंदवाना, पूर्व प्रधान ओमप्रकाश व्यास,पूर्व कांग्रेस नगर अध्यक्ष एवं पूर्व नपा पार्षद हाजी अब्दुल रहमान मंसूरी,उपाध्यक्ष हरलाल जटिया,सूर्यप्रकाश सिरोया, युवा नेता रवि सोनी, सत्यनारायण चोटिया, दीनबंधु सोमानी, पूर्व ब्लॉक उपाध्यक्ष सैयद अख्तर अली बुखारी, महासचिव राकेश बारेगामा, लक्ष्मीनारायण व्यास, आईटी सेल प्रदेश महासचिव अकरम मंसूरी, पार्षद प्रतिनिधि मोहम्मद रफीक अंसारी, पूर्व पार्षद अशरफ हुसैन, जमील खां पठान, सुनील प्रधान,अशोक लोहार, गोपाल बारेगामा, पिन्टु आचार्य, प्रवक्ता किशनलाल प्रजापत आदि कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## विधायक कोठारी विधानसभा में गृह तथा स्थानीय निकायों और पंचायतीराज संस्थाओं संबंधी समिति में सदस्य नियुक्त

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** राजस्थान विधानसभा में नवीन समितियों हेतु सदस्य एवं सभापतियों की नियुक्ति की गई। इसी क्रम में भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी को गृह तथा स्थानीय निकायों और पंचायतीराज संस्थाओं संबंधी समिति में सदस्य नियुक्त किया है। राजस्थान विधानसभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन संबंधी नियमों के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष वासुदेव देवनानी द्वारा गठित राजस्थान विधानसभा की गृह तथा स्थानीय निकायों और पंचायतीराज संस्थाओं संबंधी समिति में विधायक कोठारी को सदस्य के पद पर नियुक्त किया है। इस नियुक्ति से भीलवाड़ा विधानसभा के कार्यकर्ताओ में खुशी की लहर है। आपको बता दे कि, विधायक कोठारी पूर्व में विधानसभा में आश्वासन एवं पर्यावरण समिति के सदस्य रह चुके है।

## विधायक कोठारी की अनुशंसा पर निजी बसों में महिलाओं को मिलेगी आरक्षित सीट

बढ़ता राजस्थान

भीलवाड़ा (अमित शर्मा)। शहर विधायक अशोक कोठारी ने समस्त निजी बसों में महिलाओं हेतु सीट आरक्षित करने की मांग को लेकर पिछले दिनों जिला परिवहन अधिकारी को पत्र लिखा था। इस मांग को देखते हुए जिला परिवहन अधिकारी ने विधायक की अनुशंसा पर समस्त निजी बस ऑपरेटर को एक आदेश जारी कर जिले में संचालित सभी रूटों पर बसों में महिलाओं हेतु सीटें आरक्षित रखी जाए तथा यात्रा के दौरान सफर करने वाली महिलाओं को प्रमुखता से सीट उपलब्ध कराने के आदेश दिए। मीडिया प्रभारी पंकज आडवाणी ने बताया कि, प्रदेश में सरकार द्वारा परिवहन हेतु संचालित सभी बसों में सुरक्षित एवं सुविधाजनक यात्रा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से महिलाओं हेतु सीटें आरक्षित रखे जाने का प्रावधान है। भीलवाड़ा में बड़े स्तर पर निजी बसें संचालित होती हैं परंतु उनमें ऐसा कोई प्रावधान अभी तक नहीं है। इस पहल से जरूरतमंद महिला यात्रियों सहित छात्राएँ, गर्भवती महिलाएँ एवं छोटे बच्चों के साथ सफर करने वाली माताओं सहित वृद्ध महिलाएं विशेष रूप से लाभान्वित होंगी। महिला सशक्तीकरण की तरफ एक बड़ा कदम है।

## वक्फ सुधार जनजागरण अभियान के तहत कपासन में कार्यशाला का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

कपासन। वक्फ सुधार जन जागरण अभियान के तहत आज रविवार को नगर कपासन में विधानसभा कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा। नगर पालिका कपासन उपाध्यक्ष एवं वक्फ सुधार जिला टोली सहसंयोजक सैयद एजाज अली ने बताया कि वक्फ सुधार जन जागरण अभियान में विधानसभा कार्यशाला का नगर में स्थित ऑक्सफोर्ड इंटरनेशनल स्कूल में रविवार 4 मई 2025 सांय 5 बजे आयोजित होगी। इस दौरान मुख्य वक्ता राजेंद्र गहलोत तथा क्षेत्रीय विधायक अर्जुनलाल जीनगर, भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष रतनलाल गाडरी, वक्फ सुधार जिला टोली संयोजक अशोक नवलखा, अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश महामंत्री एमडी शेख द्वारा कार्यशाला को संबोधित किया जायेगा।

# धार्मिक उन्माद व भावनाए भड़काने वाले 3 व्यक्ति गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**झालावाड़ (आबिद हुसैन)।** जिले के डग कस्बे में गत दिनों 24 अप्रैल को लाउड स्पीकर पर अनाउंस कर धार्मिक उन्माद फैलाने व धार्मिक भावनाएं भड़काने के मामले में डग पुलिस 3 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है।जिला पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर ने जानकारी देते हुवे बताया कि 24 अप्रैल को लाउड स्पीकर पर धार्मिक उन्माद फैलाने के मामले में आरोपी शकील मोहम्मद पुत्र इकबाल जाती मुसलमान 31 वर्ष निवासी पठारी मोहल्ला डग,अल्फेज रंगरेज पुत्र इदरीश रंगरेज जाती मुसलमान 23 वर्ष निवासी बोलिया थाना गरोठ मप्र हाल निवासी सावा थाना शंभूपुरा चित्तौड़गढ़ ,हाल निवासी डोबडॉ रोड डग ,इलाही पुत्र इकराम उद्दीन जाती मुसलमान 29 वर्ष निवासी पुराना बस स्टैंड डग को गिरफ्तार किया है।दिनांक 26 अप्रैल को प्रार्थी विनोद कुमार कास्टेबल आसूचना अधिकारी डग ने रिपोर्ट पेश की थी कि में 24 अप्रैल को डग कस्बे में गोली कांड होने तथा मामला दो समुदायों का होने से कानून व्यवस्था ड्यूटी व आसूचना संकलन कार्य कर रहा था इस दौरान कस्बा डग स्थित समुदाय विशेष के धार्मिक स्थान से माइक द्वारा धार्मिक भावनाएं भड़काने बाबत अनाउंस किया गया।इस पर थाना डग पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान किया गया।मामले की गंभीरता को देखते हुवे मुलजिम की गिरफ्तारी के लिए टीमो का गठन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

जिस अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक चिरन्जी लाल मीणा झालावाड़ ,वृताधिकारी व्रत गंगधार जय प्रकाश अटल के सुपरविजन में थाना प्रभारी डग वासुदेव सिंह के नेतृत्व में विशेष गठित टीम ने 2 मई को धार्मिक स्थल से अनाउंस करने वाले शकील मोहम्मद, अल्फेज रंगरेज व इलाही को गिरफ्तार किया।

## अंजुमन कमेटी के चुनाव रद्द करने के लिए दिया ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान




भीलवाड़ा (अमित शर्मा)। उप नगर पुर के मुस्लिम समाज से जुड़े कई लोगों ने आज जिला कलेक्टर के नाम एक लिखित शिकायत देकर आरोप लगाया कि मुस्लिम समाज की प्रमुख संस्था अंजुमन कमेटी पुर के चुनाव तत्काल प्रभाव से रद्द किए जाएं क्योंकि विगत 27 अप्रैल को 25-30 लोगों ने हम सलाह होकर गुपचुप तरीके से चुनाव संपन्न कर स्वयंभू सदर, सेक्रेटरी, नायब सदर और खजांची घोषित कर दिये जो अवैध है। जिला कलेक्टर की अनुपस्थिति में अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रशासन) को दिए गए ज्ञापन में बताया गया कि अंजुमन कमेटी पुर (भीलवाड़ा) एक रजिस्टर्ड संस्था है और कस्बे में मुस्लिम समाज की जनसंख्या 6500 के लगभग है, अंजुमन से जुड़े पूर्व पदाधिकारीयों ने किसी को सूचना दिए बिना गुपचुप तरीके से मीटिंग आयोजित कर स्वयं को पदाधिकारी घोषित कर दिया जिसके कारण मुस्लिम समाज में आक्रोश है, बताया गया कि अंजुमन कमेटी पुर समाज के सभी वर्ग का प्रतिनिधित्व करती है और चंद लोगों ने हम सलाह होकर संस्था पर कब्जा करने की नीयत से स्वयं को पदाधिकारी घोषित कर दिया जो कमेटी के आईने , दस्तूर के खिलाफ है, ज्ञापन में मांग की गई है कि कमेटी के विधान के अनुसार समाज के सभी वर्ग को सूचित कर चुनाव अधिकारी की देखरेख में वोटिंग के जरिए चुनाव संपन्न कराया जाएं , ज्ञापन में कहा गया है कि जिला कलेक्टर सहकारी संस्थाओं के रजिस्ट्रार को आदेश प्रदान करें ताकि निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराए जा सकें।

# संविधान बचाओ रैली की तैयारी को लेकर कांग्रेस की बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देश पर भीलवाड़ा प्रभारी एवं पूर्व मंत्री उर्मिला योगी के मुख्य आतिथ्य में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी के नेतृत्व में 'संविधान बचाओ रैली' की तैयारी को लेकर एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए उर्मिला योगी ने कहा कि देश सुरक्षित है तो हम सुरक्षित हैं और देश संविधान से सुरक्षित है। कांग्रेस देश की नींव है जिसे बचाए रखना हम सबका कर्तव्य है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में रैली में भाग लें और इसकी सफलता सुनिश्चित करें। जिला कांग्रेस अध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी ने कहा कि रैली को सफल बनाने के लिए सभी ब्लॉकों को जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी और कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। उन्होंने कहा कि यह रैली संविधान की रक्षा और लोकतंत्र की मजबूती के लिए एक महत्वपूर्ण प्रयास है। बैठक में नेता प्रतिपक्ष नगर निगम धर्मेंद्र पारीक, पूर्व सभापति मधु जाजू, नगर निगम नेता एवं पीसीसी सदस्य मनोज पालीवाल, मंजू पोखरना, कैलाश सेन, महेश सोनी, सेवादल जिला अध्यक्ष योगेश सोनी, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष रेखा हिरण, संजय मेवाड़ा (आसींद), रामेश्वर सोलंकी (शाहपुरा), रफीक टांक (मांडलगढ़), रामफूल धाकड़ (बिजोलिया), सुमित्रा कटिया सहित कई अन्य नेताओं ने अपने विचार रखे। बैठक में लाजपत आचार्य, मोहम्मद रफीक शेख, गुडविन मसीह, युवा कांग्रेस पूर्व जिला अध्यक्ष रामेश्वर लाल जाट, चंद्र प्रकाश अमरवाल, रामलाल गाडरी, शिवराज सुराणा, मुश्ताक अली मंसूरी, गौरी शंकर दायमा, एडवोकेट भेरूलाल बेरवा, संदीप टेलर, सुशील कुमार चपलोत, मंजू राठौड़, दिनेश बेरवा, मुकेश गुर्जर, रेखा भट्ट, दीपमाला लोट, राकेश लोहार, अशोक गुर्जर, अर्चना दुबे, सुरेश बम्ब, अनीता रावल, गोपाल लाल पारीक, ममता शर्मा, पुष्पा मेहता, फरियाद मोहम्मद सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।





# सेवानिवृत होकर लोटे सैनिक का किया सम्मान

बढ़ता राजस्थान




**भीलवाड़ा ( के एम कुरेशी )।** जिले के शाहपुरा के गावं कादीसहना में राजेश आचार्य के भारतीय सेना मे 19 वर्ष के सेवा काल पूर्ण कर लोटे भारतीय जवान का समस्त ग्रामवासियो, व आचार्य ब्राह्मण समाज के स्वाजाति बंधुओ ने फ़ौजी का गावं मे जुलुश निकला, भारतीय जवान के सकुशल सेवा काल पूर्ण कर सेवा निवृत होकर लोटे राजेश आचार्य, का अखिल भारतीय आचार्य ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष देवकिशन आचार्य, जिलाध्यक्ष भेरू लाल आचार्य, सेवा संघ के रामगोपाल आचार्य, सत्यनारायण आचार्य, क्रीड़ा भारती के, रामस्वरूप खटीक,देवेंद्र दाधीच, प्रताप सिंह राणावत, विवेक जोशी, शारीरिक शिक्षक संघ के गोपालकृष्ण सुल्तानिया, राधेश्याम टेलर, राकेश टेलर, राहुल चावला, शिक्षक संघ( राष्ट्रीय )के जिलाध्यक्ष महेश शर्मा, अमर सिंह, लोकेश धाबाई,नोरत मल बगड़िया,प्रकृति प्रेमी व पर्यावरण संघ के परमेश्वर कुमावत, जयकिशन घुसर, प्रेमप्रकाश जाट, भारतीय जनता पार्टी के विधायक प्रतिनिधि चिराग (विधायक पुत्र), महावीर सैनी, कैलाश धाकड़, राहुल बोहरा, स्विमिंग क्लब के सत्यनारायण टैलर, रघुवीर दामामी, अमन दाधीच, सुमन जाट, विजय लक्ष्मी, आदि ने फूल माला, साफा, तस्वीर, भेंट कर भव्य स्वागत किया, जुलुस पश्चायत , आचार्य समाज के अध्यक्ष देवकिशन आचार्य, ओर पुष्कर धर्मशाला के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी नंदकिशोर आचार्य, के कर कमलों द्वारा वृक्षरोपण व परिंडा बांध कर पानी डाला गया,भारतीय जवान के सेवा निवृती पर सम्मान समारोह (आम सभा ) किया गया, समारोह का संचालन परमेश्वर कुमावत, देवकिशन आचार्य द्वारा किया गया, बाहर से पधारे सभी अतिथियों का सम्मान फ़ौजी के शारीरिक शिक्षक भाइयों द्वारा भाइयों किया गया।

# मुफ्त खाद्यान्न उठाने वालों से होगी बाजार दर से वसूली

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा गिव अप अभियान प्रारम्भ किया गया था। आशातीत सफलता को देखते हुए इस अभियान की अवधि को अब विभाग द्वारा 31 मई तक बढ़ाया जाकर एक अंतिम अवसर और प्रदान किया गया था। खाद्य सुरक्षा योजना की पात्रता खो चुके 1837 परिवारों के 6967 सदस्यों ने सरकार की प्रस्तावित कार्यवाही के डर से स्वेच्छा से अपने नाम हटवा लिए है। इसके बाद कोई परिवार पात्रता नहीं रखने के बावजूद खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ लेता है तो उस पर विभाग कार्यवाही के साथ ही 27 रूपये प्रति किलो अथवा बाजार दर के हिसाब से वसूली की जाएगी।

जिला रसद अधिकारी (प्रथम) श्रीमती रतन कौर ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में अवैध रूप से लाभ लेने वाले लाभार्थियों के लिए गिव अप अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत ऐसे व्यक्ति जिनके पास चार पहिया वाहन है, आयकर दाता है, ग्रामीण क्षेत्रों में 1500 स्क्वायर फीट से ज्यादा जमीन पर मकान बना हो और आर्थिक रूप से सक्षम है। इसके बाद भी खाद्य सुरक्षा योजना में अवैध रूप से लाभ उठा रहे है, तो उनके नाम काटे जा रहे है। वे उपभोक्ता एवं परिवार स्वयं अभियान के तहत योजना से नाम कटवा सकते हैं। अवैध रूप से योजना का लाभ ले रहे लोगों को पर्याप्त समय दिया गया था। विभाग के पास सभी अपात्र परिवारों की सूची तैयार है। वे स्वयं अंतिम तिथि से पूर्व नाम नहीं हटवाते हैं, तो एक जून से विभागीय कार्यवाही शुरू की जाएगी। इसमें 27 रूपये प्रति किलो के हिसाब से वसूली की जाएगी।

इस संबंध में सतर्कता समिति की बैठक के दौरान समस्त सतर्कता समिति के सदस्यों को निर्देशित किया गया कि ऐसे अपात्र व्यक्तियों का चिन्हिकरण करे, जो सक्षम होते हुए भी खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ उठा रहे हैं। पात्र व्यक्तियों के नाम खाद्य सुरक्षा में जोड़ने हेतु नाम उपलब्ध कराए। उनको खाद्य सुरक्षा में सम्मिलित किए जाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके। मीटिंग के दौरान समस्त प्रर्वतन अधिकारी तथा निरीक्षकों को निर्देश प्रदान किये गये कि वे अपने अपने क्षेत्र में ऐसे व्यक्तियों को चिन्हित कर नोटिस जारी करें। अब तक गिव-अप अभियान के तहत 220 अपात्र व्यक्तियों को नोटिस जारी किये जा चुके है। बड़गांव के 20 व्यक्तियों को नोटिस जारी हुए हैं। इनमें से 16 को एक लाख रुपए से अधिक आय होने, 3 को चार पहिया वाहन होने तथा एक को आयकर दाता होने के कारण नोटिस दिए गए हैं।

# संकट मोचन एवं मंशापूर्ण धाम ग्राम कादोलाई में कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का तीन दिवसीय आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**अजमेर ( घनश्याम दास )।** अजमेर जिले के भिनाय उपखंड की ग्राम पंचायत केरोट के ग्राम कादलाई में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का तीन दिवसीय आयोजन संपूर्ण ग्राम में कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ। पुजारी रामगोपाल वैष्णव कैरोट ने बताया कि महंत श्री श्री शंकर दास जी महाराज आश्रम धनेश्वर के पीठाधीश के सानिध्य में शुरू हुआ। इस दौरान आयोजन कार्यक्रम के तहत संगीत में सुंदरकांड पाठ वह अखंड रामायण पाठ और एक दिवसीय रात्रि जागरण भजन संध्या भी आयोजन होगी। आयोजन कार्यक्रम में आज यज्ञ मैं मैं जोड़ो द्वारा आहुतियां दी गई पंचकुडी महा यज्ञ में कैरोट एवं कादोलाई के जोड़े विराजमान हुए और यजमानों द्वारा यज्ञ में आहुतियां दी गई। वहीं समस्त ग्रामीण जनों ने अपनी सेवा देते हुए आए हुए अतिथियों को जलपान ग्रहण करवाते हुए महाप्रसाद ग्रहण करवाया। इस आयोजन कार्यक्रम 4 तारीख को समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मसूदा विधायक श्रीमान वीरेंद्र सिंह कानावत एवं युवा भाजपा नेता भंवर सिंह पलाड़ा रहेंगे। आयोजन कार्यक्रम में समस्त ग्राम वासियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।और यज्ञ में यजवानों द्वारा पूर्णाआहुति दी इस दौरान यज्ञ में बैठने वाले जुगल किशोर वैष्णव केकड़ी, सुरेश गुर्जर और जय लाल गुर्जर, रामरतन कुमावत,रामलाल कुमावत, कादोलाई, और कैरोट से रामरतन कीर, सूरज करण कीर, गोपाल, गुलाब देवी जाट, रघुनाथ खाती, आदि यजमानों ने यज्ञ में पूर्णाआहुति दी।

# जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग अजमेर के अरुण कुमावत अध्यक्ष नियुक्त

बढ़ता राजस्थान



**अजमेर ( घनश्याम दास )।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग अजमेर में रिक्त हुए अध्यक्ष पद पर ब्यावर निवासी अरूण कुमावत नियुक्त हुए है। उनके पद भार ग्रहण करने से अब आयोग में न्यायिक कार्य सुचारू होगा। अध्यक्ष पद का कार्यभार ग्रहण के मौके पर राज्य उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष माननीय न्यायाधिपति देवेंद्र कच्छावा, राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के गैर न्यायिक सदस्य लियाकत अली, जिला आयोग सदस्य जयश्री शर्मा वरिष्ठ उपभोक्ता अधिवक्ता एवं आयोग स्टॉप ने शुभकामनाएं दी। इस मौके पर नवनियुक्त अध्यक्ष अरूण कुमावत ने उपभोक्ताओं को सहज, सुलभ और समयबद्ध न्याय प्रदान करना ही उनका लक्ष्य बताया है। उन्होंने कहा कि आज के डिजिटल युग में न्याय व्यवस्था को तकनीकी रूप से सशक्त बनाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने आयोग की प्रक्रियाओं को डिजिटल और पारदर्शी बनाने की प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए बताया कि इससे न्याय प्रणाली में विश्वास बढ़ेगा और ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के नागरिकों को भी समान रूप से लाभ मिलेगा। इस मौके पर जिला उपभोक्ता आयोग के सहायक प्रशासनिक अधिकारी मनीष कुमार जैन, अतिरिक्त लेखा अधिकारी रमेश भगवानी, निजी सहायक विकास कोलीवाल, जबर सिंह, राजेश कुमार बैरवा, हितेश शर्मा, भगवान सिंह एवं डालचंद सैन ने राजस्थानी परम्परा के अनुसार अभिनंदन किया।

## डडवाडिया रेगर समाज कुल देवी माता मंदिर पूर्णाहुति पर रेगर समाज ने निकाली 301 कलशों के साथ शोभायात्रा

बढता राजस्थान

**भीलवाड़ा ग्रामीण ( के एम कुरेशी )।** जिले के फुलिया कलां में डडवाडिया रेगर समाज कुल देवी माता मंदिर पूर्णाहुति को लेकर फूलिया कलां मे शनिवार को समाज की महिलाओं ने भव्य कलश एवं शौभायात्रा निकाली। कस्बे के विभिन्न स्थानों से होकर गुजरने पर ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा कर कलश यात्रा का स्वागत किया गया। डडवाडिया रेगर समाज कुल देवी माता विकास समिति अध्यक्ष पूरणमल डडवाडिया ने बताया कि तेजाजी तालाब पाल स्थित मंदिर पूर्णाहुति कार्यक्रम को लेकर कस्बे मे दो दिवसीय धार्मिक आयोजन किए जा रहे है। इसके तहत शनिवार को रेगर समाज की महिलाओं ने गाजे-बाजे के साथ कलश एवं शोभायात्रा निकाली। कलश यात्रा तेजाजी थानक से शुरू होकर माली मौहल्ला, धानेश्वर रोड, रामद्वारा चौराहा, सदर बाजार, श्रीराम चौक, रेगर मौहल्ला होती हुई आयोजन स्थल कुल देवी मंदिर पंहुची। कलश यात्रा का ग्रामीणों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया है। इस दौरान समाज की 301 महिलाएं सिर पर कलश लेकर चल रही थी। वहीं भजनों पर नाचते गाते समाज जन चल रहे थे। आयोजन समिति के संचालक बीरमलाल डडवाडिया ने बताया कि शनिवार को कलश यात्रा के तत्पश्चात देव पूजन एवं यज्ञ का आयोजन किया जाएगा तथा रात्रि मे सत्संग का कार्यक्रम होगा। समिति के संरक्षक रामचंद्र डडवाडिया ने बताया कि कार्यक्रम के तहत रविवार 4 मई को अभिजीत मुहूर्त मे दोपहर 12:15 बजे मंत्रोच्चार के साथ डडवाडिया रेगर समाज कुल देवी माता मंदिर शिखर पर कलश स्थापना होगी। कलश एवं शोभायात्रा के धार्मिक आयोजन मे फूलिया कलां सहित क्षेत्र से आए सैकड़ो की संख्या मे रेगर समाज के महिला एवं पुरुष मौजूद रहे।

## ग्राम आत्मा में हुई रात्रि चौपाल बनी ग्रामीणों का सहारा, मौके पर ही मिली राहत

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा रात्रि चौपालों के माध्यम से आमजन की समस्याओं का प्रभावी समाधान किया जा रहा है। पंचायत समिति राजसमंद अंतर्गत ग्राम पंचायत आत्मा में आयोजित हुई रात्रि चौपाल में जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनका त्वरित समाधान किया। इस दौरान एडीएम नरेश बुनकर, जिला परिषद सीईओ बृजमोहन बैरवा, उपखंड अधिकारी बृजेश गुप्ता, विकास अधिकारी महेश गर्ग सहित समस्त ब्लॉक एवं ग्राम स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

कलक्टर को अपनी समस्याएं बताने के लिए इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और उन्होंने मुखर रूप से स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क, बिजली तथा राजस्व से संबंधित विभिन्न समस्याएं जिला प्रशासन के समक्ष रखीं। जिला कलक्टर ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर ही निर्देश दिए तथा यथासंभव समस्याओं का तत्काल समाधान भी किया गया। रात्रि चौपाल में आए 70 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धजन को मौके पर ही प्रधानमंत्री वय वंदना योजना के कार्ड प्रदान किए गए जिसके बाद अब ये सूचीबद्ध निजी अस्पतालों में निशुल्क उपचार ले सकेंगे।

कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में प्रशासन की सीधी पहुंच सुनिश्चित करना तथा आमजन की शिकायतों को प्राथमिकता से निपटाना था। जिला कलक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे आमजन की समस्याओं के प्रति संवेदनशील रहते हुए त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक अधिकारी को चाहिए कि वह फील्ड में जाकर समस्याओं का प्रत्यक्ष अवलोकन करे और उनकी प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करे, ताकि आमजन का शासन प्रशासन में विश्वास बना रहे।

# राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का जन्मदिन सेवाकार्यो के साथ सादगी से मनाया



बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** माली समाज के तत्वाधान में जिला अजमेर व ब्यावर में माली सेना राजस्थान के कार्यकर्ताओ द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री माननीय अशोक गहलोत का जन्मदिन सेवा कार्य करते हुए मनाया गया। माली समाज जिलाध्यक्ष कैलाश गहलोत एवं माली सेना प्रदेश अध्यक्ष किशन देवड़ा ने बताया की राजस्थान की राजीनीति के जन नायक पूर्व मुख्य मंत्री अशोक जी गहलोत के जन्मदिन के उपलक्ष मे माहत्मा ज्योतिबा फुले सर्किल अजमेर रोड पर सैकड़ो राहगीरो को केरी का ठंडा पानी पिलाया गया एवं वहा मौजूद आम लोगो ने केक काटकर अशोक जी गहलोत को बधाई शुभकामनायें दी इस दौरान माली समाज ब्यावर जिलाध्यक्ष कैलाश गहलोत मालियान पंचायत शाहपुरा मोहल्ला अध्यक्ष हनुमान सिंगोदिया, मालियान पंचायत बड़ा बास पूर्व अध्यक्ष मोहन लाल दगदी, माली सेना संस्थापक दिनेश भाटी, प्रदेश अध्यक्ष किशन देवड़ा, ब्यावर अध्यक्ष श्रवण सांखला, पूर्व पार्षद हरीश सांखला, मदन लाल सोलंकी, पूर्व अध्यक्ष फूलपुरा रुप चंद पालडिया, पूर्व सभा पति मुकेश सोलंकी, रमेश सैनी, मुकेश सांखला, पूर्व अध्यक्ष मालियान पंचायत छावनी कालू राम सांखला, पूर्व पार्षद धन्ना भाटी, महेन्द्र तंवर, सुनील सांखला, ओम प्रकाश सांखला, गणपत मारोठिया, प्रमोद चौहान, ओम प्रकाश गहलोत, चंदू सांखला (हलवाई ), लोकेन्द्र गहलोत, दीपक दगदी, पिंटू काका आदि उपस्थित रहे।

# विशेष जागरूकता एवं पंजीयन कार्यक्रम के दौरान निःशुल्क ई-श्रम एवं आभा कार्ड शिविर आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** विश्व मजदूर दिवस 2025 के उपलक्ष्य में 7 दिवसीय विशेष जागरूकता एवं पंजीयन कार्यक्रम के दौरान 3 मई 2025 को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रमिकों के अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और सरकारी योजनाओं से जोड़ने हेतु एक विशेष नि:शुल्क शिविर का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अजमेर, श्रम विभाग अजमेर और सेन्टर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च, अजमेर के सयुक्त तत्वाधान में किया गया। यह शिविर श्रमिक चौखटी, शास्त्री नगर, अजमेर में प्रात: 7:30 बजे से 11:00 बजे तक आयोजित किया गया, जिसमें निर्माण श्रमिकों एवं असंगठित क्षेत्र के कुल 128 मजदूरों ने भाग लेकर ई-श्रम कार्ड और आभा कार्ड का लाभ प्राप्त किया। शिविर का आयोजन द्वि-संयुक्त रूप से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रम विभाग अजमेर एवं सहाय एकल खिड़की सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च अजमेर के सहयोग से किया गया। शिविर में माननीय कृष्ण मुरारी जिंदल, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अजमेर ने स्वयं उपस्थित होकर श्रमिकों से संवाद किया और उन्हें ई-श्रम कार्ड एवं आभा हेल्थ आईडी कार्ड वितरित किए। इस अवसर पर सुश्री आरती वर्मा श्रम निरीक्षक, श्रम विभाग अजमेर ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई तथा श्रमिकों को ई-श्रम कार्ड, लेबर कार्ड तथा संबंधित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

शिविर के अंतर्गत निम्नलिखित सेवाएं नि:शुल्क प्रदान की गईं – ई-श्रम कार्ड पंजीकरण, आभा हेल्थ आईडी कार्ड बनवाना, जन आधार कार्ड केवाईसी एवं अद्यतन करना इस शिविर का उद्देश्य असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को सशक्त बनाना, उन्हें उनके अधिकारों से अवगत कराना और सरकारी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ना रहा। माननीय श्री कृष्ण मुरारी जिंदल, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अजमेर ने बताया कि माननीय राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार विश्व मजदूर दिवस के उपलक्ष्य पर असंगठित क्षेत्र के श्रमिको हेतु विभिन्न स्थानों ओद्योगिक क्षेत्रों, निर्माण स्थलों, कृषि मंडियों व बस्तियों में 7 दिवसीय विशेष जागरूकता एवं पंजीयन कार्यक्रम की एक श्रंखला का आयोजन किया जा रहा हे। माननीय राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर रालसा द्वारा मई माह का विशेष अनोपचारिक कार्यबल को सशक्त बनाना: चुनोतियो, अधिकार और प्रगति का मार्ग रखा गया हे जिसमे मजदूर को उनके अधिकार के बारे में अवगत कराया जा रहा हे। हमारे समाज में जो विकास हुआ हे, उसका बड़ा हिस्सा श्रमिको की मेहनत और समर्पण का हे। श्रमिक सिर्फ काम नहीं करते, बल्कि वे हमारे जीवन के अहम् हिस्से हे। चाहे वह निर्माण कार्य हो, फैक्ट्रियों में काम हो, सफाई कर्मी हो या किसी और क्षेत्र के श्रमिक, सभी अपने काम में जान डालकर समाज की प्रगति में अपना योगदान देते हे। इस दिन हमें उनके अधिकारों की रक्षा करने और उनके सम्मान को बढाने का संकल्प लेना चाहिए। हम सभी को उनके समर्पण और मेहनत का सम्मान करना चाहिए। शिविर के सफल संचालन में सहाय एकल खिड़की के हेल्प-डेस्क सदस्य, सीएफएआर संस्था कार्यकर्ता और अधिकार मित्र रवि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# वीर हिन्दू आर्मी संस्थापक पंकज वर्मा ने एक बार फिर लावारिस व्यक्ति का वारिस बन हिन्दू रीति रिवाज से किया अंतिम संस्कार

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** बार थाना प्रशासन से प्रवीण सिंह ने पंकज वर्मा को सूचना दी कि एक अज्ञात शव राजकीय अमृतकौर चिकित्सालय की मोर्चरी में 30/04/2025 को रखवाया था जिसकी आज दिन तक कोई शिनाख्त नहीं हुई है इसलिये इस अज्ञात व्यक्ति का अंतिम संस्कार करना है वीर हिन्दू आर्मी से पंकज वर्मा व अमित तोमर व अन्य साथी मोर्चरी पहुंचे और पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव वीर हिन्दू आर्मी को सुपुर्द किया जिसका ब्यावर स्थित हिन्दू सेवा मंडल मुक्तिधाम में शव को ले जाकर हिन्दू रीति रिवाज से अंतिम संस्कार किया गया शव दाह हेतु लकड़िया हिन्दू सेवा मंडल द्वारा निशुल्क दी गई।पंकज वर्मा यह काम 2001 से करते आ रहे है और आज तक सैंकड़ो लावारिस शवों का अंतिम संस्कार कर चुके है संस्था के लोग लावारिस शवों का वैसे ही अंतिम संस्कार करते है जैसे परिवार का कोई अपना करता है कोरोना काल में भी पंकज वर्मा ने समाजसेवा की अनोखी मिसाल पेश की थी। पंकज वर्मा बताते है कि 2001 में कुछ ऐसा देखा जिसने उनकी ज़िंदगी को पूरी तरह बदल दिया बताते हैं कि एक बार श्मशान घाट में एक लावारिस शव के साथ होने वाले बर्ताव को देखा तो उन्हें वो सब देखकर बहुत बुरा लगा उन्होंने बताया उन्होंने जो देखा वो उसे शब्दों में बता पाना मुश्किल है जब उन्होंने अपने साथियों को इस मंजर के बारे में बताया तो उन सभी ने मिलकर अपने स्तर पर लावारिस शवों का अंतिम संस्कार करने का फ़ैसला लिया।

**ऐसे मिलती है अज्ञात शवों के बारे में जानकारी :** लावारिस शवों की जानकारी रेलवे और राजस्थान पुलिस के माध्यम से प्राप्त होती है जिसके बाद उसका विधिवत तरीके से अंतिम संस्कार किया जाता है कई बार इस कार्य के लिए धन की कमी का भी सामना करना पड़ता है मगर इसके लिए श्मशान समितिया व भामाशाह मदद करते हैं। अज्ञात शव के अंतिम संस्कार में पंकज वर्मा सहित अमित तोमर, ललित जीनगर, स्वरूप ढोलवानी, रघुनंदन सिंह व अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# रतवालों का खेड़ा गांव में भगवान शिव परिवार एवं चारभुजानाथ की प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव संपन्न

बढता राजस्थान



**भीलवाड़ा ग्रामीण ( के एम कुरेशी )।** जिले के बनेड़ा राक्षी ग्राम पंचायत के रत वालों का खेड़ा गांव में छह दिवसीय भगवान चारभुजा नाथ और शिव परिवार की प्राण-प्रतिष्ठा एवं कलश स्थापना महोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस आयोजन में अंतर्राष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय के संत श्री निर्मल राम श्रीराम विश्वास की उपस्थिति में मूर्ति स्थापना की गई। इस धार्मिक आयोजन में पंडित रतनलाल शास्त्री, घनश्याम शास्त्री, विकास शास्त्री, सत्यनारायण शास्त्री और हेमराज शास्त्री द्वारा यज्ञ एवं हवन विधिपूर्वक संपन्न कराए गए। पुजारी कानदास और पंडित रतन शास्त्री ने बताया कि पांच दिनों तक यज्ञ में गांववासियों ने आहुतियां दीं और आज दोपहर 12:16 बजे भगवान चारभुजा नाथ, शिव परिवार और कलश की प्रतिष्ठा की गई। विशेष बात यह रही कि गांव में रह रहे पांच मुस्लिम और पांच हिंदू परिवारों ने एकजुट होकर इस आयोजन में सक्रिय सहयोग किया, जिससे सामाजिक समरसता और भाईचारे का अनूठा संदेश समाज को मिला।

# विधानसभा अध्यक्ष देंगे विकास कार्यों की सौगात, कल से अजमेर प्रवास पर

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी 4 से 6 मई तक अजमेर के प्रवास पर रहेंगे। वे कई विकास कार्यों का शुभारंभ करेंगे। श्री देवनानी 4 को अजमेर आएंगे। वे शाम को वार्ड संख्याा 79 व 80 तथा वार्ड 72 में सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ करेंगे। देवनानी 5 मई को राजकीय विद्यालय काजीपुरा में कक्षा कक्ष, वार्ड 63 में सड़क निर्माण तथा पुरानी मंडी व केसरगंज में महिला शौचालय के कार्य का शुभारंभ करेंगे। वे इससे अतिरिक्त भी विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

# आज कोलकाता नाइट राइडर्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच ईडन गार्डन में खेला जायेगा मैच

## स्पिनर मचाएंगे तहलका या जमकर बरसेंगे चौके-छक्के

**नई दिल्ली।**

इंडियन प्रीमियर लीग के 18वें सीजन का 53वां मुकाबला आज कोलकाता नाइट राइडर्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच खेला जाएगा। कोलकाता के ऐतिहासिक ईडन गार्डन स्टेडियम में खेले जाने वाले इस मैच में घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाते हुए जीत की लय बरकरार रखना चाहेगी। केकेआर की टीम इस मैच को जीतकर अपनी प्लेऑफ की उम्मीदों को जिंदा रखना चाहेगी।



### ईडन गार्डन की पिच का हाल

इस सीजन ईडन गार्डन की पिच बल्लेबाजों के लिए फायदेमंद साबित हो रही है। यहां की सतह पर अच्छी उछाल और तेज़ी मौजूद है, जिससे बल्लेबाजों को शॉट खेलने में सुविधा मिलती है। हालिया मुकाबलों में औसत रन रेट करीब 10 रहा है, जो बल्लेबाजी के लिए अनुकूल हालात को दर्शाता है। नई गेंद के साथ तेज गेंदबाजों को शुरुआती ओवरों में स्विंग और बाउंस मिल सकता है, लेकिन गेंद जैसे-जैसे पुरानी होती है, बल्लेबाजी करना आसान हो जाता है। इस मैदान पर लक्ष्य का पीछा करने वाली टीमों को ज़्यादा सफलता मिली है, इसलिए टॉस जीतने वाली टीमें आमतौर पर पहले गेंदबाज़ी करना पसंद करती हैं।

### दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग 11

**कोलकाता नाइट राइडर्स :** अजिंक्य रहाणे (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेट कीपर), सुनील नरेन, वेंकटेश अय्यर, रिंकू सिंह, आंद्रे रसेल, अंगकृष रघुवंशी, वैभव अरोड़ा, हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती, चेतन सकारिया।

**राजस्थान रॉयल्स :** रियान पराग (कप्तान), वैभव सूर्यवंशी, यशस्वी जयसवाल, नीतीश राणा, ध्रुव जुरेल (विकेट कीपर), शिमरॉन हेटमायर, जोफ्रा आर्चर, महेश तीक्ष्णा, आकाश मधवाल, कुमार कार्तिकेय सिंह, क्वेना मफाका।

### कोलकाता के मौसम का हाल

भारतीय मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, आज कोलकाता में अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। दिन के समय तेज गर्मी और उमस महसूस की जा सकती है और मैच दोपहर 3:30 बजे से शुरू होगा, ऐसे में खिलाड़ियों को तेज गर्मी और ऊंची आर्द्रता का सामना करना पड़ सकता है। साथ ही, बारिश की थोड़ी-सी भी बढ़ोतरी मैच के आयोजन में बाधा बन सकती है।

### इस सीजन में पहले भी रद्द हुआ था एक मुकाबला

आईपीएल 2025 में अब तक सिर्फ एक ही मुकाबला रद्द हुआ है और वह भी इसी ईडन गार्डन स्टेडियम में खेला जाना था। पंजाब किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच होने वाला वह मैच बारिश के कारण दूसरी पारी में रद्द हो गया था। यदि केकेआर बनाम राजस्थान मैच भी बारिश की भेंट चढ़ता है, तो यह केकेआर के प्लेऑफ समीकरण को और अधिक जटिल बना देगा।

### कोलकाता नाईट राइडर्स की टीम में होगा बदलाव

इस मुकाबले में कोलकाता नाईट राइडर्स की टीम भी प्लेइंग 11 में कुछ बदलाव करते हुए नजर आ सकती हैं टॉप आर्डर में गुरबाज को मौका मिला था लेकिन वें कुछ ख़ास प्रदर्शन नहीं कर पाए है। इसी वजह से उनकी जगह वापिस से क्विंटन डीकॉक को खिलाया जा सकता हैं। वहीं रोवमन पॉवेल का ज्यादा इस्तेमाल टीम नहीं कर पाई थी जिस वजह से इस मुकाबले में टीम मोईन अली को खिला सकती है क्योंकि ये पिच स्पिनरों के लिए मददगार भी साबित हो सकती हैं। वही इसी वजह से टीम अनुकुल रॉय की जगह वापीस से चेतन साकरिया को खिला सकती हैं।

### मैच के दौरान 40% बारिश की संभावना

आज कोलकाता में हवा की गति लगभग 13 किलोमीटर प्रति घंटा रहने की संभावना है, जबकि आर्द्रता (ह्यूमिडिटी) का स्तर करीब 72% रहेगा। इस मैच में बारिश का साया है। मौसम विभाग के मुताबिक कोलकाता में आज 40 प्रतिशत बारिश की संभावना है। ऐसे में अगर तेज बारिश होती है तो यह मैच भी रद्द हो सकता है।

### अगर मैच रद्द हुआ तो कोलकाता नाइट राइडर्स की प्लेऑफ उम्मीदों पर संकट

कोलकाता नाइट राइडर्स की नजरें इस मुकाबले में जीत दर्ज कर प्लेऑफ की ओर मजबूत कदम बढ़ाने पर हैं। लेकिन अगर यह मैच बारिश के कारण रद्द हो जाता है, तो केकेआर अधिकतम 16 अंकों तक ही पहुंच पाएगा। ऐसे में प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए उसे नेट रन रेट के भरोसे रहना पड़ सकता है, जो स्थिति को बेहद पेचीदा बना देगा।

### हेड टू हेड रिकॉर्ड

कोलकाता नाईट राइडर्स और राजस्थान रॉयल्स इस लीग की सबसे पुरानी टीमों में से एक हैं। केकेआर ने आज तक आईपीएल के इतिहास में कुल 3 खिताब जीते है वहीं राजस्थान रॉयल्स ने पहले सीजन में ही अपना एकमात्र खिताब अपने नाम किया था। दोनों ही टीमों के बीच हेड टू हेड रिकॉर्ड में भी कड़ा मुकाबला देखने को मिला है।

# इंग्लैंड दौरे से पहले भारत के ये स्टार खिलाड़ी चोटिल होकर आईपीएल से हुए बाहर



**नई दिल्ली।**

इस वक्त देखा जाए तो आईपीएल 2025 में दुनिया के तमाम दिग्गज खिलाड़ी शिरकत करते नजर आ रहे हैं जो धीरे-धीरे अब अपनी समाप्ति के ओर आगे बढ़ रहा है। इस लीग के समाप्त होने के बाद टीम इंडिया को अगले महीने इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में हिस्सा लेना है जिससे पहले देखा जाए तो भारत के तीन स्टार खिलाड़ियों ने कोच गौतम गंभीर को बहुत बड़ी टेंशन दे दी है जो इस वक्त चोटिल होकर पूरे आईपीएल से बाहर हो चुके हैं, जिनका इंग्लैंड दौरे पर खेल पाना काफी मुश्किल दिख रहा है।

### संजू सैमसन

आईपीएल 2025 में संजू सैमसन को अपनी चोट से परेशान होते काफी बार देखा गया। इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज के दौरान उनकी तर्जनी में फ्रैक्चर हो गया था जिस कारण वह आईपीएल की शुरुआती मुकाबले नहीं खेल पाए थे। अब 16 अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ एक मुकाबले में उन्हें पेट में खिंचाव आ गया था जिस कारण उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा। यही वजह है कि उनकी फिटनेस इस वक्त मैनेजमेंट के लिए काफी ज्यादा चिंता का विषय है।

### ऋतुराज गायकवाड

आईपीएल 2025 में अपनी कोहनी के चोट के कारण ऋतुराज गायकवाड भी पूरे सीजन से बाहर हो चुके हैं। इसके बाद धोनी को दोबारा से टीम की कमान दी गई। अब माना जा रहा है कि इस खिलाड़ी के चोटिल होने के कारण टीम इंडिया को इंग्लैंड दौरे पर बदलाव करना पड़ सकता है, क्योंकि अभी भी यह खिलाड़ी इतनी जल्द टीम इंडिया में वापसी नहीं कर पाएंगे।

### संदीप शर्मा

राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज संदीप शर्मा भी अपनी चोट के कारण इस सीजन के बचे बाकी के मुकाबले नहीं खेल पाएंगे जिन्होंने 28 अप्रैल को गुजरात टाइटंस के खिलाफ फील्डिंग करते समय अपने आप को चोटिल कर लिया था जिन्होंने 10 मेचो में 9 विकेट लिए थे। यही वजह है कि इस तरह के शानदार खिलाड़ी का चोटिल होना टीम इंडिया के लिए बहुत बड़ा झटका हो सकता है, क्योंकि इन्हें इंग्लैंड दौरे पर शामिल किया जा सकता था जो अब मुमकिन नहीं है।

# मैदान में जमकर हुआ बवाल, अंपायर से दो बार भिड़ गए शुभमन गिल



**नई दिल्ली।**

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 का 51वां मुकाबला गुजरात टाइटन्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला गया। इस हाई-वोल्टेज मैच में ड्रामा और विवाद दोनों देखने को मिले। खासकर गुजरात के कप्तान शुभमन गिल दो बार अंपायर से उलझते नजर आए, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

### पहला विवाद : रनआउट पर भड़के शुभमन गिल

गुजरात की बल्लेबाजी के दौरान 13वें ओवर में एक रनआउट की घटना ने विवाद को जन्म दिया। हैदराबाद के स्पिनर जीशान अंसारी की आखिरी गेंद को जोस बटलर ने लेग साइड में खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद का किनारा लेकर शॉर्ट फाइन लेग की ओर चली गई। शुभमन गिल और बटलर रन के लिए दौड़े, लेकिन फील्डर हर्षल पटेल ने तेजी से गेंद पकड़कर विकेटकीपर हेनरिक क्लासेन की ओर फेंकी। क्लासेन ने गेंद स्टंप पर मारी, लेकिन विवाद इस बात पर था कि बेल्स क्लासेन के दस्तानों से गिरीं या गेंद के लगने से। तीसरे अंपायर माइकल गॉफ ने कई बार रीप्ले देखने के बाद गिल को रनआउट करार दिया। इस फैसले से नाराज़ गिल पवेलियन लौटते समय अपने गुस्से पर काबू नहीं रख सके और बाउंड्री लाइन पर खड़े चौथे अंपायर से बहस करने लगे।

### दूसरा विवाद : अंपायर कॉल को लेकर मचा बवाल

दूसरा विवाद गुजरात की गेंदबाजी के दौरान 14वें ओवर में हुआ, जब प्रसिद्ध कृष्णा की एक फुलटॉस गेंद सीधा हैदराबाद के ओपनर अभिषेक शर्मा के पैड पर जा लगी। गुजरात ने एलबीडब्ल्यू की अपील की, जिसे ऑन-फील्ड अंपायर ने नकार दिया। इसके बाद टीम ने डीआरएस लिया। बॉल ट्रैकिंग में दिखा कि गेंद विकेट को हिट कर रही थी, लेकिन इम्पैक्ट अंपायर्स कॉल था। क्योंकि गेंद लो फुलटॉस थी, इसलिए पिचिंग का कोई पुख्ता सबूत नहीं मिला। नियमों के अनुसार इसे नॉटआउट करार दिया गया। गिल इस फैसले से नाराज़ हो गए और अंपायर से बहस करने लगे। स्थिति को देखकर अभिषेक शर्मा ने उन्हें शांत कराने की कोशिश की।

# गुजरात टाइटंस के साई सुदर्शन ने रचा कीर्तिमान, दिग्गज सचिन तेंदुलकर का तोड़ डाला आईपीएल का बड़ा रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।**

गुजरात टाइटंस के ओपनर साई सुदर्शन ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटंस (जीटी) और सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के बीच खेले गए मैच के दौरान इतिहास रचा। मैच में हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बैटिंग करते हुए साई सुदर्शन और कप्तान शुभमन गिल ने शानदार शुरुआत टीम को दिलाई। स्टार ओपनिंग जोड़ी ने सिर्फ 41 गेंदों में 87 रनों की साझेदारी की। सुदर्शन पावरप्ले के बादजीशान अंसारी की गेंद पर आउट हुए। इस दौरान उन्होंने 23 गेंदों में 48 रनों की पारी खेली, जिसमें नौ चौके शामिल थे। अपनी पारी के दौरान, साई सुदर्शन ने कई उपलब्धियां हासिल की और ऑरेंज कैप हासिल करके रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज करा लिया। साई सुदर्शन ने मैच में टी20 क्रिकेट में अपने 2000 रन पूरे किए और महान सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ा। सुदर्शन ने आईपीएल में 1500 रन और टी20 क्रिकेट में 2000 रन पूरे किए। दोनों ही उपलब्धियों के जरिए उन्होंने रिकॉर्ड बनाए और खेल के सबसे छोटे प्रारूप में अपने करियर की शानदार शुरुआत जारी रखी। सुदर्शन आईपीएल इतिहास में सबसे तेज 1500 रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं और उन्होंने शॉन मार्श का लंबे समय से चला आ रहा रिकॉर्ड तोड़ डाला।

# पंजाब से पिछली हार का हिसाब चुकता करने उतरेगी आज लखनऊ

**नई दिल्ली।**

आईपीएल 2025 में आज शाम 7.30 बजे से पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच धर्मशाला के एसपीसीए स्टेडियम में मुकाबला खेला जाएगा। पंजाब किंग्स जहां श्रेयस अय्यर की अगुवाई में अपने दूसरे होम ग्राउंड पर उतरेगी तो वहीं एलएसजी ऋषभ पंत के नेतृत्व में उतरेगी है। इस सीजन में इन दोनों टीमों के बीच खेले गए पिछले मैच में पंजाब ने लखनऊ को उसके घर में हराया था। ऐसे पंत उस हार का हिसाब चुकता करना चाहेंगे। इस मैच से पहले आपको बताते हैं कि अब तक किसका पलड़ा ज्यादा भारी रहा है

### पंजाब किंग्स बनाम लखनऊ सुपर जायंट्स हेड टू हेड रिकॉर्ड

इंडियन प्रीमियर लीग में पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के हेड टू हेड रिकॉर्ड की बात करें तो अब तक इन दोनों टीमों का आमना-सामना कुल 5 बार हुआ है। जिसमें से एलएसजी ने तीन मैचों में बाजी मारी है तो वहीं पीबीकेएस को सिर्फ दो मैचों में सफलता मिली है। इस तरह हेड टू हेड में लखनऊ को एक मैच की बढ़त हासिल है।

### लखनऊ सुपर जाइंट्स स्क्वाड

एडेन मार्करम, मिचेल मार्श, निकोलस पूरन, ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), डेविड मिलर, आयुष बदोनी, अब्दुल समद, दिग्वेश सिंह राठी, रवि बिश्नोई, आवेश खान, मयंक यादव, प्रिंस यादव, युवराज चौधरी, शाहबाज अहमद, आकाश महाराज सिंह, मैथ्यू ब्रीट्ज़के, हिम्मत सिंह, शार्दुल ठाकुर, मणिमारन सिद्धार्थ, आरएस हंगरगेकर, आकाश दीप, आर्यन जुयाल, अर्शिन कुलकर्णी और शमर जोसेफ।

### पंजाब किंग्स स्क्वाड

प्रियांश आर्य, श्रेयस अय्यर (कप्तान), जोश इंगलिस (विकेटकीपर), नेहल वढेरा, शशांक सिंह, हरप्रीत बराड़, मार्को जेनसन, अजमतुल्लाह उमरजई, सूर्यांश शेडगे, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, प्रभसिमरन सिंह, जेवियर बार्टलेट, प्रवीण दुबे, मुशीर खान, विजयकुमार विशाक, ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टोइनिस, विष्णु विनोद, यश ठाकुर, आरोन हार्डी, कुलदीप सेन, हरनूर सिंह और प्याला अविनाश।

## धर्मशाला में लगेगा रनों का अंबार या गेंदबाज करेंगे कमाल



### धर्मशाला की पिच रिपोर्ट

धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम की पिच रिपोर्ट की बात करें तो यहां खासतौर पर नई गेंद से तेज गेंदबाजों को मदद मिलती है। हालांकि, यहां पहले बल्लेबाजी करने वाली टीमों ने कुछ बड़े स्कोर किए हैं। अगर ऐसा होता है तो रन चेज करने वाली टीम को परेशानी हो सकती है। बता दें कि यहां हाल ही में नई हाइब्रिड पिच बनाई गई है, जिस पर लगातार अच्छा बाउंस मिलता है।



# विराट कोहली ने एक साल बाद टी-20 इंटरनेशनल से रिटायरमेंट पर तोड़ी चुप्पी

**नई दिल्ली।**

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 (आईपीएल 2025) में आरसीबी के लिए स्टार बल्लेबाज विराट कोहली का शानदार प्रदर्शन जारी है। कोहली आरसीबी के लिए इस सीजन में अब तक सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं और वह ऑरेंज कैप की दौड़ में भी शामिल हैं। आईपीएल में शानदार बल्लेबाजी से फैंस का दिल जीतने वाले विराट ने इसी बीच पहली बार अपने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास को लेकर चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने अपने टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर को खत्म करने की जो वजह बताई है, उसे सुनकर आप भी कोहली को सलाम करेंगे।

**पॉडकास्ट में किया खुलासा :** दरअसल, आरसीबी के एक कार्यक्रम में विराट कोहली ने अपने टी20 इंटरनेशनल से रिटायरमेंट पर खुलासा किया है। मशहूर स्पोर्ट्स एंकर मयंती लैंगर ने पॉडकास्ट में जब कोहली से उनके टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास को लेकर सवाल किया तो उन्होंने हैरान कर देने वाला खुलासा किया। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि मेरे लिए चीजें बदली हैं।

**नये प्लेयर्स के लिए खत्म किया अपना टी20 इंटरनेशनल करियर :** कोहली ने कहा कि ये फैसला इसलिए



लिया, क्योंकि मुझे लगा कि प्लेयर्स का नया ग्रुप तैयार है और उनके पास समय भी है। आगामी टी20 वर्ल्ड कप 2026 से पहले नए प्लेयर को ढलने के लिए 2 साल की आवश्यकता है, ताकि वे दबाव झेलना सीख सकें और दुनिया के कई हिस्सों में खेल सकें। टी20 वर्ल्ड कप शुरू होने से पहले वे पर्याप्त मैच खेल पाएंगे।

**कोहली के टी20 इंटरनेशनल करियर पर एक नजर :** बता दें कि विराट कोहली का अन्य फॉर्मेट की तरह टी20 इंटरनेशनल करियर भी काफी शानदार रहा है। कोहली ने क्रिकेट के इस सबसे छोटे फॉर्मेट में कुल 125 मैचों में 4188 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका औसत 48.69 का रहा। इस दौरान उनके बल्ले से 1 शतक और 38 अर्धशतक आए। कोहली भारत की वनडे, चैंपियंस ट्रॉफी और टी20 वर्ल्ड कप विजेता टीम का हिस्सा रहे हैं।

विराट कोहली ने आरसीबी के लिए इस आईपीएल सीजन के 10 मैचों 63.29 के जबरदस्त औसत और 138.87 के स्ट्राइक रेट से 443 रन बनाए हैं। वह टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में पांचवें और आरसीबी के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। अब तक उनके बल्ले से छह अर्धशतक आए हैं, जो टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा हैं।

# बीसीसीआई को मिली चेतावनी : वैभव सूर्यवंशी को सचिन जैसा संभालो, पृथ्वी-कांबली जैसा ना हो जाए हाल



**नई दिल्ली।**

राजस्थान रॉयल्स के युवा क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी आईपीएल 2025 में धूम मचा रहे हैं। 14 साल के वैभव ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में सिर्फ 35 गेंदों पर शतक जड़ा था। इस शतक के साथ वैभव आईपीएल में सबसे तेज शतक जड़ने वाले भारतीय बल्लेबाज बने थे। बेहद ही छोटी उम्र में वैभव ने जो अपनी पहचान बना ली है, उसकी हर कोई तारीफ कर रहा हैं। इस बीच भारत के पूर्व कोच ग्रेग चैपल ने बीसीसीआई को वैभव को सचिन की तरह संभालकर रखने की सलाह दी है और पृथ्वी-विनोद कांबली जैसा हाल ना हो जाए इसको लेकर उन्हें चेतावनी दी।

**ग्रेग चैपल ने बीसीसीआई को दी वॉर्निंग :** दरअसल,भारतीय टीम के पूर्व कोच ग्रेग चैपल ने बीसीसीआई को चेतावनी दी है कि वह वैभव सूर्यवंशी को संभालकर रखें। उन्होंने सचिन तेंदुलकर, विनोद कांबली और पृथ्वी शॉ का उदाहरण देते हुए कहा है कि वैभव को सही तरीके से संभालना होगा। नहीं तो, उनका करियर भी बर्बाद हो सकता है।

**अपने कॉलम में ग्रेग ने लिखा :** सचिन तेंदुलकर ने सिर्फ प्रतिभा के कारण ही सफलता नहीं पाई, बल्कि एक मजबूत सपोर्ट सिस्टम की वजह से भी सफलता पाई। एक शांत स्वभाव, एक बुद्धिमान कोच, एक परिवार ने उन्हें दुनियाभर से बचाया। दूसरी ओर, विनोद कांबली, जो उतने ही प्रतिभाशाली और शायद ज्यादा तेजतर्रार थे, लेकिन वे शोहरत और अनुशासन के बीच संतुलन नहीं बना पाए। उनका पतन भी उतनी ही तेजी से हुआ, जितनी तेजी से वे ऊपर उठे थे। पृथ्वी शॉ भी एक ऐसे ही खिलाड़ी हैं। जो अभी गिर गए हैं। लेकिन, शायद वे फिर से उठ खड़े हों। चैपल ने कहा कि प्रतिभा का सही मार्गदर्शन और सुरक्षा वैभव को मिलनी चाहिए। उसे सिर्फ मार्केटिंग के लिए इस्तेमाल नहीं करना चाहिए।

गुणों से ही व्यक्ति की असली पहचान होती है, गुणी व्यक्ति सब जगह अपना आदर करा लेता है।
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# 'काम नहीं करने वाले अधिकारी को 48-डिग्री में दौड़ लगवाऊंगा'

## डॉ. किरोड़ी बोले- मुरारी के कारण मैं 9 महीने यूं ही घूमता रहा, इस्तीफा दिलवा दिया, वनवास था

बढ़ता राजस्थान

**दौसा।** कैबिनेट मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा एक बार एक्टिव मोड में दिखाई दिए। उन्होंने एक कार्यक्रम में कहा- दौसा में किसी भी विभाग में कोई गड़बड़ घोटाला हो, जनता को योजनाओं का फायदा नहीं मिले, अधिकारी काम नहीं करें तो मेरी जानकारी में लाओ। अधिकारी को 48 डिग्री तापमान में दौड़ लगवाने की जिम्मेदारी मेरी है। गड़बड़ी करने वाले 4 अधिकारियों को सस्पेंड कर चुका हूं।

दरअसल, डॉ. किरोड़ी शनिवार को दौसा में जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता ऑफिस का उद्घाटन करने पहुंचे थे। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा- पूर्व सीएम अशोक गहलोत की ईमानदारी पर किसी प्रकार का प्रश्नचिन्ह नहीं लगाना चाहता, लेकिन यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि तैयारी करने वाले बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ किया गया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन में 18 में 17 पेपर लीक हो गए थे, लेकिन भजनलाल सरकार के सवा साल के कार्यकाल में कई परीक्षाएं हो गई। एक भी पेपर लीक करने की हिम्मत किसी की नहीं हुई। हमने आरपीएससी और माध्यमिक शिक्षा बोर्ड को झकझोर कर रख दिया। उन्होंने कहा कि जयपुर- आगरा हाईवे पर कानोता, बस्सी, दौसा, मानपुर, बालाजी मोड पर फ्लाईओवर और पुलिस लाइन चौराहे पर अंडरपास बनने से सुविधा मिलेगी। इसके लिए बजट गहलोत सरकार को देना चाहिए था, लेकिन उनकी सरकार में सब लीक हो गया था। उनकी सरकार में पेपर, परीक्षा, पानी सब लीक हो गया था।

### मुरारीलाल मीणा के चक्कर में मुझे इस्तीफा देना पड़ा

कैबिनेट मंत्री ने कहा- डेढ़ महीने से कृषि विभाग की योजनाओं की समीक्षा कर रहा हूं। 9 महीने तक तो मैं यूं ही घूमता रहा, उसे चाहे अवकाश ही मान लो। उन्होंने मजाकिया लहजे में कहा- सांसद मुरारीलाल मीणा के चक्कर में मुझे इस्तीफा देना पड़ा। अगले ने इस्तीफा भी दिलवा दिया और 9 महीने का वनवास भी करा दिया। लेकिन अब मैं भरोसा देना चाहता हूं कि किसानों की योजनाओं में किसी प्रकार का लीकेज नहीं होगा और किसानों को लाभ मिलेगा।

### 1200 करोड का  घोटाला होने से बचाया

मनरेगा में गड़बड़ी रोकने के लिए एक पोर्टल बनाया है, जिसके जरिए 1200 करोड रुपए बचा लिए, मतलब 1200 करोड का घोटाला होने से बचा लिया। योजनाओं को सही तरीके से लागू कर भ्रष्टाचार रोकना हम सबकी जिम्मेदारी है। यदि योजनाओं में कहीं कोई कमी हो तो आवाज उठाओ। यदि दौसा में किसी भी विभाग में कोई गड़बड़ घोटाला हो, जनता को योजनाओं का फायदा नहीं मिले, अधिकारी काम नहीं करें तो मेरी जानकारी में लाओ। अधिकारी को 48 डिग्री तापमान में दौड़ लगवाने की जिम्मेदारी मेरी है। गड़बड़ी करने वाले 4 अधिकारियों को सस्पेंड कर चुका हूं।



### एक समाज के बच्चे मुझे बहुत गालियां देते है

**दौसा विधायक दीनदयाल बैरवा को बधाई देते हुए कहा- मैं 45 साल से राजनीति कर रहा हूं, लेकिन कोई एक जाति के आधार पर आप राजनीति में लंबे नहीं चल सकते। सभी जाति-समाज को साथ लेकर चलना है। चुनाव जीतने के बाद सबके लिए काम करना चाहिए। नांगल राजावतान क्षेत्र के एक बच्चे का वीडियो बार-बार वायरल किया जाता है, जो पहले विधायक की गैंग में था। मैं भरोसा देना चाहता हूं कि कोई भी व्यक्ति ऐसी भाषा बोलेगा, तो वह मेरा दुश्मन है। मैं तो ऐसी बातों पर कभी ध्यान ही नहीं देता, जबकि एक समाज के बच्चे मुझे बहुत गालियां देते हैं।**

### सांसद के भांजे की बहू को मलारना लगवाया

राज बदलने के बाद अधिकारियों को बदलना जरूरी होता है। सांसद मुरारीलाल ने कहा- मेरे भांजे की बहू को मलारना डूंगर लगवा दो तो मैंने उसे वहां लगवा दिया। फिर सांसद ने लालसोट विधायक को कहकर भांजे की बहू को लालसोट क्षेत्र में लगवा लिया। लेकिन पिछले शासन में भारी भेदभाव करने वाले अधिकारियों को तो नहीं छोडा जाएगा। चुनाव के दौरान लोगों ने भ्रम फैलाया कि किरोड़ीलाल और मुरारीलाल मीणा तो एक हैं, जबकि सब नेता अपनी पार्टी के लिए काम करते हैं। मैं कभी जाति की बात नहीं करता, क्योंकि मैं संघ की शाखा में खेला-कूदा हूं, जहां कभी जाति की बात ही नहीं होती।

### सपने में नहीं सोचा था चंबल का पानी आएगा

दौसा समेत पूरे प्रदेश में पेयजल की विकट समस्या बनी हुई है। जहां भी जाते हैं, लोगों की पहली मांग पानी को लेकर ही होती है। ईआरसीपी-पीकेसी योजना से प्रदेश के 20 जिलों में पानी पहुंचेगा, इसके लिए पीएम नरेंद्र मोदी ने 67 हजार करोड की स्वीकृति दी है। चंबल यहां से बहुत दूर है और सपने में भी नहीं सोच सकते थे कि चंबल का पानी दौसा आ जाएगा। साल 2009 में सांसद बनने के बाद 2010 में ईसरदा के पानी की मांग को लेकर बड़ा आंदोलन किया था। इसके बाद क्रियान्विति हुई।

### ईआरसीपी में नई सरकार ने सभी बांधों को जोड़ा

ईआरसीपी से जिलों के 2 लाख हैक्टेयर क्षेत्र को पानी मिलेगा। ईआरसीपी में जिले का एक भी बांध नहीं जोड़ा गया था, लेकिन नई सरकार ने सभी बांधों को जोड़ दिया है। सांसद को कहूंगा कि चांदराना बांध में भरपूर पानी भरकर बाणगंगा में छोड़ दिया जाए तो भरतपुर तक नदी किनारे के गांवों का जल स्तर बढेगा।

## ऑस्ट्रेलिया चुनाव में लेबर पार्टी जीती, फिर पीएम बनेंगे अल्बनीज

### 21 साल में दूसरी बार प्रधानमंत्री बनने वाले पहले नेता

बढ़ता राजस्थान



**कैनबरा ( एजेंसी )।** ऑस्ट्रेलिया में लेबर पार्टी दोबारा चुनाव गई है। चुनाव आयोग के मुताबिक अब तक 47% वोटों की गिनती हो चुकी है। लेबर पार्टी को 87 सीटों पर जीत हासिल हुई है, वहीं विपक्षी लिबरल-नेशनल गठबंधन 33 सीटों पर जीती है। चुनाव जीतने के लिए 76 सीटों की जरूरत होती है। एंथनी अल्बनीज एक बार फिर से प्रधानमंत्री बनेंगे। 21 साल में वह ऐसा करने वाले पहले पीएम बन गए हैं। इसे पहले 2004 में लिबरल पार्टी के जॉन हावर्ड लगातार दूसरी बार चुनाव जीते थे। वहीं, विपक्षी लिबरल-नेशनल गठबंधन ने हार मान ली है। विपक्षी नेता पीटर डटन ने चुनाव में हार स्वीकार करते हुए कहा, हमने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया, मैं इसके लिए पूरी जिम्मेदारी स्वीकार करता हूं। ऑस्ट्रेलिया में 3 साल पर होते हैं चुनाव ऑस्ट्रेलिया में 3 साल पर चुनाव होते हैं। देश में 28 मार्च 2025 को संसद भंग कर दी गई थी, जिसके बाद सरकार केयरटेकर मोड में चली गई थी। इसके बाद 22 से 30 अप्रैल तक पोस्टल वोटिंग की गई।

## एसबीआई एक शेयर पर 15.90 रुपए डिविडेंड देगा

### चौथी तिमाही में बैंक का मुनाफा 10% कम हुआ, आमदनी 12% बढ़कर 1.44 लाख करोड़ रही

बढ़ता राजस्थान

**मुंबई ( एजेंसी )।** देश का सबसे बड़ा सरकारी बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शेयरधारकों को प्रति शेयर 15.90 रुपए का डिविडेंड यानी लाभांश देगा। बैंक ने यह जानकारी शनिवार को वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही के नतीजों के साथ दी। बैंक ने बताया जनवरी-मार्च तिमाही में उसे 18,643 करोड़ रुपए का शुद्ध मुनाफा (स्टैंड अलोन नेट प्रॉफिट) हुआ है। हालांकि, सालाना आधार पर इसमें 10% की कमी आई है। जनवरी-मार्च तिमाही में बैंक की टोटल इनकम सालाना आधार पर 12.04% बढ़कर 1,43,876 करोड़ रुपए रही। पिछले साल की समान तिमाही में यह 1,28,412 करोड़ रुपए रही थी। वहीं, पिछली तिमाही के मुकाबले यह 11.99% ज्यादा रही।

नेट इंटरेस्ट इनकम 8% बढ़ी-जनवरी-मार्च तिमाही में एसबीआई की नेट इंटरेस्ट इनकम यानी शुद्ध ब्याज आय सालाना आधार पर 8% बढ़कर 1,19,666 करोड़ रुपए रही। पिछले साल की समान तिमाही में ये 1,11,043 करोड़ रुपए रही थी। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में यह 1,17,427 करोड़ रुपए रही थी। तिमाही आधार पर यह 2% बढ़ी है।

## कांग्रेस बोली- मोदी मणिपुर से दूरी बनाए हुए हैं

### शाह स्थिति संभालने में विफल; राज्य में हिंसा के 2 साल पूरे, 3 महीने से राष्ट्रपति शासन

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली/इम्फाल ( एजेंसी )।** मणिपुर में दो समुदायों के बीच हिंसा के  3 मई दो साल पूरे हो गए। इसको लेकर कांग्रेस ने भाजपा पर निशाना साधा। कांग्रेस ने कहा, पीएम मोदी मणिपुर से दूरी बनाए हुए हैं। गृह मंत्री अमित शाह राज्य की स्थिति संभालने में विफल साबित हुए हैं। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा- मणिपुर में 13 फरवरी से राष्ट्रपति शासन जारी है, लेकिन मौजूदा विधानसभा भंग नहीं, सिर्फ निलंबित है। कई नागरिक संगठन इसके विरोध में हैं। सियासी ताकत पूर्व ष्टरूवीरेन सिंह के हाथ में है, क्योंकि यहां भाजपा बिखरी हुई है। 3 मई 2023 को कुकी-मैतेई समुदाय के बीच संघर्ष शुरू हुआ था, जो आज भी जारी है। इन दो सालों में 300 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। 1500 से ज्यादा घायल हुए। 70 हजार से ज्यादा लोग विस्थापित हैं। 6 हजार से ज्यादा एफआईआर दर्ज हुई हैं। शनिवार को मैतेई नियंत्रित इम्फाल घाटी में मैतेई समूह समन्वय समिति मणिपुर अखंडता और जोमी छात्र संघ, कुकी छात्र संगठन ने पहाड़ी जिलों में बंद बुलाया। इस दौरान पूरे राज्य में सभी स्कूल-कॉलेज, सरकारी कार्यालय और दूसरे संस्थान बंद रहे। कुकी समुदाय आज के दिन को डे ऑफ आइसोलेशन के रूप में मनाया।

## पहलगाम हमले के 6 संदिग्धों की कोलंबो एयरपोर्ट पर तलाश

बढ़ता राजस्थान

**पहलगाम/नई दिल्ली।** भारतीय एजेंसियों के इनपुट के बाद श्रीलंका के बंडारानायके इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर शनिवार को सर्च ऑपरेशन चलाया गया। बताया गया कि पहलगाम आतंकी हमले से जुड़े 6 संदिग्ध चेन्नई से श्रीलंकन एयरलाइंस की उड़ान से कोलंबो पहुंचे। एजेंसियों को इनके प्लेन में सवार होने की सूचना मिली थी। उधर, भारत ने पाकिस्तान से डायरेक्ट और इनडायरेक्ट आयात पर बैन लगा दिया है। सरकार ने इस फैसले का नोटिफिकेशन भी जारी किया है।




## नई शिक्षा नीति पर कार्यशाला आयोजित : भारत ज्ञान परंपरा में आरम्भ से ही समृद्ध रहा है - राज्यपाल


बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने शनिवार को महाराष्ट्र के जालना जिले में जन जागृति संस्थान एवं विद्या भारती द्वारा आयोजित राष्ट्रीय शिक्षा नीति की क्रियान्वयन से संबंधित कार्यशाला में भाग लिया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति को प्रभावी रूप में लागू करने के लिए शिक्षक और शिक्षण संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने नई शिक्षा नीति के अंतर्गत भारतीय ज्ञान परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि प्राचीन काल से ही विज्ञान, कला, साहित्य और सांस्कृतिक क्षेत्र में भारत अत्यधिक संपन्न रहा है। उन्होंने भारतीय ज्ञान को नष्ट करने के लिए नालंदा विश्वविद्यालय में बख्तियार खिलजी द्वारा लगाई गई आग का उल्लेख करते हुए कहा कि विदेशी आक्रांताओं द्वारा भारतीय ज्ञान को नष्ट करने के निरंतर प्रयास होते रहे हैं। पर विचारों को नष्ट नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति विकसित भारत के साथ भारत को फिर से विश्व गुरु बनाने के लिए महत्वपूर्ण है।

## सीतारमण ने जातिगत गणना का श्रेय लेने पर तमिलनाडु सरकार को घेरा

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सरकार के इस दावे को खारिज कर दिया कि जनगणना में जातिगत गणना को शामिल करने का केंद्र का निर्णय "कड़े परिश्रम से हासिल जीत" है। साथ ही सीतारमण ने इस कदम का "राजनीतिक लाभ उठाने का प्रयास" करने के लिए तमिलनाडु की सत्तारूढ़ पार्टी की आलोचना की। सीतारमण ने शुक्रवार को यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने जातिगत गणना को मंजूरी दे दी है और इस अभ्यास के जरिए जुटाए जाने वाले आंकड़ों से सरकार समाज के गरीब और हाशिए पर पड़े वर्गों की बेहतर मदद कर सकेगी। वित्त मंत्री ने द्रमुक शासन में राज्य के एक गांव में हुई एक घटना का भी हवाला दिया, जहां कथित तौर पर पेयजल में मानव मल-मूत्र मिला हुआ पाया गया था। सीतारमण ने कहा, "उनका (द्रमुक) कहना है कि उत्तर भारत के कुछ राज्य पिछड़े हुए हैं लेकिन ऐसे राज्यों में भी इस तरह की घटनाएं नहीं हुई हैं। इसलिए, द्रमुक के इस तर्क में कोई दम नहीं है कि आगामी जनगणना में जातिगत गणना को शामिल करने का केंद्र का फैसले उनकी जीत है।"

## पीएम से मिले जम्मू-कश्मीर सीएम उमर अब्दुल्ला

### पहलगाम हमले के बाद यह पहली मुलाकात

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** जम्मू एवं कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शनिवार को दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और पिछले सप्ताह पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के बाद दोनों नेताओं के बीच यह पहली बैठक है जिसमें 26 लोग मारे गए थे, जिनमें अधिकतर पर्यटक थे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास पर बैठक करीब 30 मिनट तक चली।

आतंकी हमले के बाद, भारत ने सीमा पार आतंकवाद को पाकिस्तान के समर्थन के जवाब में कई उपायों की घोषणा की। इनमें सिंधु जल संधि को निलंबित करना, अटारी में एकीकृत चेक पोस्ट को बंद करना और उच्चायोगों के कर्मचारियों की संख्या कम करना शामिल है। भारत सरकार ने पाकिस्तानी नागरिकों को दिए गए सभी प्रकार के वीजा रद्द कर दिए और उन्हें 30 अप्रैल तक देश छोड़ने का आदेश दिया। भारत ने पाकिस्तानी एयरलाइनों द्वारा संचालित उड़ानों के लिए अपना हवाई क्षेत्र भी बंद कर दिया। जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान ने भारत के साथ सभी तरह के व्यापार को निलंबित करने की घोषणा की, जिसमें पाकिस्तान के माध्यम से किसी तीसरे देश के साथ व्यापार भी शामिल है और भारतीय एयरलाइनों को अपने हवाई क्षेत्र का उपयोग करने से रोक दिया। पाकिस्तानी सेना लगातार आठवें दिन भी सीमा पर संघर्ष विराम का उल्लंघन कर रही है, जम्मू-कश्मीर के पांच जिलों में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर छोटे हथियारों से गोलीबारी कर रही है।


# बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com


## एसएमएस स्टेडियम का बदलेगा स्वरूप : खेलमंत्री राज्यवर्धन

### ग्रास-लाइट चेंज करने के साथ 50 हजार तक ले जाएंगे सीटिंग कैपेसिटी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम को फिर से डेवलप किया जाएगा। खेल मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि फिलहाल स्टेडियम की सिटिंग कैपेसिटी काफी कम है। ऐसे में योजनाबद्ध तरीके से हर साल स्टेडियम की सीटिंग कैपेसिटी को बढ़ाया जाएगा। वहीं, अगले साल इंडियन प्रीमियर लीग के मुकाबले से पहले तक स्टेडियम की ग्रास और लाइट्स में भी बदलाव किए जाएंगे।

खेल मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा- इस बार हमने सवाई मानसिंह स्टेडियम के साउथ पवेलियन को रिनोवेट किया है। लगभग साढ़े 12 करोड़ रुपए की लागत से यह काम किया गया है। इससे वहां एक हजार लोगों के बैठने की सिटिंग कैपेसिटी भी डेवलप की गई है। जो काफी शानदार है। उन्होंने कहा कि मौजूदा वक्त में सवाई मानसिंह स्टेडियम की सिटिंग कैपेसिटी सिर्फ 18 हजार है। जिसे इंडियन प्रीमियर लीग के मुकाबले के दौरान टेंपरेरी बेसिस पर पांच से सात हजार तक बढ़ाकर 25 हजार तक ले जाया जाता है।

**सिटिंग कैपेसिटी को बढ़ाने का काम करेंगे**-अब हमारा इरादा पूरे स्टेडियम की सिटिंग कैपेसिटी को बढ़ाने का है। इसके लिए हम हर साल स्टेडियम के अलग-अलग ब्लॉक की सिटिंग कैपेसिटी को बढ़ाने का काम करेंगे। ताकि दर्शकों को और बेहतर सुविधाएं मिल सके, क्रिकेट भी नहीं रुके और स्टेडियम की सिटिंग कैपेसिटी भी आसानी से बढ़ जाए।

